CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

1328

6-4

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

.A.	...	...	...		$ 1
.	...	...	...	sh.	10
a.	...	...	...	Rs.	5.00
.U.	...	...	...	Rs.	3.00

RULES

The "Prajñā", shall, so far as possible, be published twice a year : one issue immediately after the Dipawali, the other immediately before the Holi.

All subscriptions should be sent to the Assistant Editor, "Prajñā", B.H.U. Journal, Varanasi-5.

A ... B.H.U. c ... before ... he next s ... July 30

A ... p paper ... r more ... original ... ff-prints

... tained.

वर्ग संख्या................ प्राप्ति-संख्या....................
ग्रन्थ-कार्ड
श्री गणेश वर्णी दि० जैन (शोध) संस्थान
ग्रन्थागार
नरिया, वाराणसी-५
ग्रन्थ नाम प्रज्ञा (मार्च वर्ष ६८)
लेखक..

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रज्ञा

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय पत्रिका

अंक १३ भाग (२) मार्च १९६८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सम्पादक-मण्डल

डॉ० नन्दलाल सिंह
विभागाध्यक्ष, स्पेक्ट्रास्कापी (संयोजक)

डॉ० ब्रजमोहन
प्रधानाचार्य, केन्द्रीय महाविद्यालय

डॉ० अवधकिशोर नारायण
प्रधानाचार्य, भारती महाविद्यालय

कालेज सम्पादक

१. पं० अम्बिकादत्त उपाध्याय—हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग, संस्कृत महाविद्यालय
२. कु० वी० एस० देवधर—महिला महाविद्यालय
३. डॉ० विजय शंकर मल्ल—हिन्दी विभाग, केन्द्रीय महाविद्यालय
४. डॉ० एन० के० देवराज—निदेशक, दर्शनशास्त्रीय उच्चाध्ययन केन्द्र
५. डॉ० विष्णुदत्त शुक्ल—भौमिकी विभाग, विज्ञान महाविद्यालय
६. पं० रमापति शुक्ल—शिक्षा विभाग, टीचर्स ट्रेनिंग महाविद्यालय
७. डॉ० लालमणि मिश्र—वाद्य संगीत, श्री कला संगीत भारती महाविद्यालय
८. श्री पी० एन० कौल—पुस्तकालयाध्यक्ष, सयाजीराव ग्रंथालय

सह-सम्पादक

गिरिजाशंकर सिंह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

श्री गणेश वर्णी दि. जैन (शोध) संस्थान
पुस्तक सं० ९३२८
दिनांक ....
नरिया, (का. हि. वि.) वाराणसी-५

विषय सूची

१. सन्तजीवनदर्शनम्
—आचार्य डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी १

२. अश्वत्थ
—(स्व०) म० म० पं० गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ... ५

३. सर्वोपनिषदो गावः
—महेश चन्द्र जोशी ८

४. दोहद
—राधाकान्त ओझा २५

५. प्रजनन का जैव नियंत्रण
—सुश्री अरुणा कुलश्रेष्ठ २९

६. दलरहित लोकतंत्र
—केदारनाथ सिंह ४१

७. दीमक
—सुश्री रंजना आनन्द ४७

८. मालवीयशतकम्
—रतिनाथ झा ५२

9. Creativity in Man
—Dr. N. K. Devaraja 60

10. Essential of a Good Teacher
—B. G. Ghanekar 67

11. Psychosomatic Discipline : An Indian Approach
—Dr. Padma Agrawal 75

१२. भारत की स्वतंत्रता के लिए महामना के अनुष्ठान
—पं० विश्वनाथ शास्त्री ८५

१३. प्रभाकर-सम्प्रदायः
—डॉ० गजानन शास्त्री मुसलगाँवकर ९३

14. Dramatic Irony (पताकास्थानक) and its Varieties
—Dr. R. P. Dubey 96

१५. यज्ञीयपशुविमर्शः
—रामप्रपन्न शर्मा १०५

१६. रसों की सुख-दुःखरूपता
—डॉ० शिवनाथ शर्मा पाण्डेय ११३

१७. इलेक्ट्रान की खोज
—डॉ० श्रवण कुमार तिवारी ११९

18. The claim of Reason in human Affairs
—Ramesh Chandra Sinha 126

19. T.S. Eliot on Spiritual Chaos
—S. N. Pandey 138

हि० ५०७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

20. Development of Ahiṁsā in the Vedic Tradition
—Dr. B. N. Sinha 145

२१. समाचार-पत्र : स्थिति, महत्व एवं मूल्यांकन
—गिरिजा शंकर सिंह १५९

२२. राष्ट्रीय एकता तथा विश्वविद्यालयों का उत्तरदायित्व
—सूर्यनाथ सिंह १६४

२३. अपभ्रंश के प्रथम महाकवि—चतुर्मुख
—सोमेश्वर सिंह १६९

२४. अभिवादन
—शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी १७९

२५. दूध
—डॉ० देवनारायण पाण्डेय १८४

26. Geophysics in Oil Exploration
—A. K. Ghosh 188

27. Basic Problems of Under-developed Economies
—S. C. Srivastava 198

28. Language Laboratory
—S. Kurl 206

२९. वस्त्रउद्योग के कृत्रिम रेशे
—डॉ० विश्वम्भर नाथ त्रिवेदी २११

३०. गुरु और शिष्य का संबंध
—पं० चन्द्रबली त्रिपाठी २१७

31. Planning in India
—S. P. N. Singh 220

32. Language of Kharosthi Inscriptions from Chinese Turkestan
—T. R. Sharma 231

३३. पूंजी-निर्गमन की प्रवृत्तियाँ
—डॉ० कृष्णमोहन उपाध्याय २३९

34. Strategy of Modern Agriculture
—D. S. Makhan 254

35. An Approach towards Science Libraries in India
—S. D. Bhardwaj 261

36. Deficit Financing and Under-developed Countries
—R. A. Singh 268

37. भाषा-संगम
—डॉ० नन्दलाल सिंह २८४

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सन्तजीवनदर्शनम्

आचार्य डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

अपभ्रंश कालत एव शतृ-मतुप्प्रत्ययान्ताः संस्कृतशब्दा अन्तान्ता बभवुः—हसन्त-सन्त-भगवन्त-हनुमन्तादिवत्। त एवापभ्रंशशब्दाः हिन्दीभाषायामपि गृहीताः रिक्थभूताः। 'सन्त'शब्दोऽपि 'सत्' शब्दस्य अपभ्रंशरूप एव काञ्चिदर्थपरिवृतिं प्राप्य सामान्येन शील-विनयसम्पन्ने साधुपुरुषे, विशेषतश्च भगवदर्पितात्मनि भक्तजने सङ्केतितो जातः। साम्प्र-तिके च कालेऽयमेव 'सन्त'शब्दोऽर्थसङ्कोचमुपलभ्य निर्गुणभक्तिमार्गप्रवृत्तानां नामदेव-कबीर-रविदास-नानक-दादूप्रभृतीनां भगवद्भजनमेव चरमचारितार्थ्यं मन्वानानां भक्तानामर्थे रूढः सञ्जातः। एते हि भक्ताः स्वसंवेद्यं ज्ञानमेव परं प्रमाणम्, न पुनः श्रुति-स्मृति-पुराणप्रथिता-न्याप्तवाक्यानीति वदन्ति। नैते श्रद्दधति तीर्थस्नानव्रतानुष्ठानयज्ञयागादिकर्मजातम्। बहुमान-यन्ति हि सत्यतपोब्रह्मचर्यशमदमतितिक्षार्जवप्रभतीन् सनातनधर्मान्, अवमानयन्ति च भगवद्भजनान्तरायभूतानि भोगवृत्तिवर्धनानि मद्यमांससेवनानि, मिथ्याचारभूतानि सिद्ध्यादि-चमत्कारप्रदर्शनानि, असंयतविलासमयान्याचरितानि। एतेषां लोकभाषानिबद्धा वाचो निरलङ्कारा अपि सहृदयजनप्रीतिभाजोऽभवन्, सहजमानवधर्मप्रतिपादनसामर्थ्यात्, निसर्ग-सौन्दर्यप्रकाशनक्षमत्वात्, भगवत्प्रेमप्रख्यापनयोग्यत्वाच्च। नेमा वाचो क्रमबद्धतर्कयुक्तिमूलां पूर्वपक्षोत्तरपक्षनिर्णयादिपरां शास्त्रसरणिमनुसरन्तीं दर्शनशब्दप्रकाश्यां पदवीमधिरोहन्ति; भगवद्भजनैकलक्ष्याम्, रागवर्जितां सहजमानवधर्मप्रख्यापिनीं शीलविनयसदाचारप्रवणामकुतोभयां समग्रां जीवनदृष्टिं तु दर्शयन्त्येव। आसां निष्कलुषहृदयसमुच्छ्रितानां वाचां महिमा तु तत्कालीन-सामाजिकपरिस्थितिसन्दर्भ एव सम्यगवगन्तुं शक्यते। अत एव स एव सन्दर्भः संक्षेपतोऽत्र स्पष्टीक्रियते।

वैक्रमाब्दस्य चतुर्दशशतकादनन्तरमेव 'सन्त' इति नाम्ना प्रसिद्धानां निर्गुणमतानु-सारिणामेषां भक्तानां स्पष्टतरः प्रभावो दरीदृश्यते। तत्कालीनजनचेतसि प्रभावमुत्पादयद्भ्यो-निर्गुणब्रह्मवादिभ्यो नाथमतानुयायिभ्य एषां साधनगतं साध्यगतं च पार्थक्यमासीत्। ते हि भक्तिमार्गं न तथा श्रद्दधति स्म यथा एते सन्तपदवाच्या महात्मानः। अत एव सत्यपि निर्गुणमेवोपास्यत्वेन समादृते, व्यावर्तते खलु भक्तिभावना सन्तानिमान् ज्ञानबद्धदृष्टिभ्यो योगिभ्यः।

इतः पूर्वमस्मिन् देशे इस्लामाख्यस्य 'मजहब'रूपस्य धर्ममतस्य प्रवेशादननुभूतपूर्वः कश्चित् सांस्कृतिको द्वन्द्वः प्रादुरासीत्। ततोऽपि पूर्वं तु बह्व्यः शकहूणादयो जातयः प्राविशन्नस्मिन् देशे देशान्तरेभ्यः। कमप्यल्पकालीनं समाजसंक्षोभं जनयन्त्योऽपीमा जातयः कालक्रमेण वर्णव्यवस्थायामेव स्वगुणकर्मानुरूपं किमपि स्थानमध्यकुर्वन्; स्वकीयं वैशिष्ट्यं रक्षमाणा अपीमा जातयो विशालतराया महाजातेरेवाङ्गतां प्रापुः। इस्लाममतानुयायिनस्तु न तथाविधं विलयमङ्गीचक्रुः। तेषां हि सुसंघटितं स्वाधीनं सुदृढं धर्ममतं न केवलं वर्णव्यवस्था-मवामानयत्, अपि तु आक्रामकमपि सञ्जातम्। अत्र हि भारते कस्याश्चिज्जातेः शनैः शनैः संस्कारं स्वेच्छया स्ववैशिष्ट्यरक्षणपूर्वकं वेदविहितसनातनधर्माङ्गीकरणं ज्ञातमासीद्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भारतीयानाम्, न पुनर्व्यक्तिविशेषस्य स्वजातिवैशिष्ट्यत्यागपूर्वकमन्यधर्माङ्गीकरणम्। इस्लामधर्मानुयायिनां तावदन्यमतावलम्बिव्यक्तिनिगरणोत्साहोऽदृष्टश्रुतपूर्वश्चासीदत्रत्यानाम्, एते हि इस्लाममतानुयायिनः चिरकालसम्मानितानां देवमन्दिराणां देवप्रतिमानां च विध्वंसनं विकृतकरणं च महत्पुण्यप्रदमिति सोत्साहं सोल्लासं च मन्यन्ते स्म। नानाजातिविभक्ते समाजे, नूतनचिन्तापराङ्मुखे विज्ञजने, शिथिलितराजशक्तौ राजन्यजने, टीकामात्रैकप्रयासपरायणे विद्वज्जने, निर्वापिततेजसि भारतीये समाजे काऽपि सङ्कोचनशीला कुण्ठितावगुण्ठिता च प्रवृत्तिः प्रादुर्बभूव। हृतदर्पे मानहीने चास्मिन् समाजे सन्ता इमे नवतरामाशां सञ्चारयामासुः। सारग्राहिण इमे भक्ता भगवद्भजनान्तरायभूतानि सर्वाण्येव मिथ्याचाराणि वर्जयन्तः सहजमानवधर्ममहिमानमुज्जुघुषुः प्रस्तूय च इस्लामसमानान्तरामपि सहजतरां समाजव्यवस्थाम्, गृहीत्वा च भारतीयपरम्पराप्रथितं सारभूतमध्यात्मसत्यम्, समुपदिश्य च सत्याचरणं वर्णव्यवस्थाया निम्नस्तरे विद्यमानानां लोकानां चेतसि सुप्रतिष्ठां हीनताग्रन्थिं सर्वथा चिच्छिदुः। एते खलु महाभागा लोकचेतस्यभिनवां कामपि जीवनदृष्टिं सविवेकं प्रतिष्ठापयितुमयतन्। महानयमासीद् आशाविश्वासजनकः प्रयत्नः। सद्भावकृतं प्रयत्नमेव महिमानमाख्यपयति प्रयतताम्, न पुनः साफल्यम्। एतेषां सहजधर्मप्रतिष्ठापनमार्गे साफल्यान्तरायभूतानि बहुविधानि कारणान्यासन्। अत्र तु तेषां परिगणनं नाभीष्टम्। कुण्ठिते खलु स्वाधीनचिन्तने प्रवर्तयामासुरेते कामपि नवीनां दृष्टिम्। सेयं दृष्टिरेव श्लाघ्या, न तु यथाविधि सोहापोहमालोचितं दर्शनमिति पूर्वमेव मयोक्तम्।

एषां मते तु निर्गुणो राम एवाराध्यः, न तु दाशरथी रामः। वदतोव्याघातदोषदुष्ट इव श्रूयतेऽयमुपदेशः। कथं नाम निर्गुणः समाराध्यो वा समुपास्यो वा परमप्रेमविषयो वा भवितुमर्हति ? एतेषां लोकभाषानिबद्धासु वाणीषु निर्गुणोऽपि रामः परमानुग्रहकारी, जगदुद्भवरक्षणसंहारहेतुः, दयादाक्षिण्ययुक्तः, परमप्रेमपरायणो भक्तवत्सलश्च कथितोऽस्ति। एतेन त्विदमवगम्यते यदिमे महात्मानो निर्गुणशब्देन गुणमयदेह-प्रतिमा-प्रतीकाद्यप्रकाश्यमेवार्थं लक्षयन्ति, न तु निर्विशेषम्, नापि निष्क्रियं ब्रह्म। एषां वाणीषु परमपरं च परतत्त्वमेकेनैव निर्गुणशब्देनाभिहितमस्ति। इस्लामधर्मस्य जगत्स्रष्टा अल्लाहाख्यो हि एक एव ईश्वरोऽप्यनेन निर्गुणशब्देनैव समादृतो भवेदिति प्रतिभाति। अयं निर्गुणो रामः सर्वगतः सर्वातीतः सर्वरूपो निखिलानन्दसन्दोहः सर्वरमणीयः। अनुगृह्णात्ययं भक्तजनान्, वितरति च परिपूर्णानन्दं प्रपञ्चेभ्यः, प्रीणात्यसौ जपस्मरणाभ्यां गुणानुकीर्तनेन च। नायमवतरति त्रिगुणात्मके देहे, न च केवलं देवमन्दिरमस्जिदाद्युपासनास्थल एव वर्तते, अपि तु सर्वान्तर्यामी सर्वव्यापकश्चास्ति। नायमुपलभ्यः पूजानमाजप्रभृतिभिर्बाह्यप्रदर्शनपरैः कृच्छ्राचारैर्वा। अहैतुकी नान्यपरा च भक्तिः सर्वात्मना शरणागतिरेवास्योपलब्ध्युपायः। गुरूपदिष्टविधानेनाचरितं निरन्तरं नामस्मरणम्, गुणकीर्तनम, सततं ध्यानं चारुरुक्षोः साधनानि। आरूढस्य तु भक्तस्य तत्सर्वमपि निष्प्रयोजनम्। यावत् कर्मजातं तु तस्याराधनमेवेत्यात्मिका सहजसमाधिस्तु चरमोपलब्धिः, भगवत्प्रेमैव महान् पुरुषार्थः। ततश्चानन्या भक्तिरेव अपुनर्भवस्याव्यवहितोपायभूता, सद्गुरूपदिष्टानि कर्माण्यपि भक्तेरेवाङ्गभूतानि साधनानि।

अयं हि निर्गुणो रामः स्वमायाशक्त्या सर्वं रचयति। मायैव भ्रामयति देवासुरमनुष्यान्। यत्किञ्चित् क्षणिकं गमनागमनधर्मि परतत्त्वोपलब्ध्यन्तरायभूतं तत् सर्वं मायाकृतम्,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मायैव वा। प्रपन्ना भक्ता एव मायामेतां तरन्ति। सिद्धा अपि योगिनो भ्रमन्ति सिद्धि-सन्धानैकदृष्टयः। इस्लामधर्मे यत्स्थानमधिकुरुते 'शैतानः' तदेवैषां मते मायाऽप्यधिकुरुते। अन्तरं त्विदं यत् 'शैतानः' तावद् अल्लाहाभिधेयस्येश्वरस्य शत्रुः, माया तु रामस्य मोहजनयित्री शक्तिरेव। रामः खलु मायापतिस्स्वानुग्रहशक्त्या भक्तान् रक्षति मायाप्रपञ्चात्।

कबीरादिभक्तानाँ वाणीनामाधुनिकपद्धत्या विश्लेषणविवेचनपरायणा विद्वांसस्तत्र कदाचिद् विवर्तवादप्रत्याख्यानम्, कदाचित परिणामवादखण्डनम्, कदाचिदद्वैतप्रवणां विचारसरणिं कदाचिच्च विशिष्टाद्वैतमतानुसरणमन्वेषयन्ति। एतेन मादृशानामल्पबुद्धीनां परं व्यामोहमुत्पादयन्ति। किमेतत्सर्वं सत्यम्? वस्तुतस्तु सहजभक्ता इमेऽनुभवगृहीतं सत्यं वक्तुकामस्तां ताँ विचारणां खलु भगवत्तत्त्वस्यावाङ्मनोगोचरत्वं ज्ञातवस्तुमात्रविलक्षणत्वमनिर्वचनीयत्वं च बोधयितुमेव तां तां विचारणामवतारयामासुः। वचसामगोचरं हि किमप्यनिर्वचनीयं कथं शब्दैर्व्याक्रियमाणं भवेत्? इङ्गितमात्रेणैवास्य संकेतः शक्यः। शब्दास्तु नियतार्थसंकेतिता न प्रभवन्ति व्याख्यातुं सीमातीतं नियतिरहितं परं तत्त्वम्। नेमे भक्ताः शब्दरचनायामर्थकल्पनायां वा पटवः। उक्तं हि महता क्लेशेन केनापि भगवद्भक्तेन—"ये यत्राधिकल्पनाकुशलिनस्ते तत्र विद्वत्तमाः, स्वीयं कल्पनमेव शास्त्रमिति ते जानन्त्यहो पण्डिताः" सदैव हि अनुभूतिराः परतत्त्वनिर्दर्शिन्यो वाचो व्याख्यापरवशा बह्वर्थप्रतिपादिन्यो जायन्ते। अनुभवैकदृष्टयो हि महात्मानो न शक्नुवन्ति अशब्दप्रकाश्यं तत्त्वं प्रकाशयितुं वैखरीवाग्भिः। महताश्चर्येण कथयन्ति च कबीरोक्तिमिमाम्—"ऐसा लो नहि तैसा लो! मैं केहि विधि कहौं अनूठा लौ!" वैक्रमाब्दस्योनविंशशतकानन्तरमेषां शिष्यप्रशिष्येषु शास्त्रज्ञा विद्वांसोऽपि बभूवुः। ते तु कबीरकृतं बीजकं श्रुतिस्वरूपमुपकल्प्य टीकाव्याख्यादिभिर्निर्गुणमतं हि क्रमबद्धदर्शनपदं प्रापयितुमयतन्त। रीवांनरेशो महाराजविश्वनाथसिंहः कबीरबीजके श्रुतिपुराणागमप्रतिपादितं द्विभुजं राममेव परमाराध्यरूपं व्याचख्ये। विशिष्टाद्वैतसिद्धान्त एवास्य सम्मत इति प्रतिपादयामास। नानाशास्त्रवाक्यसमर्थिता महता परिश्रमेण लिखितापीयं टीका न सम्प्रदाये समादृताभूत्। ततश्च पूर्णदासेन महात्मना तिज्यनाम्नी टीका कृता। तत्र अद्वैतमतखण्डनं कृतं महता सम्मारम्भेण। अद्वैतवादिभिः प्रतिपादितं ब्रह्म खल्वस्य मते 'धोखा' ब्रह्मैव। 'धोखा' इति भ्रान्तिपर्यायः। अद्वैतमतप्रतिपादितं ब्रह्म तु भ्रान्तिजन्यमेवेत्यस्य सिद्धान्तः। अनेन मतेन वैष्णवाचार्याणां जीवगोस्वामिपादानाम् "यस्य ब्रह्मेति संज्ञां क्वचिदपि निगमे याति चिन्मात्रसत्ता" इत्यादिका उक्तिरेव स्मृतिपथमायाति। अनेन जीवस्याणुत्वनित्यत्वादिधर्मा विशिष्टाद्वैतमतानुसारमेव प्रतिपादिताः। तत्कालप्रचलिता हि लोकभाषा न समर्थाऽऽसीद् दर्शनविचारगाम्भीर्यमुद्वोढुमित्यत एव नेयं टीका पण्डितजनध्यानमाक्रष्टुं प्राभवत्, तथापि नैतत् संशयास्पदं यदनेन किमपि नूतनं विचारजातं प्रदत्तं लोकभाषायाम्। अन्ये च बहवो विद्वांसो मीमांसकसरणिमनुसरन्तः कबीरवाक्यानि 'बीजक'न्यस्तानि गुरुमुखब्रह्ममुखमायामुखजीवमुखभेदेन व्याकुर्वन्तो गुरुमुखवाक्यान्येव प्रमाणभूतानि नेतराणीति व्याचख्युः। अन्ये च बहुविधानि व्याख्याभूतानि पुस्तकजातानि निबबन्धुः। एवं हि युक्तितर्कपरं वाङ्मयं विनिन्युसुः।

एवमेव नानकवाणीष्वपि टीकाकृद्भिर्वेदान्तप्रतिपादितानि मतानि व्याख्यातानि। दादूदयालवाक्यान्यपि शास्त्रविदां विश्लेषणविलासमावहन्; परन्तु अनुभवसिद्धाः सरला इमा वाचः सहजसत्यरूपेणैव स्वीकार्याः सन्ति। व्याख्या त्वेषां यथापूर्वं बुद्धिबलापेक्षैवेति प्रतिभाति।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वस्तुतस्त्वेते भक्ता सृष्ट्युद्भवादिव्यापारमागमानुसारेणैव कथयन्ति। आगमिनस्तु "परमानन्द-विभवात् सकलात् परमात्मनः। आसीन्नादस्ततो बिन्दुस्तस्मात् सृष्टिसमुद्भवः" इति वदन्ति। कबीरमन्सूरप्रभृतिग्रन्थेषु व्याख्याताः सिद्धान्तास्तु संग्रहश्लोकैरेभिरुपसंहर्तुं शक्यन्ते—

परमानन्दविभवं यत्तत्वं परतः परम्।
सकलत्वं गम्यमानं सहजं भावमास्थितम् ॥१॥
अङ्कुरत्वं व्रजत्यस्मात् परेच्छा संप्रवर्तते।
इदन्ताऽहन्तयोर्योगं परः सोऽहमुदीर्यते ॥२॥
अचिन्त्यरूपतां यातीत्यक्षरं च ततो भवेत्।
तस्मात् सृष्ट्यै यतन् देवो निरञ्जन इहोच्यते ॥३॥

एतत् सर्वं ह्यागममतविस्तार एव। यद्यपि "द्वैताद्वैतविलक्षणं परतत्त्वम्" इति वदन्त्येते, तथापि व्यवहारे विशिष्टाद्वैतमतस्य निकटतरमेवैषां मतमित्यनुमीयते। सूफीसाधकेभ्यः परमप्रेमसिद्धान्तो गृहीत एभिरिति मन्ये। किन्त्वेषां महिमा न स्फुरति दार्शनिकीषु कल्पनासु। एते हि निराशाग्रस्ते विचिकित्साविजडिते च समाजे अभिनवं कमपि आशा-विश्वासदीपं प्रज्वालयामासुर्भक्तिभावनासञ्चारेण शुद्धशीलसदाचारोन्मुखीकरणेन च लोकानाम्। एषां भक्तानां महिमा लोकचित्त एव भगवद्भक्तिपरायणीकरणे, क्षुद्राण्यस्थिराणि भोगवर्द्धनानि वस्तून्याचरणानि चापहाय परमप्रेमस्वरूपे भगवति विश्वासोत्पादने संघटितस्याक्रामकस्य च धर्ममतस्य गत्याः शिथिलीकरणे च द्रष्टुं शक्य इति ॥

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अश्वत्थ

(स्व०) म० म० पं० गिरिधरशर्मा चतुर्वेदी

कठोपनिषद् की तीसरी वल्ली का प्रथम मन्त्र है—

ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः ।
तदेवशुक्रं तदब्रह्म तदेवामृतमुच्यते ॥
तस्मिल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदुनात्येति कश्चन,
एतद्वै तत् ॥

इसका भाव है यह संसार क्या है ? एक प्रकार का "अश्वत्थ" है, अर्थात् पीपल का वृक्ष है। यहाँ पीपल के वृक्ष के साथ संसार की उपमा दी गयी है। अश्वत्थ का अर्थ यह भी निकलता है कि "श्वो न तिष्ठति" अर्थात् जो कल नहीं है। आज जगत् है कल रहेगा कि नहीं—यह नहीं कहा जा सकता। कोई भी प्राणी यह विश्वास नहीं कर सकता कि कल भी मैं रहूँगा। अतः संसार अश्वत्थ रूप है। देवता लोग परोक्ष प्रिय होते हैं। प्रायः शब्दों की प्रकृति और प्रत्यय को छिपाकर रखते हैं। यहाँ भी "अश्वस्थ" शब्द को 'अश्वत्थ" के रूप में ढाल दिया गया है। वेदार्थ तत्त्व ज्ञान के लिए इस परोक्ष भाषा का संकेत ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। अस्तु, हम जिस अश्वत्थ वृक्ष (पीपल) को प्रत्यक्ष देखते हैं, इसकी जड़ नीचे रहती है और शाखाएँ ऊपर की ओर बढ़ती हैं। किन्तु इस संसार वृक्ष का मूल तो ऊपर है और शाखाएँ नीचे की ओर फैली हुई हैं। इसका तात्पर्य यह है कि सर्वोच्च परब्रह्म ही इस वृक्ष का मूल है। यहाँ सहसा यह सन्देह होगा कि परब्रह्म तो सर्वत्र व्यापक है, फिर इसे ऊपर ही क्यों कहा गया ?

इसका समाधान है कि वह हमारी बुद्धि से ऊपर है। यह संसार तो हमारी दृष्टि से स्थूल रूप में आता है, किन्तु वह इस दृष्टि से परे है। अतः उसे यहाँ ऊर्ध्व कहा गया है।

यद्यपि यह अश्वत्थ है—कल रहेगा कि नहीं, इसमें सन्देह है ? परन्तु प्रवाह रूप में सदा नित्य है। सृष्टि और प्रलय बराबर यहाँ होते रहें किन्तु संसरण रूप से तो यह सदा ही रहता है।

भाष्यकार श्री शङ्कराचार्य ने इसका पूरा रूपक बनाया है कि वृक्ष में जो बातें होती हैं, वे सभी संसार रूपी वृक्ष में भी हैं। जैसे पहले वृक्ष का एक बीज होता है, उससे वृक्ष का प्रादुर्भाव हुआ करता है। इसी प्रकार इस संसार वृक्ष का बीज है—"अविद्या"। अविद्या से ही सम्पूर्ण जगत् ब्रह्म पर अध्यस्त होता है। इसी से हमें जगत् का भान होता है। ब्रह्म तो सदा अविकारी है, किन्तु अविकारी ब्रह्म में भी विकार रूप संसार को दिखा देना—यह अविद्या का ही काम है। इसमें जो पहले अंकुर पैदा होता है वह है "हिरण्य-गर्भ", जिसको "ब्रह्मा" कहते हैं।

श्रुति ने कहा है—"हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत्" अपिच—"स वै शरीरी प्रथमः"। इन वचनों के अनुसार सबसे पहले शरीर धारण करने वाला हिरण्य-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गर्भ ही है। पुराणों में उसे ब्रह्मा भी कहते हैं। बात यह है कि ज्ञान और क्रिया, इन दो शक्तियों की समष्टि अर्थात् जिसमें ये दोनों शक्तियाँ सम्मिलित रूप में उपस्थित हैं, वही "हिरण्यगर्भ" कहलाता है।

प्रथम शरीरी होने के नाते "हिरण्यगर्भ" में ज्ञान भी पूर्ण है और क्रिया भी पूर्ण है। ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति—ये दो ही संसार में चलती हैं। कर्मशक्ति तो क्रिया का विजृम्भण है। शक्ति केवल दो भागों में विभक्त है—ज्ञान और क्रिया। जानना और करना, ये दो ही बातें संसार में हैं। तो ये दोनों परिपूर्ण रूप से जिसमें वर्तमान हों, उसे "हिरण्यगर्भ" कहा जाता है।

हिरण्यगर्भ सुवर्ण का नाम है। क्रिया शक्ति से छिपा हुआ उसमें ज्ञान ही रहता है। अतः हिरण्यगर्भ है। वही इस संसार वृक्ष का अङ्कुर रूप है। उसी से सब प्रकार के प्राणी उत्पन्न होते हैं। सांख्य शास्त्र में चौदह प्रकार के प्राणी का निरूपण हुआ है। ये ही इस वृक्ष के स्कन्ध हैं, जो कि शाखा की भाँति नीचे फैले हुए हैं। इस वृक्ष का सेचन तृष्णारूपी जल से होता है। संसार में सभी को किसी न किसी वस्तु की इच्छा रहती है। यही इच्छा जब बढ़ जाती है तो तृष्णा कही जाती है। तृष्णा का पार पाना कठिन है। जब तक शिवपद प्राप्त नहीं होता, तबतक तृष्णारूपी जल से इस संसार वृक्ष की पुष्टि होती रहती है। शिवपद प्राप्त होते ही यह संसार गायब हो जाता है, क्योंकि प्रकाश के सामने अन्धकार नहीं ठहरता। अस्तुः ! इस वृक्ष की जो कोपलें हैं वे शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध आदि विषय हैं तथा शास्त्र निर्माण, यज्ञ, दान, तप आदि कार्य इस वृक्ष के पुष्प हैं, अर्थात् अपने-अपने कार्य में लगना ही यहाँ पुष्प माना जाता है। अन्त में सबका फल है—आनन्द। किसी व्यापारी से पूछा जाय कि आप व्यापार क्यों करते हैं ? तो उत्तर मिलेगा कि इससे जो धन प्राप्त होगा, उससे हमें आनन्द मिलेगा। यों सबका लक्ष्य है—सुख। इसके अतिरिक्त दुःख नहीं, किन्तु सुख और दुःख ये दोनों ही इस संसार वृक्ष के फल हैं। कभी दुःख तो कभी सुख —ये बराबर लगे ही रहते हैं। इस प्रकार भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यम् ये जो सात लोक हैं ये ही इस वृक्ष के घोंसले हैं। इन्हीं घोसलों में सब प्राणी निवास करते हैं। जैसा कि शास्त्र में कहा गया है—

"अङ्गुष्ठस्याष्टभागोऽपि न सोऽस्ति द्विज सत्तम् ।
न सन्ति प्राणिनो यत्र कम बन्ध निबन्धनम् ॥"

अर्थात् संसार में एक अङ्गुष्ठ का आठवाँ भाग भी ऐसा नहीं है, जहाँ प्राणी न हो। अतः इन सात लोकों के भीतर प्राणी विद्यमान हैं। वृक्ष पर जब पक्षी रहते हैं तो कोलाहल भी करते ही हैं। इसी प्रकार इस संसार वृक्ष पर कहीं गान हो रहा है तो कहीं रुदन सुनाई पड़ता है—ये ही इस वृक्ष के शब्द हैं।

गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने इस मन्त्र के आशय को इस प्रकार समझाया है कि—

"ऊर्ध्वमूलमधः शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम् ।
छन्दांसि यस्य पर्णानि यस्तं वेद स वेदवित् ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अधश्चोर्ध्वं प्रसृतास्तस्य शाखा,
गुण प्रवृद्धा विषय प्रवालाः ।
अधश्च मूलान्यनु संततानि,
कर्मानुबन्धीनि मनुष्यलोके ॥" (१५।१-२)

फिर अन्त में कहा कि—

"अश्वत्थमेनं सुविरुढ़मूल-
मसङ्गशस्त्रेण दृढेन छित्वा ।"

अर्थात् जो मुमुक्षु पुरुष हैं, उनका कर्तव्य है कि वे इस संसार वृक्ष का छेदन करें। "वृश्च्यते=छिद्यते इति वृक्षः" । इस प्रक्रिया के अनुसार जिसका छेदन किया जाय, वही वृक्ष है । अतः इस संसार वृक्ष का छेदन मुमुक्षु के लिए आवश्यक माना जाता है, जो कि असङ्गरूपी शस्त्र से संभव है । एकान्त में मनन, निदिध्यासन करते रहने से ब्रह्म ज्ञान हो जाने पर इस वृक्ष का छेदन हो जाता है । अर्थात् यह सारा प्रपञ्च स्वप्न की भाँति मिथ्या हो जाता है । इसीलिए यह संसार अनादि और साथ ही सान्त भी माना जाता है ।

इस संसार वृक्ष के मूल में तीन बातें हैं—शुक्र, ब्रह्म और अमृत । जिस प्रकार सामान्य वृक्ष की उत्पत्ति में वीज, आधार और सेंचन क्रिया की आवश्यकता पड़ती है, उसी तरह इस वृक्ष की सत्ता में ये तीन आवश्यक हैं । शुक्र का वर्णन ईशोपनिषद् के "तस्मि-न्नयो मातरिश्वा दधाति" इस मन्त्र भाग में हो चुका है । शतपथ ब्राह्मण में आया है कि सबसे पहले ऋषि प्रकट होते हैं, फिर ऋषियों से पितर, और पितरों से देवता आदि की सृष्टि होती है । इसी बात को स्मृतिकार भगवान् मनु ने भी कहा है—

"ऋषिभ्यः पितरो जाताः पितृभ्यो देव मानवाः
देवेभ्यस्तु जगत्सर्वं चरं स्थाण्वनु पूर्वशः ।" (मनु. ३।२०१)

इस प्रकार सबसे पहले ऋषि ही माने जाते हैं । ये ऋषि भृगु और अङ्गिरा के रूप से विभक्त हैं । तो जब अङ्गिरा (अग्नि) पर भृगु (सोम) की आहुति होती है तब जो वस्तु प्रथम प्रादुर्भूत होती है वही "शुक्र" है, जो कि संसार का बीज है । वह अग्नि, वायु और आदित्य नाम से तीन प्रकार का होता है । जिनसे इस संसार की सभी क्रियाएँ होती हैं, किन्तु इन तीनों को अलग-अलग नहीं समझना चाहिए, बल्कि एक ही मानना चाहिए । इसी बात को श्रुति कहती है—

"तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते"

अर्थात् उसी को हम "शुक्र' कहते हैं, ब्रह्म कहते हैं तथा अमृत शब्द से भी समझते हैं, किन्तु मूलरूप में वह एक ही है । उसी के आधार पर सम्पूर्ण लोक अवस्थित हैं । उसके अति-रिक्त कोई दूसरी वस्तु नहीं है ।

बस, वही यह ब्रह्म है ।

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सर्वोपनिषदो गावः

महेश चन्द्र जोशी

श्रीमद् भगवद्‌गीता की प्रशंसा के लिए उद्धृत किये जाने वाले एक श्लोक में भारतीय अध्यात्मविद्या के मूलस्रोत उपनिषदों को गौ बताया गया है, भगवान् कृष्ण उसके दोग्धा हैं, अर्जुन वत्स (बछड़ा) तथा विद्वान् व्यक्ति को गीता रूपी अमृतमय दुग्ध का पान करने वाला बताया गया है।[१] समस्त उपलब्ध उपनिषदों के अवलोकनोपरान्त इस कथन की यथार्थता स्पष्ट हो जाती है। श्रीमदभगवद्‌गीता में प्रतिपादित सभी प्रमुख सिद्धान्तों का प्रतिपादन उपनिषदों में कहीं तो शब्दतः और कहीं भावतः हो चुका है।

जगत् ईश्वरमय है

ईशावास्योपनिषत् के प्रथम छन्द में ही यह उद्‌घोषणा है कि इस जगत् में जो कुछ भी है वह सब ईश्वर से व्याप्त है। जिसकी व्याख्या में भगवद्‌गीता के इस श्लोक को प्रस्तुत किया जा सकता है: इस सारे जगत् में अव्यक्तमूर्ति वाला मैं व्याप्त हूँ। सभी प्राणी मुझपर स्थित हैं, न कि मैं उन पर[२]। इसी भाव का प्रतिपादन ब्रह्माण्ड के अश्वत्थरूपक में हुआ है। कठोपनिषत् में विश्व को एक सनातन अश्वत्थ कहा है, जिसका मूल ऊपर की ओर (ब्रह्म में) तथा शाखाएं नीचे की ओर हैं। सभी लोक उसी में निहित हैं, उससे पृथक् कुछ भी नहीं है। गीता के पन्द्रहवें अध्याय में भी यही बात कही गयी है[३]। यह सारा विश्व ब्रह्म से ही उत्पन्न हुआ है, उसी में प्रतिष्ठित है और उसी में लय होता है। इन्हीं भावों का प्रतिफलन गीता में भी हुआ है।[४]

---

[१] सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्॥

[२] ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। ईशा० १

तथा

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥ गीता ९।४

[३] ऊर्ध्वमूलोऽवाक्शाख एषोऽश्वत्थः सनातनः।
तदेव शुक्रं तद् ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते।
तस्मिँल्लोकाः श्रिताः सर्वे तदु नात्येति कश्चन॥—कठ० २।३।१

तथा

ऊर्ध्वमूलमवाक्शाखमश्वत्थं प्राहुरव्ययम्। इत्यादि। देखिए गीता १५।१-३

[४] मय्येव सकलं जातं मयि सर्वं प्रतिष्ठितम्।
मयि सर्वं लयं याति तद् ब्रह्माद्वयमस्म्यहम्॥ कैवल्योपनिषत् श्लोक १९

तथा

अहं कृत्स्नस्य जगतः प्रभवः प्रलयस्तथा॥
मत्तः परतरं नान्यत् किंचिदस्ति धनञ्जय।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव॥—गीता ७।६-७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ब्रह्म

उपनिषदों में ब्रह्म का जो स्वरूप प्रतिपादित हुआ है उसी की अवतारणा भगवद्-गीता में भी हुई है। 'ओम्' इस एकाक्षर से अभिहित ब्रह्म के स्वरूप की चर्चा उपनिषदों में सुविस्तृत है, पर गीता में निर्देश भर है[१]। उस ब्रह्म को उभयत्र ही सभी वेदों के द्वारा वेद्य, वेदान्तकृत् एवं वेदवेत्ता बताया गया गया है[२]। गीता का कथन है कि उसे न सूर्य प्रकाशित करता है, न चन्द्रमा और न अग्नि। उसी के लिए उपनिषदों का मन्तव्य है कि उसी के प्रकाश से यह सारा विश्व प्रकाशित होता है[३]। दोनों ही यह कहते हैं कि वह सर्वतः पाणि-पाद-चक्षु-शिर-मुख एवं श्रोत्र वाला है तथा सबको आवृत करने वाला है[४]। कठोपनिषद् के इस कथन का स्पष्टीकरण गीता में हुआ है कि उसका वक्ता आश्चर्यपूर्ण है तथा ज्ञाता भी आश्चर्यपूर्ण होता है याने ऐसे लोगों का मिलना भी एक आश्चर्य ही है[५]। इन्द्रियों से मन श्रेष्ठ है, मन से बुद्धि, बुद्धि से महत्, महत् से अव्यक्त और अव्यक्त से श्रेष्ठ सर्वव्यापी निराकार पुरुष है। कठोपनिषत् के इस कथन को स्वयं कठोपनिषत् के अतिरिक्त प्रायः उन्हीं शब्दों में गीता में भी दुहराया गया है[६]। सभी प्राणियों का अन्त-

---

१ तैत्तिरीयोप० शिक्षावल्ली अष्टम अनुवाक; छांदोग्य १।१।१-१०; १।४।१-५; १।५।१-५; प्रणवोप०, नादबिन्दूप०, ध्यानबिन्दूप०, ब्रह्मविद्योप०, अमृतनादोप०, अथर्वशिर उप० तथा गीता १।१३; ९।१७; १७।२३-२४।

२ वेदैरनेकैरहमेव वेद्यो वेदान्तकृद्वेदविदेव चाहम् ॥
—कैवल्योप० श्लोक १२ तथा गीता १५।१५

३ न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः। —गीता १५।६ तथा—
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति।
—कठ० १।२।५; मुण्डक २।२।१०; श्वेताश्वतर ६।१४

४ सर्वतः पाणिपादं तत् सर्वतोऽक्षिशिरोमुखम्।
सर्वतः श्रुतिमल्लोके सर्वमावृत्य तिष्ठति ॥ श्वेताश्व० ३।१६ तथा गीता १३।१३

५ आश्चर्यो वक्ता कुशलोऽस्य लब्धाऽऽश्चर्यो ज्ञाता कुशलानुशिष्टः।
—कठ० १।२।७ तथा—
आश्चर्यवत्पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद् वदति तथैव चान्यः।
आश्चर्यवच्चैनमन्यः श‍ृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित् ॥ —गीता २।२९

६ इन्द्रियेभ्यः परं मनो मनसः सत्त्वमुत्तमम्।
सत्त्वादधि महानात्मा महतोऽव्यक्तमुत्तमम्।
अव्यक्तात्तु परः पुरुषो व्यापकोऽलिङ्ग एव च ॥ —कठ० २।३।७।८ तथा—
× × ×
इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्था अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्बुद्धेरात्मा महान्परः ॥
महतः परमव्यक्तमव्यक्तात्पुरुषः परः। —कठ० १।३।१०-११ तथा—
× × ×
इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥ —गीता ३।४२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रात्मा वह ईश्वर एक होते भी विभिन्न देहों में प्रविष्ट होकर उन्हीं के स्वरूप वाला हो गया है[1]। वह परमात्मा जब शरीर में प्रवेश करता है तो जीव या भोक्ता कहलाता है[2]।

आत्मा

उपनिषदों में आत्मा को नित्य, सर्वव्यापी, कूटस्थ, सर्वदोष-रहित, अणु से भी अणुतर तथा महान् से भी महत्तर, संचरण करते हुए भी स्थिर, दूर होते हुए भी निकट, मन से भी वेगवान् इत्यादि विशेषणों से अभिहित किया गया है[3]। गीता में भी इसकी छाप देखने को मिलती है, परन्तु छिट-पुट[4]। वह सभी इन्द्रियों के गुणों का प्रकाशक तथा सभी इन्द्रियों से रहित भी है[5]। जैसे मदिरा से भरे कलश में प्रतिबिम्बित आकाश मदिरा की गन्ध से लिप्त नहीं होता, उसी तरह आत्मा अपनी (शरीर रूप) उपाधि से लिप्त नहीं होता। उपनिषद् के इन भावों का साम्य गीता में भी देखने लायक है[6]। आत्मा न तो

---

१ एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ॥ —कठ० २।२।९-१०
एको देवो बहुधा निविष्ट अजायमानो बहुधा विजायते। —मुद्गलोप० ३।१
× × ×
सर्वस्य चाहं हृदि संनिविष्टो। —गीता १५।१५
ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति। —गीता १८।६१
अविभक्तं च भूतेषु विभक्तमिव च स्थितम्। —गीता १३।१६

२ आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः। —कठ० १।३।४; पैङ्गलोप० ४।५
× × ×
ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः। —गीता १५।७

३ नित्यः सर्वगतो ह्यात्मा कूटस्थो दोषवर्जितः।—जाबालदर्शनोप० १०।२
× × ×
अणोरणीयान् महतो महीयान्··· ।—श्वेताश्व० ३।२०; नारद परिव्राजकोप० ९।१५, कठ १।२।२०
× × ×
तदेजति तन्नेजति तद्दूरे तद्वन्तिके। इत्यादि। ईशा० ५
× × ×
अनेजदेकं मनसो जवीयो। ईशा० ४
× × ×
अपाणिपादो जवनो ग्रहीता। इत्यादि। श्वेताश्व० ३।१९; नारदपरिव्राजकोप० ९।१६

४ गीता २।१२, १७-१८, २४; १३।१४-१७; १५।१६

५ सर्वेन्द्रिय गुणाभासः सर्वेन्द्रियविवर्जितः।—ब्रह्मविद्योप० श्लोक १०७
× × ×
सर्वेन्द्रिय गुणाभासं सर्वेन्द्रियविवर्जितम्।—गीता १३।१४

६ न नभो घटयोगेन सुरागन्धेन लिप्यते।
तथात्मोपाधियोगेन तद्धर्मैनैर्व लिप्यते ॥ अध्यात्मोप० श्लोक ५२
× × ×
यथा सर्वगतं सौक्ष्म्यादाकाशं नोपलिप्यते।
सर्वत्रावस्थितो देहे तथात्मा नोपलिप्यते ॥गीता १३।३२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जन्म लेता है, न मरता है, वह किसी के द्वारा उत्पन्न नहीं किया गया है···। वह अजन्मा नित्य, शाश्वत तथा पुराण पुरुष है। शरीर के मारे जाने पर भी वह नहीं मरता। मारने वाला व्यक्ति यदि मारने की क्रिया को मारना तथा मृत व्यक्ति वस्तुतः स्वयं को मरा हुआ मानता है तो वे दोनों अज्ञानी हैं, क्योंकि आत्मा न किसी को मारता है और न किसी के द्वारा मारा जाता है। उपनिषदों के इस कथन से गीता भी शब्दतः एवं भावतः उभयथा समानता रखती है[१]।

रथी का रूपक

उपनिषदों में आत्मा को रथी, शरीर को रथ, बुद्धि को सारथी, मन को लगाम, इन्द्रियों को घोड़े और विषयों को उनके मार्ग कहा गया है[२]। जो व्यक्ति विज्ञान (सद्बुद्धि) रूप सारथी से युक्त है और मन रूपी लगाम जिसके हाथ में है वही इस संसाररूप मार्ग की यात्रा सफलतापूर्वक करके मोक्ष-पद को पा सकता है।[३] यह रूपक भले ही गीता में न हो, किन्तु गीता में बुद्धि, मन एवं इन्द्रियों के संयमित रखने की जो बात कही गयी है उसे समझने के लिए बुद्धि, मन एवं इन्द्रियों आदि का यह रूपक सामने रखना आवश्यक लगता है।

बुद्धि—शरीर रूपी रथ पर आरूढ़ आत्मा रूपी रथी को बुद्धि रूप सारथी जहाँ चाहे वहाँ ले जा सकता है, क्योंकि इन्द्रियरूपी अश्वों की मन रूपी बागडोर (लगाम) थामने वाला सारथी ही वह है। आत्मा बुद्धि से संयुक्त होकर उसी के माध्यम से ज्ञानेन्द्रियों से ज्ञान प्राप्त करती है तथा कर्मेन्द्रियों से कर्म करवाती है। बुद्धि के अभाव में यह

---

[१] न जायते म्रियते वा विपश्चिन्नायं कुतश्चिन्न बभूव कश्चित्।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥
हन्ता चेन्मन्यते हन्तुं हतश्चेन्मन्यते हतम्
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।—कठ० १।२।१८-१९

× × ×

न जायते न म्रियते क्वचित्किञ्चित् कदाचन।
परमार्थेन विप्रेन्द्र मिथ्या सर्वं तु दृश्यते।—महोपनिषत् ५।१६५, तथा ४।११८

× × ×

य एनं वेत्ति हन्तारं यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते ॥
न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे ॥—गीता २/१९-२०

[२] आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव तु।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रग्रहमेव च ॥
इन्द्रियाणि हयान्याहुर्विषयांस्तेषु गोचरान्।—कठ० १।३।३-४ : पैङ्गलोप० ४।३-४

[३] विज्ञानसारथिर्यस्तु मनः प्रग्रहवान् नरः।
सोऽध्वनः पारमाप्नोति तद् विष्णोः परमं पदम् ।।—कठ० १।३।९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सब असंभव है।[१] बुद्धि द्वारा ही बोधव्य विषय—ब्रह्म का ज्ञान हो सकता है।[२] अत: बुद्धि को 'दृढ़तरा' करे।[३] जो व्यक्ति स्थिर बुद्धि होता है वही ब्रह्मविद् बन पाता है।[४] जिस विद्वान् व्यक्ति की इच्छा या अनिच्छा उसके कर्मरत रहने पर भी नहीं उत्पन्न होती उसकी प्रज्ञा उसी तरह लिप्त नहीं होती, जिस तरह जल से पद्मपत्र लिप्त नहीं होता है।[५] उपनिषदों की ये ही बातें भगवद्गीता में प्रतिपादित 'स्थितप्रज्ञता' की मूल-स्रोत हैं।[६]

मन

उपनिषदों में मन के स्वरूप पर बहुत चर्चा हुई है। विषयवस्तु का प्रतिभान ही मन कहा गया है। संकल्प करने की क्रिया ही मन है, क्योंकि संकल्प मन में रहता है। संकल्प एवं मन को कोई परस्पर भिन्न नहीं कर सकता[७]। इच्छाएँ मन में उत्पन्न होती हैं। भगवद्गीता में मन में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं के लिए 'संकल्पप्रभवान् कामान्' शब्द प्रयुक्त हुए हैं[८]। मन का धर्म चंचलता है: मन को चंचलता रहित कहीं नहीं देखा जाता। चंचलत्व ठीक उसी तरह मन का धर्म है जैसे उष्णत्व अग्नि का धर्म होता है[९]। गीता में भी मन को चञ्चल होने के कारण दुर्निग्रह कहा गया है[१०]। मन दो प्रकार का होता है शुद्ध एवं अशुद्ध। काम-संकल्प युक्त मन अशुद्ध एवं काम-रहित मन शुद्ध होता है[११]। गीता का कथन है कि मनोगत कामों के परित्याग से ही व्यक्ति स्थितप्रज्ञ

---

१ इस विषय में विशद विवेचन देखिए : कौषीतकिब्राह्मणोपनिषत् अध्याय ३ अनुच्छेद ६-७

२ देखिए सुबालोपनिषत् ९।१२

३ बुद्धिं दृढतरां कृत्वा··· ।—योगकुण्डल्युप० २।२

४ स्थिरबुद्धिरसंमूढो ब्रह्मविद् ब्रह्मणि स्थित: ।—ध्यानबिन्दूप० श्लोक ६

५ यस्य नेच्छा तथानिच्छा ज्ञस्य कर्मणि तिष्ठत: ।
न तस्य लिप्यते प्रज्ञा पद्मपत्रमिवाम्बुभि: ॥—महोप० ५।१७३
शब्द साम्य देखिए—
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥—गीता ५।१०

६ देखिए : गीता २।४१,५५-५८।

७ यदर्थप्रतिभानं तन्मन इत्यभिधीयते ॥
संकल्पनं मनो विद्धि संकल्पस्तत्र विद्यते ।
यत्र संकल्पनं तत्र मनोऽस्तीत्यवगम्यताम् ॥
संकल्पमनसी भिन्ने न कदाचन केनचित् । महोप० ४।५१-५३

८ गीता ६।२४

९ न हि चञ्चलताहीनं मन: क्वचन दृश्यते ।
चञ्चलत्वं मनो धर्मो वह्नेर्धर्मो यथोष्णता ॥ महोप० ४।९८

१० चञ्चलं हि मन: कृष्ण प्रमाथि बलवद् दृढम् । —गीता ६।३४

११ मनो हि द्विविधं प्रोक्तं शुद्धं चाशुद्धमेव च ।
अशुद्धं कामसंकल्पं शुद्धं कामविवर्जितम् ॥
—ब्रह्मबिन्दूप० १; तथा मैत्रायण्युप० ४।६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बन पाता है[१]। मन ही मनुष्यों के बन्धन और मोक्ष का कारण है। विषयासक्त मन बन्धन जनक एवं विषय-मुक्त मन मुक्ति साधक होता है[२]। अतः विद्वान् व्यक्ति को चाहिए कि दुष्ट अश्वों से युक्त वाहन की भाँति इस मन को सावधानी से संभाले। क्योंकि इन्द्रियाँ (अश्व) इस मन को बलात् बहका ले जाती हैं[३]। मन का दृढ़-निग्रह करने में मन ही समर्थ हो सकता है, क्योंकि राजा का निग्रह राजा के अलावा कोई नहीं कर सकता[४]। अतः मन से ही मन को काटिए[५]। अपना मन ही ऐसी नाव है जो हमें मँझधार से उबार सकती है[६]।

इन्द्रिय-निग्रह

जो व्यक्ति अविज्ञानवान् एवं असंयत मन वाला होता है उसकी इन्द्रियाँ अकुशल सारथी के दुष्ट अश्वों की भांति वश में नहीं हो पाती। जो व्यक्ति विज्ञानयुक्त (विवेकशील) एवं संयत मन वाला है उसकी इन्द्रियाँ कुशल सारथी के सीधे (कुशल) अश्वों की भांति वश में रहती हैं[७]। इन्द्रिय-प्रसंग से ही व्यक्ति नाना दोषों को प्राप्त होता है। वह इन्द्रिय संयम करके ही सिद्धि लाभ करता है[८]। जो व्यक्ति विषयों को सुनकर, स्पर्श कर एवं सूँघ कर न प्रसन्न होता है और न अप्रसन्न, उसे जितेन्द्रिय जानना चाहिए[९]। इन सभी उपनिषद् वाक्यों का सारांश ही गीता के स्थितप्रज्ञ का यह लक्षण स्पष्ट करता है कि जिस

---

१ गीता २।५५

२ मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धाय विषयासक्तं मुक्त्यै निर्विषयं स्मृतम्॥
—शाट्यायन० १; तथा ब्रह्मबिन्दूप० २

३ दुष्टाश्वयुक्तमिव वाहमेनं विद्वान्मनो धारयेताप्रमत्तः। —श्वेताश्व० २।९
तथा
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरंति प्रसभं मनः। —गीता २।६०

४ देखिए : महोप० ४।१०४

५ देखिए : महोप० ४।१०६ तथा ६।२३

६ तृष्णाग्राहगृहीतानां संसारार्णवपातिनाम्।
आवर्तैरुह्यमानानां दूरं स्वमन एव नौः॥ महोप० ४।१०५

७ यस्त्वविज्ञानवान्भवत्ययुक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाण्यवश्यानि दुष्टाश्वा इव सारथेः॥
यस्तु विज्ञानवान्भवति युक्तेन मनसा सदा।
तस्येन्द्रियाणि वश्यानि सदश्वा इव सारथेः॥ —कठ० १।३।५-६

८ इन्द्रियाणां प्रसंगेन दोषमृच्छत्यसंशयम्।
संनियम्य तु तानेव ततः सिद्धिं निगच्छति॥ —नारदपरिव्राजकोप० ३।३६

९ श्रुत्वा स्पृष्ट्वा च भुक्त्वा च दृष्ट्वा घ्रात्वा च यो नरः।
न हृष्यति ग्लायति वा स विज्ञेयो जितेन्द्रियः॥
—नारदपरिव्राजकोप० ३।३८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुरुष की इन्द्रियाँ सभी इन्द्रिय-विषयों से निगृहीत रहती है उसकी बुद्धि स्थिर रहती है[1]। उपनिषद् वाक्य एवं गीता दोनों ही इस विषय में सहमत हैं कि व्यक्ति को अपनी इन्द्रियों को विषयों से उसी तरह मोड़ (समेट) लेना चाहिए जैसे कछुआ अपने अङ्गों को समेट लेता है[2]।

अष्टधा प्रकृति, अन्न, देवयान-पितृयान तथा यज्ञ की भावना

अष्टधाप्रकृति—मन, बुद्धि, अहंकार, आकाश, अग्नि, वायु, जल और पृथिवी का वर्णन उभयत्र है[3]। क्षेत्र-क्षेत्रज्ञ, इन्द्रिय-इन्द्रियविषय आदि की चर्चा तो सामान्य बातें हैं। उपनिषदों में यह कल्पना है कि अन्न से प्रजा-प्राणी-उत्पन्न होते हैं[4], अन्न की उत्पत्ति जल से होती है तथा हवन (यज्ञ) वर्षा कारक होता है[5] भगवद्गीता भी इसी सिद्धान्त को मानती है[6]। भगवद्गीता की यह उक्ति कि यज्ञशिष्ट अन्न के भोक्ता सभी पापों से मुक्त होते हैं, प्रकारान्तर से छांदोग्य उपनिषद् की इस उक्ति का समर्थन करती है कि पकाये हुए अन्न का पहले होम किया जाय[7]।

देवयान एवं पितृयान की कल्पना छांदोग्यादि उपनिषदों में है।[8] भगवद्गीता में भी उस कल्पना की अवतारणा हुई है।[9] वर्णधर्म और आश्रमधर्म की भी उपनिषदों की धारणा गीता में देखने को मिलती है।[10] स्वधर्म से ही प्राणी उन्नति को प्राप्त करता है अन्यथा आचरण से वह पतित होता है।[11] इस उपनिषद्वाक्य का समर्थन गीता भी करती

---

[1] तस्माद् यस्य महाबाहो निगृहीतानि सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ —गीता २।६८

[2] इन्द्रियाणि समाहृत्य कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः। —नारदपरिव्राजकोप० ३।७४
× × ×
यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥ —गीता २।५८

[3] मनो बुद्धिरहंकारः खानिलाग्निजलानि भूः।
एताः प्रकृतयस्त्वष्टौ विकाराः षोडशापरे ॥१७॥
देखिए—शरीरकोऽप० तथा गीता ७।४

[4] अन्नाद्ध्येव खल्विमानि भूतानि जायन्ते। —तैत्तिरीयोप० भृगुवल्ली द्वितीय अनु०
× × ×
अन्नाद्वै प्रजाः प्रजायन्ते। —तैत्तिरीय ब्रह्मानन्दवल्ली द्वितीय अनुवाक

[5] देखिए: छान्दोग्य ५।१०।६ एवं ६।२।४ तथा ५।५।२

[6] गीता ३।१४

[7] छांदोग्य ५।१९।१ तथा गीता—३।१३ तथा ४।३१

[8] छांदोग्य ५।१०।१-४

[9] गीता ८।२४-२५

[10] देखिए: वज्रसूचिकोपनिषत् तथा आश्रमोपनिषत्।

[11] स्वधर्म एव सर्वं धत्ते……अन्यथाऽधः पतत्येष स्वधर्मोऽभिहितो। मैत्रायण्युप चतुर्थ प्रपाठक॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है ।[१] पञ्चयज्ञं, जपयज्ञ, तपयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ तथा ज्ञानयज्ञ का विवरण उपनिषदों में मिलता है ।[२] उसी तरह गीता में भी द्रव्ययज्ञ, तपोयज्ञ, योगयज्ञ, स्वाध्याययज्ञ एवं ज्ञानयज्ञ का उल्लेख है ।[३] उपनिषदों में द्रव्ययज्ञ की अस्थिरता बतायी गयी है और उनसे प्राप्त फलों की अनित्यता तथा यज्ञ फल समाप्त होने पर यजमान का स्वर्ग से च्युत होने का उल्लेख किया गया है ।[४] गीता भी इसका समर्थन करती है और द्रव्ययज्ञ से ज्ञानयज्ञ की श्रेष्ठता प्रतिपादित करती है ।[५]

योगविद्या

उपनिषदों में 'वृत्तिरोध' एवं 'स्थिरइन्द्रियधारणा' को योग कहा गया है ।[६] उपनिषदों में योग-विद्या का विशद विवेचन हुआ है ।[७] श्रीमद्भगवद्गीता में भी अध्याय ६ में इस विद्या का सुन्दर ढंग से प्रतिपादन हुआ है । उपनिषदों में चतुर्विधयोग—मन्त्रयोग, लययोग, हठयोग और राजयोग का वर्णन है ।[८] साथ ही श्रीमद्भगवद्गीता में मौलिक रूप से प्रतिपादित कर्मयोग एवं ज्ञानयोग का भी मूल वर्णन उपनिषदों में प्राप्त होता है ।[९] कर्मयोग गृहस्थ के लिए है एवं ज्ञानयोग संन्यासी के लिए । उद्योगरहित गृहस्थ एवं कर्मपरायण संन्यासी—ये दोनों ही अपने आश्रम के विपरीत कर्म करने से शोभा नहीं प्राप्त करते ।[१०]

कर्मयोग

उपनिषदों में कर्म को प्रवृत्तिलक्षण कहा गया है [११] गीता में भी अठारहवें अध्याय

---

१ श्रेयान् स्वधर्मो विगुणः परधर्मात्स्वनुष्ठितात् ।
स्वधर्मे निधनं श्रेयः परधर्मो भयावहः ।।—गीता ३-३५

२ देखिए : शाट्यायनोपनिषत् श्लोक १३-१७

३ द्रव्ययज्ञास्तपोयज्ञा योगयज्ञास्तथा परे ।
स्वाध्यायज्ञानयज्ञाश्च यतयः संशितव्रताः ।—गीता ४।२८

४ मुण्डकोपनिषत् १।२।७ तथा १०

५ श्रेयान्द्रव्यमयाद् यज्ञाज्ज्ञानयज्ञः परंतप ।। गीता ४।३३

६ योगस्तु वृत्तिरोधो ।—शाण्डिल्योप० ६।२४

× × ×

तां योगमिति मन्यन्ते स्थिरामिन्द्रियधारणाम् ।।कठ० २।३।११

७ देखिए : श्वेताश्व०; अमृतनादोप०, योगिराजोप०, त्रिशिखब्राह्मणोप० अद्वयतारकोप० क्षुरिकोप० ब्रह्मविद्योप०, योगतत्त्वोप०, योगचूडामण्युप० योगकुण्डल्युप० महोप० जाबालदर्शनोप० इत्यादि ।

८ योगो हि बहुधा ब्रह्मन् भिद्यते व्यवहारतः ।
मन्त्रयोगो लयश्चैव हठोऽसौ राजयोगकः ।।—योगतत्त्वोप० श्लोक—१९

९ ज्ञानयोगः कर्मयोग इति योगो द्विधा मतः ।।—त्रिशिख ब्राह्मणोप० श्लोक २३

१० द्वाविमौ न विरज्येते विपरीतेन कर्मणा ।
निरारंभो गृहस्थश्च कार्यवांश्चैव भिक्षुकः ।।—नारदपरिव्राजकोप० ६।३४

११ प्रवृत्तिलक्षणं कर्म ।—नारद परिव्राजकोप० ३।१६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

में इस ओर संकेत किया गया है।[१] गीता के चतुर्थ अध्याय में कर्म और अकर्म के स्वरूप का प्रश्न उठा कर अपने ढंग से उसका उत्तर भी वहाँ दिया गया है।[२] कर्म एवं अकर्म का स्पष्टीकरण उपनिषदों में इस तरह मिलता है : कर्म इन्द्रियों द्वारा किये जाते हैं इस प्रकार के आध्यात्मिक विचार के साथ किया गया कर्म ही कर्म है तथा कर्तृत्व भोक्तृत्व की भावना के साथ किये गये बन्धन एवं जन्मादि के हेतुभूत नित्य नैमित्तिक व्रत, तप, दान आदि कर्मों में फल की इच्छा करना ही अकर्म है।[३]

व्यक्ति को जो कर्म उपलब्ध हुआ हो, जो उसे सौंपा गया हो या जो उसके लिए शास्त्रविहित हो, उसे नित्य करते रहना चाहिए[४] एवं कर्म करते हुए सौ वर्ष जीने की अभिलाषा करनी चाहिए[५]। उपनिषदों के इन वचनों के समर्थन में गीता के ये भाव हैं : तुम अवश्य कर्म करो। अकर्म की अपेक्षा कर्म श्रेष्ठ है। बिना कर्म किये तुम्हारी शरीर-यात्रा भी नहीं चल सकती[६]। साथ ही यह भी कि कोई व्यक्ति क्षण भर भी बिना कर्म किये नहीं रह सकता[७]। दोनों का यह संदेश है कि कर्म जब भी करो योगस्थ होकर अर्थात् कर्मयोगी बन कर करो[८]। उपनिषदों में कर्मयोग की यह परिभाषा दी गयी है— कर्म करना चाहिए ऐसा विचार कर शास्त्रविहित कर्मों के सम्पादन में मन को लगाना ही कर्मयोग है[९]। गीता में ऐसी कोई परिभाषा तो नहीं है तब भी हम 'योगः कर्मसु कौशलम्' को कर्म की परिभाषा मान सकते हैं, जिसका तात्पर्य गीता में प्रतिपादित कर्मयोग के समन्वितरूप से है। गीता की कर्मयोग विषयक धारणा उसके एक ही श्लोक में एक दम स्पष्ट हो जाती है, जो यह है कि तुम्हारा केवल कर्म पर अधिकार है, कर्मफल की कामना मत करो और अकर्म में (जिसका तात्पर्य ऊपर स्पष्ट किया गया है) आसक्त मत होओ[१०]।

---

१ देखिए : गीता १८।५-६

२ देखिए : गीता ४।१६-१८

३ कर्मेति च क्रियमाणेन्द्रियैः कर्माण्यहं करोमीत्यध्यात्मनिष्ठतया कृतं कर्मैव कर्म। अकर्मेति च कर्तृत्वभोक्तृत्वाद्यहंकारतया बन्धरूपं जन्मादिकारणं नित्यनैमित्तिक-यामव्रततपोदानादिषु फलाभिसंधानं यत्तदकर्म।—निरालम्बोपनिषत्।

४ प्राप्तकर्मकरो नित्यं···। —महोप० ६।६४

५ कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः। —ईशा० २

६ नियतं कुरुकर्म त्वं कर्म ज्यायो ह्यकर्मणः।
शरीरयात्रापि च ते न प्रसिध्येदकर्मणः॥ —गीता ४।८

७ न हि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्। —गीता ३।५

८ योगस्थः कुरु कर्माणि। —अक्ष्युप० २।३
× × ×
योगस्थः कुरु कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा धनञ्जय॥ —गीता २।४८

९ कर्म कर्तव्यमित्येव विहितेष्वेव कर्मसु।
बन्धनं मनसो नित्यं कर्मयोगः स उच्यते॥ —त्रिशिखब्राह्मणोप०श्लोक २५-२६

१० कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतुर्भूर्मा ते सङ्गोऽस्त्वकर्मणि॥ —गीता २।४७

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्म को कर्म-फल प्राप्ति की इच्छा से करने पर कर्म का चक्र अनवरत चलता जाता है। शान्ति तो कर्म-फल की इच्छा के त्याग से ही संभव है।[1] इन भावों की समानता में गीता के ये भाव हैं: कर्मयोगी व्यक्ति कर्मफल का त्याग कर नैष्ठिकी शान्ति प्राप्त करता है, किन्तु जो व्यक्ति कर्मयोगी नहीं है वह सकाम भावना से कर्म करके उसके फल में आसक्त होने से बन्धन को प्राप्त होता है।[2] अतः तुम जो करो, जो खाओ, जो होम करो, जो कुछ दान करो तथा जो कुछ तपश्चर्यादि करो उसे मुझे समर्पित कर दो। इस प्रकार कर्म के बन्धन रूप शुभ-अशुभ फलों से मुक्त हो जाओगे।[3] उपनिषद् का कथन है कि कर्म करते हुए भी अकर्ता की तरह रहना चाहिए।[4] इसकी व्याख्या गीता में हुई है। जो व्यक्ति कर्मफल के प्रति आसक्ति का त्याग कर चुका हो वह कर्म में प्रवृत्त रहते हुए भी कुछ नहीं करता अर्थात् वही अकर्ता है। कर्मयोगी व्यक्ति समझे कि मैं कुछ नहीं करता। देखते, सुनते, स्पर्श करते, सूँघते, भोजन करते, चलते, सोते, साँस लेते, प्रलाप करते, विसर्जन करते, गृहण करते, उन्मेष और निमेष क्रिया करते समय इन्द्रियाँ अपने विषयों में प्रवृत होती हैं ऐसा विचार कर कर्मफल को ब्रह्म को समर्पित कर सङ्ग (आसक्ति) का त्याग कर जो व्यक्ति कर्म करता है वह जल से पद्मपत्र की भाँति ही पाप से लिप्त नहीं होता है। जो व्यक्ति सभी कर्मों को प्रकृति द्वारा क्रियामाण एवं अपने को अकर्ता मानता है वही ज्ञानी है।[5]

---

[1] कर्मणा वर्तते कर्मो तत्त्यागाच्छान्तिमाप्नुयात् ॥
—त्रिशिखब्राह्मणोप० श्लोक १५

[2] युक्तः कर्मफलं त्यक्त्वा शान्तिमाप्नोति नैष्ठिकीम् ।
अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते ॥ —गीता ५।१२

[3] यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ।
यत्तपस्यसि कौन्तेय तत्कुरुष्व मदर्पणम् ॥ —गीता ९।२७

[4] आत्मोप० श्लोक १३ तथा अक्ष्युपनिषत् २।२१-२२

[5] त्यक्त्वा कर्मफलासङ्गं नित्यतृप्तो निराश्रयः ।
कर्मण्यभिप्रवृत्तोऽपि नैव किंचित् करोति सः ॥—गीता ४।२०

× × ×

नैव किंचित्करोमीति युक्तो मन्येत तत्त्ववित् ।
पश्यञ्श्रृण्वन् स्पृशञ्जिघ्रन्नश्नन् गच्छन् स्वपञ्श्वसन् ॥
प्रलपन् विसृजन् गृह्णन्नुन्मिषन्निमिषन्नपि ।
इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेषु वर्तन्त इति धारयन् ॥
ब्रह्मण्याधाय कर्माणि सङ्गं त्यक्त्वा करोति यः ।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥ —गीता ५।८-१०

× × ×

प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः ।
यः पश्यति तथात्मानमकर्तारं स पश्यति ॥ —गीता १३।२९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विद्वान् व्यक्ति न तो जगत् के व्यवहार का परित्याग करते हैं; न उसकी कामना ही करते हैं। वे लोक-व्यवहार का अनुसरण करते रहते हैं।[1] अतः आन्तरिक रूप से सभी आशाओं का त्याग कर वीतराग एवं वासना रहित होकर भी प्रकट रूप से बेखटके सब काम करते रहिए। हृदय में संरम्भ-रहित एवं बाहर से कृत्रिम संरम्भयुक्त रहिए। बाहर से कर्ता तथा आन्तरिक रूप से अकर्ता बन कर रहिए।[2] गीता की भाषा में इन्हीं भावों को इस प्रकार व्यक्त किया गया है : तुम लोकसंग्रह की दृष्टि से कर्म करो........जैसे अज्ञानी लोग कर्म-फल में आसक्त होकर कर्म करते हैं, वैसे ही विद्वान् भी लोकसंग्रह की दृष्टि से कर्म करता है, किन्तु वह कर्मफल के प्रति आसक्त नहीं रहता।[3]

जैसे तण्डुल का छिलका (भूसी) तथा ताँबे की कालिमा क्रमशः कूटने एवं तपाने की क्रिया से दूर होते हैं, उसी प्रकार पुरुष का मल कर्म करने से नष्ट होता है। चूँकि तण्डुल की भाँति पुरुष का मल भी क्रिया से नष्ट होता है अतः उसे उद्योगशील बनना चाहिए[4]। इन विचारों की प्रतिच्छाया गीता में इस प्रकार से है : विद्वान् व्यक्ति कर्म-फल के प्रति आसक्ति का त्याग कर शरीर से, मन से, बुद्धि से या केवल इन्द्रियों से आत्मशुद्धि के लिए कर्म करते हैं[5]।

ज्ञानयोग

सम्यग्दृष्टि ही ज्ञान है[6]। ज्ञान का लक्षण संन्यास है[7]। ज्ञान और योग परस्परापेक्षी हैं। योग से ज्ञान उत्पन्न होता है और ज्ञान से योग में प्रवृत्ति होती है। योग एवं ज्ञान में परायण योगी असफल नहीं होता। जिसके पास योग और ज्ञान नहीं हैं, उसका भाव सिद्ध नहीं होता[8]। योग रहित ज्ञान तथा ज्ञानरहित योग भी मोक्ष साधन में समर्थ

---

[1] न त्यजन्ति न वाञ्छन्ति व्यवहारं जगद्गतम्।
सर्वमेवानुवर्तन्ते पारावारविदा जनाः॥ महोप० ५।१७७

[2] देखिए : महोपनिषत् ६।६७-६८

[3] गीताः—लोकसंग्रहमेवापि सम्पश्यन् कर्तुमर्हसि। ३।२० इत्यादि

× × ×

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद् विद्वांस्तथासक्तश्चिकीर्षुर्लोकसंग्रहम्॥ ३।२५

[4] तण्डुलस्य यथा चर्म यथा ताम्रस्य कालिमा।
नश्यति क्रियया विप्र पुरुषस्य तथा मलम्॥
जीवस्य तण्डुलस्येव मलं सहजमप्यलम्।
नश्यत्येव न सन्देहस्तस्मादुद्योगवान् भव॥ —महोप० ५।१८५-१८६

[5] कायेन मनसा बुद्धचा केवलैरिन्द्रियैरपि।
योगिनः कर्म कुर्वन्ति सङ्गं त्यक्त्वात्मशुद्धये॥ —गीता ५।११

[6] ज्ञानं सम्यगवेक्षणम्। —शाण्डिल्योप० ६।२४

[7] ज्ञानं संन्यासलक्षणम्। नारदपरिव्राजकोपनिषत् ३।१६

[8] देखिए : त्रिशिखब्राह्मणोपनिषत् श्लोक १९-२१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं होते[१]। गीता में इन विचारों का समावेश नहीं हुआ है। उपनिषद् वाक्य के अनुसार ज्ञान का जनक अभ्यासयोग है: जैसे काष्ठ में स्थित अग्नि मन्थन (रगड़) के बिना नहीं उत्पन्न होता उसी प्रकार अभ्यासयोग के बिना ज्ञानदीप नहीं प्रज्वलित होता[२]। गीता में अभ्यासयोग का केवल उल्लेख है[३]। ज्ञानयोग की उपनिषदीय परिभाषा यह है —चित्त को निरन्तर श्रेयस्कर मार्ग में लगाना ही ज्ञानयोग है[४]। गीता में कोई ऐसी परिभाषा नहीं है। गीता में कहा गया है कि ज्ञानाग्नि सभी कर्मों को (अर्थात् तज्जन्य फलों को) भस्मसात् कर देती है[५]। किन्तु उपनिषद्वाक्यानुसार ज्ञानाग्नि से क्रियामाण कर्म (अर्थात् तज्जन्यफल) तो भस्म हो जाता है, किन्तु प्रारब्ध कर्म उससे नष्ट नहीं होता। उदाहरण के लिए एक गौ को बाघ समझ कर उस पर बाण छोड़ देने के बाद माना गौ का वास्तव ज्ञान हो भी जाय तो भी पहले से छूटा हुआ बाण तो उसे विद्ध कर ही डालेगा[६]।

ज्ञानी

भोगविलास की जिन वस्तुओं की वृद्धि से मूर्ख प्रसन्न होते हैं, उन्हीं वस्तुओं से ज्ञानी को वैराग्य उत्पन्न होता है[७]। ज्ञान की प्रकाशिका होने के कारण विद्या को दिवस् तथा ज्ञान की आच्छादिका होने से अविद्या रात्रि कही जाती है। विद्याभ्यास में हुए प्रमाद को दिवास्वाप कहते हैं[८]। जिस वस्तु के प्रति सब लोग सोये (बेखबर) रहते हैं, उसी के प्रति संयमी (ज्ञानी) जागरूक रहता है और जिन वस्तुओं के लिए सब लोग प्रबुद्ध रहते हैं, उनके प्रति योगी, विद्वान्, आँखें मूंद लेता है[९]। भगवद्गीता में इसी विचार के श्लोक का रूपान्तर मिलता है[१०]। सच पूछा जाय तो ऊपर लिखित उपनिषदों के तीनों श्लोकों का तात्पर्य गीता के इस श्लोक के तात्पर्य को स्पष्ट करने में सहायक प्रतीत होता है।

---

१ देखिए : योगतत्त्वोपनिषत् श्लोक १४-१५

२ यथाग्निर्दारुमध्यस्थो नोत्तिष्ठेन्मथनं विना।
विना चाभ्यासयोगेन ज्ञानदीपस्तथा न हि ॥ योगकुण्डल्युप० श्लोक १४-१५

३ गीता १२।९

४ यत्तु चित्तस्य सततमर्थे श्रेयसि बन्धनम्।
ज्ञानयोगः स विज्ञेयः सर्वसिद्धिकरः शिवः ॥ त्रिशिखब्राह्मणोप० श्लोक २६-२७

५ ज्ञानाग्निदग्धकर्माणं …। —गीता ४।१९ तथा—
ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुते तथा ॥ ४।३७

६ देखिए : अध्यात्मोप० श्लोक ५३-५४

७ यैरेव जायते रागो मूर्खस्याधिकतां गतैः।
तैरेव भोगैः प्राज्ञस्य विराग उपजायते ॥ महोप० ५।१६९

८ विद्या दिवा प्रकाशत्वादविद्या रात्रिरुच्यते ॥
विद्याभ्यासे प्रमादो यः स दिवास्वाप उच्यते। —संन्यासोप० श्लोक १०२-१०३

९ यत्र सुप्ता जना नित्यं प्रबुद्धस्तत्र संयमी।
प्रबुद्धा यत्र ते विद्वान् सुषुप्तिं याति योगिराट् ॥ याज्ञवल्क्योपनिषत् श्लोक ३१

१० या निशा सर्वभूतानां तस्यां जागर्ति संयमी।
यस्यां जाग्रति भूतानि सा निशा पश्यतो मुनेः ॥ —गीता २।६९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संन्यास

उपनिषदों में संन्यास का पर्याप्त विवेचन हुआ है।[१] संन्यास चार प्रकार का वताया गया है: वैराग्य-संन्यास, ज्ञान-संन्यास, ज्ञानवैराग्य-संन्यास तथा कर्म-संन्यास। कर्म-संन्यास के भी दो प्रकार हैं—निमित्त-संन्यास (आतुर-संन्यास) और अनिमित्त-संन्यास (क्रम-संन्यास)।[२] गीता में पाँचवें एवं छठे अध्याय में संन्यास तथा संन्यासी के सम्बन्ध में यत्किञ्चित् प्रकाश डाला गया है।[३]

पुनर्जन्म

पुनर्जन्म सम्वन्धी चर्चा उपनिषदों में पर्याप्त है।[४] मनुष्य खेती की भाँति पकता है और खेती की ही भाँति पुनः उत्पन्न होता है।[५] गीता में पुनर्जन्म सम्वन्धी छिटपुट निर्देश हैं।[६] एक वात उपनिषद् तथा गीता दोनों में एक समान तथा लगभग एक ही शव्दावली में कथित है कि मृत्यु के समय जिस-जिस भाव का स्मरण करते हुए प्राणी शरीर त्याग करता है मरणोपरान्त उसी भाव अर्थात् योनि को प्राप्त होता है।[७]

गुणत्रय

गुणत्रय के सन्दर्भ में भी गीता उपनिषदों से साम्य रखती है। शारीरकोनिषत् में सात्विक स्वभाव वाले व्यक्ति के ये लक्षण दिये गये हैं: अहिंसा, सत्य अस्तेय, ब्रह्मचर्य अपरिग्रह, अक्रोध, गुरुशुश्रूषा, शौच, सन्तोष, आर्जव, अमानित्व, अदम्भित्व तथा आस्तिकता।[८] गीता में दैवी सम्पत्ति वाले व्यक्ति में भी लगभग यही गुण वताये गये हैं।[९] उपनिषद् के अनुसार राजसी प्रकृति वाले व्यक्ति के ये गुण हैं कि वह अपने को कर्त्ता, भोक्ता

---

[१] देखिए: संन्यासोपनिषत्, नारदपरिव्राजकोप०, पैङ्गलोप०, कैवल्योप०, परमहंसोप०, निर्वाणोप०, भिक्षुकोप०, तुरीयातीतोप०, अवधूतोपनिषत् इत्यादि।

[२] देखिए: नारदपरिव्राजकोप० ५।२, ६ तथा ८

[३] देखिए: गीता ५।२-६ तथा ६।१-४

[४] कठ० २।२।७ तथा २।३-१६; ऐतरेय २।१।४ छांदोग्य ६।१६।३ तथा आत्मबोधोप० १।५

[५] सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवा जायते पुनः।

[६] गीता २।१३; ४।९; ५।१७; ७।१९ तथा ८।१५-१६ व २६।

[७] यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमेव समाप्नोति नान्यथा श्रुतिशासनात्॥—नारदपरिव्राजकोप०५।२३

तथा

यं यं वापि स्मरन्भावं त्यजत्यन्ते कलेवरम्।
तं तमवेति कौन्तेय सदा तद्भावभावितः॥ गीता ८।६

[८] अहिंसासत्यमस्तेयब्रह्मचर्यापरिग्रहाः। अक्रोधो गुरुशुश्रूषा शौचं सन्तोष आर्जवम्। अमानित्वमदम्भित्वमास्तिक्यत्वमहिंसता। एते सर्वेगुणा ज्ञेया सात्त्विकस्य विशेषतः॥

[९] देखिए गीता १६।१-३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तथा वक्ता होने का अभिमान रखता है तथा तामस स्वभाववाला व्यक्ति निद्रा, आलस्य मोह, राग, मैथुन एवं चौर्य आदि गुण वाला होता है।[१] गीता में चतुर्दश अध्याय में रजोगुण एवं तमोगुण के भी कुछ ऐसे ही कार्य बताये गये हैं तथा सोलहवें अध्याय में कथित आसुरी सम्पत्ति वाले मनुष्य में भी लगभग ऐसे ही गुण बताये गये हैं।[२] निरालम्बोपनिषत् में आसुर तप का जो वर्णन दिया गया है उसी के समान वर्णन गीता में भी मिलता है।[३]

निष्काम भाव

उपनिषदों में अनासक्ति का प्रतिपादन इस तरह हुआ है : जैसे बालक अपनी क्षुधा एवं शारीरिक व्यथा भूल कर खिलौने से खेलता रहता है उसी प्रकार विद्वान् व्यक्ति ममत्व एवं अहंकार रहित एवं सभी कामनाओं के प्रति अनासक्त होकर अपने आप में सन्तुष्ट रहता है। वह निर्धन होने पर भी सदा प्रसन्न, असहाय होते हुए भी समर्थ, कर्म करते हुए भी अकर्ता तथा फल भोगते हुए भी अभोक्ता की तरह रहता है।[४] 'यह मेरा है' ऐसा सोचने वाला व्यक्ति बन्धन में पड़ जाता है एवं 'यह मेरा नहीं है' ऐसा सोचने वाला व्यक्ति मुक्ति प्राप्त करता है।[५] यही उपनिषदों का अनासक्ति योग है, जिसकी प्रतिष्ठा गीता में सम्यक् रूपेण हुई है।[६] कामोपभोग से काम शान्त होने के बजाय हविष्य की आहुति से अग्नि की भाँति प्रदीप्त हो उठते हैं।[७] तरह-तरह के कामों की वाञ्छा वाले व्यक्तियों को नाना जन्म लेने पड़ते हैं।[८] निष्काम भाव से ईश्वर की उपासना करने वाले व्यक्ति ही देह के बन्धन से मुक्ति पाते हैं।[९] इन विचारों का प्रतिफलन गीता में भी देखा जाता

---

१ अहं कर्तास्म्यहं भोक्तास्म्यहं वक्ताभिमानवान्। एते गुणा राजसस्य प्रोच्यन्ते ब्रह्मवित्तमैः ॥

× × ×

निद्रालस्ये मोहरागौ मैथुनं चौर्यमेव च। एते गुणास्तामसस्य प्रोच्यन्ते ब्रह्मवादिभिः॥

२ गीता १४।१२-१३ तथा १६।४-१८

३ आसुरमिति च ब्रह्मविष्णवीशानेन्द्रादीनामैश्वर्यकामनया निरशनजपाग्निहोत्रादिष्वन्तरात्मानं संतापयति चात्युग्ररागद्वेषविहिंसादम्भाद्यपेक्षितं तप आसुरम्। —निरालम्बोपनिषत्। तुलना के लिए देखिए : गीता १७।५-६ तथा १७।१८-१९

४ देखिए : आत्मोप० श्लोक १०-१३

५ द्वे पदे बन्धमोक्षाय निर्ममेति ममेति च।
ममेति बध्यते जन्तुर्निर्ममेति विमुच्यते ।:
—महोप० ४।७२ तथा पैङ्गलोप० श्लोक २५-२६

६ देखिए गीता २।६२-६४; २।७१ तथा ३।२०

७ न जातु कामः कामानामुपभोगेन शाम्यति।
हविषा कृष्णवर्त्मेव भूय एवाभिवर्द्धते॥—नारदपरिव्राजकोप० ३।३७

८ देखिए : मुण्डक ३।२।२

९ देखिए : मुण्डक ३।२।१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है ।[१] उभयत्र ही यह मान्यता है कि जिस व्यक्ति में सभी कामनाएं निरन्तर समुद्र में भरते हुए जल की भाँति लीन हो जाती है वही शान्ति पा सकता है न कि कामोपभोग की कामना करने वाला ।[२] अतः इच्छाओं को संयत रखना परम आवश्यक है । उपनिषद् एवं गीता दोनों के अनुसार इच्छा-द्वेषजन्य द्वन्द्व-मोह के कारण ही प्राणियों की दुर्गति होती हैं ।[३] अतः कामक्रोध, दर्प, मोह लोभ आदि दोषों का परित्याग कर संन्यासी को निर्मम हो जाना चाहिए । उपनिषद् तथा गीता दोनों में ही इस आशय के श्लोक हैं ।[४]

समत्व

भगवद्गीता के समत्व विषयक विचारों पर भी उपनिषदों की छाप है । यद्यपि नामनिर्देश पूर्वक समत्व का प्रतिपादन उपनिषदों में नहीं है । किन्तु तत्सम्बन्धी संकेत तो उनमें हैं ही । ईशावास्योपनिषत् का कथन है कि जो व्यक्ति सभी प्राणियों को आत्मा में तथा सभी प्राणियों में आत्मा को देखता है वह किसी से घृणा नहीं करता । जब विद्वान् व्यक्ति के लिए सभी प्राणी आत्मस्वरूप हो जाते हैं तो एकत्व का अनुभव करने के कारण उसको कुछ भी मोह और शोक व्याप्त नहीं होता[५] । गीता की उक्ति है कि समदर्शी व्यक्ति आत्मा को सभी प्राणियों में स्थित तथा सभी प्राणियों को आत्मा में स्थित मानता है[६] । इसी आशय के अन्य श्लोक भी गीता में पाये जाते हैं[७] । उपनिषदों का मन्तव्य

---

१ असक्तो ह्याचरन् कर्म परमाप्नोति पूरुषः ।।—गीता ३।१९

२ आपूर्यमाणमचलप्रतिष्ठं समुद्रमापः प्रविशन्ति यद्वत् ।
तद्वत्कामा यं प्रविशन्ति सर्वे स शान्तिमाप्नोति न कामकामी ।।
—अवधूतोप० श्लोक १० तथा गीता २।७०

३ इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वंद्वमोहेन जन्तवः ।
धराविवरमग्नानां कीटानां समतां गताः ।।—संन्यासोप० श्लोक ४६
\+ \+ \+
इच्छाद्वेषसमुत्थेन द्वंद्व मोहेन भारत ।
सर्वभूतानि संमोहं सर्गे यान्ति परंतप ।।—गीता ७।२७

४ कामः क्रोधस्तथा दर्पो लोभमोहादयश्च ये ।
तांस्तु दोषान्परित्यज्य परिव्राण्निर्ममो भवेत् ।।—नारदपरिव्राजकोप० ३।३३
तथा
अहंकारं बलं दर्पं कामं क्रोधं परिग्रहम् ।
विमुच्य निर्ममः शान्तो ब्रह्मभूयाय कल्पते ।।—गीता १८।५३

५ यस्तु सर्वाणि भूतान्यात्मन्येवानुपश्यति ।
सर्वभूतेषु चात्मानं ततो न विजुगुप्सते ।।६।।
यस्मिन्सर्वाणि भूतान्यात्मैवाभूद्विजानतः ।
तत्र को मोहः कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।।७।।

६ सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि ।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः ।। —गीता ६।२९

७ गीता ६।३०-३१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है कि ऐसा व्यक्ति ब्रह्मसाक्षात्कार करता है[१]। गीता में भी इस भावना का ही समर्थन किया गया है[२]।

सुख-दुःख से अप्रभावित रहने वाले व्यक्ति सभी क्लेशों से मुक्ति तथा ब्रह्मसाक्षात्कार प्राप्त करते हैं[३]। राग-द्वेष रहित, लौष्ठ-पत्थर एवं सुवर्ण को समान सोचने वाला, प्राणि-हिंसा न करने वाला एवं निःस्पृह व्यक्ति मुनि होता है[४]। जिस व्यक्ति में अहंकार का भाव न हो, जिसकी बुद्धि लिप्त न होती हो, तथा जो सभी प्राणियों के प्रति सम-भाव वाला हो, उसी का जीवन शोभित होता है[५]। गीता में भी पञ्चम एवं द्वादश अध्यायों में इन भावों को उपनिषदों के शब्दों से मिलते-जुलते शब्दों में ही व्यक्त किया गया है[६]।

उद्बोधन

उपनिषदों के संदेश तथा गीता के अमृतमय उपदेश दोनों ही थके हुए आदमी को स्वस्थ कर उसे मार्ग प्रदर्शित करते हैं। उपनिषद् का संदेश है कि व्यक्ति को प्रयत्नशील और बलिष्ठ बनना चाहिए, क्योंकि बलहीन व्यक्ति आत्मा को नहीं पा सकता[७]। उसकी प्रतिध्वनि गीता में सुनाई पड़ती है: "हे अर्जुन नपुंसकता को मत अपनाओ। वह तुम्हें शोभा नहीं देती। क्षुद्र हृदय-दौर्बल्य का परित्याग करके उठो"[८]। जहाँ उपनिषद् का नारा है: उठो जागो, अवसर को पहचानो[९], वहीं गीता का उद्घोष यह है: अपना उद्धार स्वयं करो, अपने को निराश मत करो[१०]। उपनिषद् जहाँ व्यक्ति को अपने 'पौरुष प्रयत्न' को करने को कहता है, वहीं गीता में 'कर्मण्येवाधिकारस्ते',—और 'नियतं कुरु कर्म त्वं जैसे शब्द पुरुष को कर्मठता की ओर प्रेरित करते हैं[११]। उपनिषद् का कथन है कि विद्वान्

---

१ यदा सर्वाणि भूतानि स्वात्मन्येव हि पश्यति।
सर्वभूतेषु चात्मानं ब्रह्म संपद्यते तदा॥ —जाबालदर्शनोप० १०।१०

२ देखिए: गीता १३।२६-२७

३ महोप० ६।४७

४ रागद्वेषवियुक्तात्मा समलोष्टाश्मकाञ्चनः।
प्राणिहिंसानिवृत्तश्च मुनिः स्यात्सर्वनिःस्पृहः॥
—नारदपरिव्राजकोप० ३।३४

५ यस्य नाहंकृतो भावो बुद्धिर्यस्य न लिप्यते।
यः समः सर्वभूतेषु जीवितं तस्य शोभते॥ —संन्यासोप० श्लोक ५५

६ दुःखेष्वनुद्विग्नमनाः सुखेषु विगतस्पृहः।
वीतरागभयक्रोधः स्थितधीर्मुनिरुच्यते॥ —गीता २।५६
तथा गीता २।५७ एवं १२।१३-१९ तथा १४।२४-२५

७ नायमात्मा बलहीनेन लभ्यः। —मुण्डक ३।२।४

८ क्लैब्यं मा स्म गमः पार्थ। इत्यादि। गीता २।३

९ उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत। —कठ० १।३।१४

१० उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्। इत्यादि। गीता ६।५-६

११ देखिए: महोप० ४।१०२ तथा गीता २।४७ तथा ३।८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्यक्ति मार्ग की कठिनाइयों को ब्रह्म रूपी नौका से पार करे[१] तथा गीता का आश्वासन है कि अनन्ययोग से उपासना करने वालों का मृत्यु संसार सागर से उद्धार भगवान् स्वयं करते हैं तथा यह भी कि जो व्यक्ति अनन्य भाव से ईश्वर की उपासना करते हैं, उनका योग-क्षेम ईश्वर स्वयं करता है[२]। जहाँ उपनिषद् की उक्ति है कि शोक मत करो, तुम आत्मज्ञानी हो। अतः तुम्हारे शोक का अन्त स्वयं हो जायेगा[३], वहीं गीता की वाणी है कि तुम सब धर्मों को छोड़कर मेरी शरण आओ, मैं तुम्हें सभी पापों से मुक्त कर दूँगा[४]।

———

१ ब्रह्मोडुपेन प्रतरेत विद्वान् स्रोतांसि सर्वाणि भयावहानि। —श्वेताश्व० २।८

२ तेषामहं समुद्धर्ता मृत्युसंसारसागरात्।
भवामि नचिरात् पार्थ मय्यावेशितचेतसाम्॥ गीता १२।७
तथा
अनन्याश्चिन्तयन्तो मां ये जनाः पर्युपासते।
तेषां नित्याभियुक्तानां योगक्षेमं वहाम्यहम्॥ गीता ९।२२

3 मा शोचीरात्मविज्ञानी शोकस्यान्तं गमिष्यसि। —शाण्डिल्योप० २।१

४ सर्वधर्मान् परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज।
अहं त्वा सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि मा शुचः॥ —गीता १८।६६

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दोहद

राधाकान्त ओझा

'दोहद' शब्द भारतीय वाङ्मय में सुप्रसिद्ध है। धर्मशास्त्रों में संस्कारों के विवरण में दोहद एक खास चीज है। व्याकरण के अनुसार 'दुह्' धातु से भाव में 'घञ्' प्रत्यय होने पर 'दोह' निष्पन्न हुआ। 'दोहं ददाति इति दोहदः', तात्पर्यतः गर्भस्थ शिशु के पोषणार्थ सम्भार की दोहद संज्ञा है। गर्भावस्था में जननी की चित्तवृत्ति असामान्य होती है क्योंकि गर्भस्थित शिशु के सूक्ष्म हृदय और मन की तरंगें माता के चित्त को भी आप्लावित करती हैं। दो हृदयों की इस युग्मावस्था के लिए 'दौहृद' शब्द का व्यवहार हुआ है, वही दोहद शब्द से भी प्रकट किया जाता है।[1] कोशकार अमर सिंह ने दोहद, दौहृद, श्रद्धा और लालसा शब्दों को पर्याय कहा है और इसे नपुंसक लिंग में प्रयुक्त माना है जब कि आचार्य हेमचन्द्र ने दोहद को पुलिंग में प्रयुक्त माना है।

दोहद अवस्था कब से प्रारंभ होती है इसका भी संकेत आयुर्वेद के ग्रन्थों में मिलता है। गर्भ की प्रारंभिक स्थिति में जब कि चेतना का प्रवेश गर्भ में नहीं हुआ, वह अवस्था इसके अन्तर्गत नहीं है। गर्भ धारण के चौथे महीने से दोहद काल आरंभ होता है। अष्टांगहृदय में गर्भ धारण के तीन पक्ष के उपरान्त से ही दोहद काल मानने के भी एक मत का उल्लेख आया है, उसमें ५ महीने तक की अवधि भी निर्धारित की गई है। सुश्रुत संहिता में दौहृदावस्था में समुत्पन्न हुई अभिलाषाओं की पूर्ति के अभाव में संतति पर कुप्रभाव और विकलांगता तथा उसका मानसिक रूप से दुर्बल होना वर्णित है। चरक संहिता में इस अवस्था में हानिकर वस्तुओं को भी दे देने का स्पष्ट निर्देश यह कारण बतलाते हुए किया गया है कि इस अवस्था में इच्छाशक्ति और मनोवल के कारण हानिकर वस्तुओं का भी अनुकूल ही प्रभाव होता है। दोहद की पूर्ति न होने के कुप्रभाव का वर्णन आयुर्वेद के चक्रदत्त और वाग्भट आदि ग्रन्थों में भी है।

सुश्रुत संहिता में किन-किन इच्छाओं से क्या-क्या प्रभाव प्रकट होता है, इसका क्रमिक उल्लेख निम्न प्रकार से समुपलब्ध है—

"राजसन्दर्शने यस्याः दोहृदं जायते स्त्रियाः
अर्थवन्तं महाभागं कुमारं सा प्रसूयते
दुकूलपट्टकौशेय भूषणादिषु दौहृदात्
अलंकारैषिणं पुत्रं ललितं सा प्रसूयते
आश्रमे संयतात्मानं धर्मशीलं प्रसूयते
देवता प्रतिमायान्तु प्रसूते पार्षदोपमम्
दर्शने व्यालजातीनां हिंसाशीलं प्रसूयते
गोधामांसाशने पुत्रं सुषुप्सुं धारणात्मकम्"

(सुश्रुत शारीरस्थान अध्याय १०, श्लोक ४–७)

---

[1] सुश्रुत संहिता, शारीर स्थान, अध्याय ३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अर्थात् गर्भिणी को राजा के दर्शन की अभिलाषा होने पर वह धनवान् सन्तान को उत्पन्न करती है। रेशमी वस्त्र आभूषणादि में अभिलाषा होने पर अलंकारों की अभिलाषा रखने वाले सुन्दर पुत्र को वह उत्पन्न करती है। आश्रम की अभिलाषा पर धर्मशील, देवता की प्रतिमा दर्शन की इच्छा पर पार्षद के सदृश, व्याल जातियों के दर्शन की कामना पर हिंसा-शील समुत्पन्न होता है। गोह के मांस की अभिलाषा होने पर निद्राप्रिय आलसी सन्तान होती है। सुश्रुत संहिता के तृतीय अध्याय में भी इसी प्रकार की विविध इच्छाओं की विविध फलश्रुतियाँ उल्लिखित हैं।

यहाँ तक हमने दोहद के शास्त्रीय पक्ष को उपस्थित किया। अब एक दृष्टि काव्यों पर भी डालना इस विषय में रुचिकर होगा। काव्यों के वर्णनीय विषयों में महाकवियों ने जिन महत्त्वपूर्ण चरित्रों को उपनिबद्ध किया है, वहाँ जन्म का प्रसंग आने पर दोहद के वर्णन को नहीं छोड़ा गया है। सांकेतिक या आंशिक रूप में ये वर्णन यद्यपि सभी काव्यों में मिलते हैं, परन्तु इस विषय में महाकवि कालिदास, बाण, भवभूति, त्रिविक्रम भट्ट तथा महाकवि श्रीहर्ष विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं।

रघुवंश में रघु को पुत्र रूप में प्राप्त करने के लिए एक बड़ी तपस्या और कठोर परीक्षा में उत्तीर्ण होने के अनन्तर जब महाराज दिलीप की रानी सुदक्षिणा ने गर्भ धारण किया तब दोहदाभिलाषा के रूप में उसने मिट्टी खाई। उसके मुँह में मिट्टी की सुगन्ध पाकर दिलीप को अनुकूल दोहद के कारण अपार हर्ष हुआ। मिट्टी खाने की प्रवृत्ति यह सूचित करती थी कि गर्भस्थ शिशु पृथ्वी का समुचित संग्रह और शासन करने में प्रवीण सिद्ध होगा। आगे कहा गया है कि—

"उपेत्य सा दोहद दुःखशीलतां यदेव वव्रे तदपश्यदाहृतम्।
नदृष्टमस्य त्रिदिवेऽपि भूपतेरभूदनासाद्यमधिज्यधन्वनः॥" (रघुवंश ३-६)

दोहद अवस्था में पहुँच कर महारानी सुदक्षिणा ने जो कुछ चाहा उसे अपने सामने उपस्थित पाया। धनुर्धारी दिलीप के लिए स्वर्ग में भी ऐसी कोई वस्तु नहीं थी, जो सुदक्षिणा की दोहदपूर्ति के लिए अप्राप्य हो।

सुप्रसिद्ध नाटककार भवभूति ने उत्तर रामचरित नाटक के प्रथम अंक में सीता की गर्भावस्था में दोहद की पूर्ति का उल्लेख किया है। रामचन्द्र को अरुन्धती और शान्ता का अष्टावक्र के द्वारा सन्देश मिलता है कि—

"यः कश्चित् गर्भदोहदी भवत्यस्याः सोऽवश्यमचिरात् सम्पादयितव्यः"

अर्थात् सीता को जो कुछ भी गर्भ दोहद हो, वह अवश्य और शीघ्र पूरा किया जाय।

रामचन्द्र का इस पर उत्तर है—

"क्रियते यद्यदेषा कथयति"

(जो जो यह कहती है उसको पूरा किया जाता है)

आगे लक्ष्मण के द्वारा तैयार कराये गये वनवास काल के चित्रों को देखते-देखते सीता को एक बार पुनः वन में जाने का दोहद हुआ और उसकी पूर्ति के रूप में उसे पुनः वनवास भोगना पड़ा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गद्य-काव्य के निर्माताओं में श्रेष्ठ वाणभट्ट ने अपने काव्य[१] में दोहद का वर्णन विस्तार से किया है।

प्रभाकर वर्द्धन की प्रिया यशोवती के द्वितीय गर्भ के दोहद से 'हर्षवर्द्धन' के रूप, गुण, शौर्य और औदार्य का यथार्थ मूल्यांकन किया है।

नूतन पल्लवों के समान चरणों को धीरे-धीरे भूमितल पर रखने वाली यशोवती की छाया पृथ्वी को छूती हुई ऐसी मालूम पड़ती थी जैसे वसुन्धरा उसकी सेवा कर रही हो, कोमल शय्या पर सोई हुई महारानी यशोवती के स्वच्छ गालों पर उपधान की पुत्तलिकाओं का प्रतिबिम्ब लक्ष्मी का प्रतीक था, जो भावी पति की प्रतीक्षा कर रही थी।

निस्तब्ध निशा में गर्भव्यथित रानी प्रासाद की छत पर जब शयन करती थी, तब आँचल के हटने से उरोज पर पड़ने वाला हिमकर का प्रतिबिम्ब श्वेत छत्र का द्योतक बनकर श्रीहर्ष के सार्वभौमत्व की सूचना दे रहा था। महल में सोती हुई यशोवती यह स्वप्न देखा करती थी कि भित्तियों पर अंकित चामर ग्रहण करने वाली मूक मूर्तियाँ भावी संतान का स्वागत कर रही हैं।[२]

कभी-कभी स्वप्न में यह भी देखा करती थी कि चार दिग्गज सूंड़ों द्वारा कमल के पत्ररूपी पात्रों से शिशु का अभिषेक कर रहे हैं।[३]

यह तो स्वप्नावस्था की बातें हुई, जाग्रदवस्था में महल के ऊपर उड़ने वाले पक्षियों की आवाजों के व्याज से अलक्षित व्यक्तियों की जय-जयकार की ध्वनि उसे अनुभूत होती थी।[४]

आदेश देने की इच्छा, क्रीड़ा में भी आज्ञा के उल्लंघन को न सहना, चारों समुद्रों को इकट्ठा कर स्नान करने की उत्कण्ठा, समुद्र तट पर स्थित कुटीरों में भ्रमण तथा तटस्थ वालुकाओं पर विहार करने की उत्कट अभिलाषाएँ, बालक के अप्रतिहत तेज, वीरत्व तथा सौजन्य को व्यक्त कर रहे थे। विपत्ति में भी सविलास भ्रू संचालन, मणि के दर्पण को त्यागकर तलवार की चमचमाहट में मुख देखना, वीणा की ध्वनि का कटु और धनुष की टंकार का मधुर लगना, पिंजरस्थ सिंहों से आँख मिलाना, शिशु के शूरता-वीरता का परिचायक था। इस प्रकार बाणभट्ट ने दोहदावस्था का रोचक और प्रभावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया है।

श्री त्रिविक्रम भट्ट ने भी 'नल चम्पू'[५] में दमयन्ती के जन्म के वर्णन प्रसंग में दोहद का समुचित चित्रण किया है—

भीमसेन की प्रिया 'प्रियंगुमंजरी' दमयन्ती के आने पर चन्द्रमा के कलांकुर को

---

[१] हर्ष चरित, चतुर्थ उच्छ्वास

[२] इससे पूज्य होने की कल्पना की जाती है।

[३] इससे चारों दिशाओं का विजयी होना सूचित होता है।

[४] वह आवाज यशगान या भावी संतान का।

[५] नलचम्पू, उच्छ्वास ३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खाना चाहती थी।[1] चंचल भ्रमरों के मधुर आवाजों से मनोरम तथा विकसित आम्रवन में विहार करना पसन्द करती थी।[2] चारों तरफ फैले और विकसित नाना प्रकार के कमल वन में स्रवित मकरन्द विन्दु के मन्दतर तरंग के सम्पर्क से ठण्ढी मलय वायु के स्पर्श को अधिक पसन्द करती थी[3]। महान् और पवित्र मन्दराचल से निरन्तर मन्थन से उत्पन्न अमृत को अधिक मात्रा में पान करने की चेष्टा करती थी।[4]

जैसे मानव समाज में दोहद प्रदान करना अत्यावश्यक है, वैसे ही तरु-गुल्म-लतादिकों के भी दोहद की प्रक्रिया उल्लिखित है, जिससे वृक्षादिकों में अच्छे फल लगते हैं।

जैसे शब्दार्णव में—

"तरुगुल्मलतादीनामकाले कुशलैः कृतम्।
पुष्पाद्युत्पादितं द्रव्यं दोहदं स्यात्तु तत्क्रिया॥"

भिन्न-भिन्न वृक्ष और लताओं की दोहद प्रक्रिया भिन्न-भिन्न है। अनार के लिये लिखा है कि भेंड़ के मांस के जल का सेचन और उसके केश और मांस के धुयें को लगाने से पौधे की वृद्धि होती है। मछली का घी और त्रिफला के लेप से, आजाविकोद्भवमांस का लेप तथा धूँस के लगाने से अनार के वृक्ष में ताल के फल के समान फल लगता है। इस तरह अनेक उपायों का उल्लेख पाया जाता है, जिसका दृष्टान्त कवि श्री हर्ष ने अपने "नैषध महाकाव्य" में दिया है—

जब दमयन्ती के सौन्दर्य को सुनकर कामसंतप्त राजा नल मन बहलाव के लिये विलास-कानन में विहार कर रहा था, तब उसकी दृष्टि एकाएक अनार के वृक्षों में लटकते हुए दोहद प्रक्रिया से युत फलों पर पड़ी, जो दमयन्ती के कुच की विशालता की स्पर्धा से धूम्रपान करके हुए तपस्वियों की तरह तपस्या कर रहे थे।[5]

———

[1] इससे दमयन्ती का सौन्दर्य चन्द्रमा से अधिक होना सावित होता है।

[2] उपवन में भ्रमणशील सूचित हुआ।

[3] शिशु का स्वास मधुर सुगन्ध होना सिद्ध हुआ।

[4] शिशु का अंग-प्रत्यंग माधुर्य से भरा और वाणी का अमृतमयी होना सिद्ध होता है।

[5] नैषध, सर्ग १, श्लो० ८२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रजनन का जैव-नियंत्रण

अरुणा कुलश्रेष्ठ

प्राचीन समय में लिंग के विषय में बात करना अभद्रता समझी जाती थी। इसलिये लिंग (sex) को समाज में शक्तिहीन बना दिया गया था और उसका समाज से बहिष्कार कर दिया गया था। यहाँ तक कि लिंग का वैज्ञानिक अध्ययन जानवरों तक में नहीं किया जा सकता था इस विषय में प्रोफेसर ए० एस० पार्क्स (Cambridge University) द्वारा वर्णित एक सच्ची मनोरंजक कहानी यहाँ प्रस्तुत है। सन् १९२० में प्रोफेसर ए० एस० पार्कस को एक ऐसी मुर्गी मिली, जो धीरे-धीरे मुर्गा बनती जा रही थी। उन्होंने इस मुर्गी को एक ऐसे पड़ोसी के घर रखने का विचार किया जिनके पास काफी जगह थी। पड़ोसी ने इसका कारण जानना चाहा। प्रोफेसर पार्कस के द्वारा यह कहे जाने पर कि इस मुर्गी का लिंग बदल रहा है, पड़ोसी जरा चौंके और बोले कि वे सोच कर बतायेंगे। कुछ दिनों पश्चात् वे लौट कर आये और थोड़ी देर बात करने के बाद बोले कि वे इस लिंग बदलती हुई मुर्गी को अपने घर में रखना पसन्द नहीं करेंगे। इसका कारण व्यक्त करते हुये वे बोले, "मैं अपने लिये कुछ नहीं सोचता लेकिन आखिरकार मुझे अपनी पत्नी और लड़कियों की तो चिन्ता करनी है।" वास्तव में वे नहीं चाहते थे कि उनकी पत्नी तथा लड़कियाँ लिंग बदलता हुआ देखें। ऐसे होते थे, पुराने विचारों वाले लोग।

आज के समय में परिवार नियोजन बहुत ही आवश्यक है और परिवार नियोजन किस-किस तरह से किया जा सकता है, इसके लिये ठोस अध्ययन की अत्यधिक आवश्यकता है। जनसंख्या बड़ी तीव्र गति से बढ़ती जा रही है। इस बढ़ती हुई जनसंख्या का कारण मनुष्य जाति के लिंग में कोई आकस्मिक परिवर्तन नहीं है, अपितु इसका कारण चिकित्सा-विज्ञान का बढ़ता हुआ ज्ञान है, जिसने मृत्यु संख्या तो कम कर दी है किन्तु जन्मसंख्या बढ़ा दी है और उसका परिणाम है—बढ़ती हुई आबादी (चित्र सं० १)।

जनसख्या तीन बातों पर निर्भर होती है—खाद्यान्न, रोग और युद्ध। युद्ध के दौरान हताहतों की संख्या बढ़ने से आबादी कम होती है। खाद्याभाव में भी मृतकों की संख्या बढ़ती ह। जहाँ तक रोग का सम्बन्ध है, जैसा कि हमें ज्ञात है, आज लगभग सभी रोगों की चिकित्सा संभव है और जिन रोगों की चिकित्सा नहीं है उनकी भी भविष्य में ज्ञात हो जायगी; हम ऐसी आशा करते है। हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि एक तरफ तो जनसंख्या कम करने का प्रयत्न करते हैं और दूसरी तरफ सब रोगों की चिकित्सा निकाल कर जीवन की अवधि बढ़ाते हैं। और जब जीवन की अवधि बढ़ेगी तो जनसंख्या बढ़ेगी ही। परन्तु दोनों ही बातें अपने-अपने स्थान पर महत्त्व रखती हैं।

बढ़ती हुई जनसंख्या हमको गर्भावरोध की उत्तम विधियों पर विचार करने के लिए विवश करती है। यद्यपि गर्भावरोध की बिल्कुल ठीक-ठीक तथा आदर्श विधि बताना

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बहुत ही कठिन है और कोई भी एक आदर्श विधि देश के हरेक भाग में सफल सिद्ध नहीं हो सकती, तथापि इतना तो हम कह ही सकते हैं कि आदर्श तरीका निर्भय तथा विश्वसनीय होना चाहिए ।

GROWTH OF WORLD POPULATION

बढ़ती हुई जनसंख्या



चित्र सं० १

गर्भावरोध के तरीके जानने के लिए हमको अपना ध्यान संतान उत्पत्ति की उस क्रमोन्नत्ति पर केन्द्रित करना चाहिए जिस पर बहुत ही सरलता से विघ्न डाला जा सकता हो । नर तथा मादा दोनों ही लिंगों में ऐसी आठ अवस्थायें ज्ञात हैं जहाँ विघ्न डाल कर गर्भावरोध किया जा सकता है किन्तु व्यावहारिक रूप में किसी-किसी अवस्था म विघ्न डालना कठिन हो जाता है ।

जननेन्द्रिय अवयव (Reproductive Organs)—जननेन्द्रिय में मुख्यतः तीन अंग हैं :—

(१) पिट्यूटरी ग्रन्थि या पियूष ग्रन्थि (Pituitary gland) ।

(२) जनद-ग्रन्थि या गोनेड (Gonad) ।

(३) अतिरिक्त लिंग रचनाएँ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मादा लिंगेन्द्रिय अंग

शरीर के अन्दर उदरगुहा के निचले भाग में दोनों तरफ एक-एक अण्डाशय (Ovary) से एक-एक नलिका बाहर निकलती है जिसे अण्डवाहिनी (Oviduct) कहते हैं। दोनों तरफ की अण्डवाहिनियाँ मिल कर एक थोड़ी चौड़ी-सी जगह बनाती हैं जिसे गर्भाशय (Uterus) कहते हैं। यहीं भ्रूण (नव शिशु) का विकास होता है।

नर लिंगेन्द्रिय अंग

वृषण (testes) नीचे की ओर शरीर से बाहर होते हैं। प्रत्येक वृषण से एक शुक्र-वाहिनी (Vas-deferens) शरीर से निकलती है और अलग-अलग शुक्रवाहिनी कलशिका (Ampulla) बनाती है। वृषण में शुक्राणु (Sperm) पैदा होते हैं तथा शुक्रवाहिनी के द्वारा शरीर से बाहर जाते हैं।

नर तथा मादा दोनों में ही, इन अंगों की रचना तथा कार्य एक विशेष क्रम में बध्य ह। क्रम का प्रत्येक पग अपने में से पहले वाले पग की सफलता पर निर्भर करता है। यदि किसी भी पग पर विघ्न उपस्थित कर दिया जाय तो क्रम आगे नहीं बढ़ सकता। गोनेडो-ट्राफिक हारमोन (Gonadotrophic Hormone) जो पियूष ग्रन्थि से निकलता है तथा कुछ गोनेडल हारमोन ((Gonadal Hormones) जो जननग्रन्थि से निकलते है, इस विशेष क्रम को नियन्त्रित करते हैं।

अब प्रजनन की क्रमोन्नति के उन क्रमों का विवरण दिया जायगा, जिनमें बाधा डाल कर गर्भावरोध किया जा सकता है।

मादा (Female) – मादा जनन-अंगों में आठ अवरोध योग्य अवस्थायें इस प्रकार हैं :

१—पियूष ग्रन्थि से हारमोन का निकलना।

२—पिट्यूइटरी के हारमोन के कारण अण्ड का पैदा होना तथा अण्डकोष से हारमोन का निकलना।

३—अण्डे का अण्डवाहिनी में से गुजरना।

४—संसेचन (Fertilization)

५—गर्भाशय की ओर अग्रसित होते हुये अण्ड में प्रारम्भिक परिवर्तन।

६—अण्ड का गर्भाशय में प्रवेश।

७—भविष्य के परिवर्तनों के लिये अण्ड का गर्भाशय में स्थापित होना।

८—नव-शिशु का सुचारू रूप से विकास।

नर (Male)—नर के जनन-अंगों में आठ अवरोध योग्य स्थान इस प्रकार हैं :—

१—पिट्यूइटरी ग्रन्थि से हारमोन का निकलना।

२—पिट्यूइटरी हारमोन के प्रभाव के कारण शुक्राणुओं (वीर्य) का निर्माण तथा वृषण से नर रासायनिक तत्त्वों का निकलना।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

३—शुक्राणुओं का अधिवृषणिका में प्रवेश तथा शुक्राणु में प्रारम्भिक परिवर्तन का होना ।

४—शुक्राणुओं का शुक्रवाहिनी में प्रवेश तथा वहाँ से शुक्रवाहिनी कलशिका की ओर अग्रसर होना ।

५—शुक्र का नर शरीर से बाहर निकलना ।

६—शुक्राणुओं का मादा गर्भाशय ग्रीवा में प्रवेश ।

७—शुक्राणुओं का गर्भाशय तथा अण्डवाहिनी में प्रवेश ।

८—अण्ड का शुक्राणु द्वारा संसेचन ।

इस तरह से हम देखते हैं कि नर तथा मादा दोनों ही लिगों में कुछ अवस्थाएँ एसी हैं जिनमें विघ्न उपस्थित करके बच्चे का जन्म रोका जा सकता है। इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी वैज्ञानिक इन अवस्थाओं से परिचित हैं तथा और अधिक वृत्तान्त जानने के लिये प्रयत्नशील हैं जिससे वे प्रजनन रोकने के सर्वोत्तम तरीकों की खोज कर सकें ।

प्रजनन रोकने की विधियाँ (Methods of control)—प्रजनन रोकने का कोई भी तरीका सुरक्षित, भयरहित तथा विश्वसनीय होना चाहिये ।

प्रजनन रोकने की जीव-विद्या सम्बन्धित कुछ सम्भावनाएँ



१—**शुक्राणु उत्पादन अवरोध** (Inhibition of Spermatogenesis)—इसके लिए कई विधियाँ उपलब्ध हैं—

(क) **एण्टीस्परमेटोजीनिक एजेण्ट** (Antispermatogenic Agents) अर्थात् शुक्राणु की उत्पत्ति रोकने वाले साधन ।

लगभग पन्द्रह वर्ष पूर्व ऐसा समझा जाता था कि नाइट्रोफ्यूरोन (Nitrofuran) तथा थायोफीन (Thiophene) श्रृंखलाओं में कुछ यौगिक इस प्रकार के हैं जिनके प्रयोग से शुक्राणु का उत्पादन रोका जा सकता है। लेकिन इन यौगिकों का प्रयोग मनुष्य पर कभी नहीं किया गया ; क्योंकि इन यौगिकों की वह मात्रा, जो शुक्राणु उत्पादन रोकने के लिए आवश्यक है, मनुष्य के दूसरे अंगों पर हानिकारक प्रभाव डालती हैं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(ख) पिट्यूइटरी ग्रन्थि की कार्यक्षमता कम करना (Supression of Hypophysial Activity)

पिट्यूइटरी या पियूष एक ऐसी ग्रन्थि है जो कि प्रजनन के लिये बहुत ही आवश्यक है। अतएव हम किसी प्रकार पिट्यूइटरी की कार्यक्षमता रोक सकें तो प्रजनन सम्भव

SUPRESSION OF HYPOPHYSIAL ACTIVITY BY OESTROGEN
इस्ट्रोजन द्वारा पियूष ग्रन्थि की कार्य क्षमता कम करना



चित्र सं॰ २

नहीं हो सकता। यदि जनन ग्रन्थि से उत्पन्न होने वाले हारमोन कृत्रिम रूप में शरीर में पहुँचा दिये जांय तो वे जनन ग्रन्थि को तीव्र कर देंगे जिससे पियूष ग्रन्थि की कार्यक्षमता स्वयं कम हो जायेगी क्योंकि जनन ग्रन्थि में हारमोन की मात्रा वढ़ जाने से जनन ग्रन्थियों को पिट्यूइटरी ग्रन्थि के हारमोन की आवश्यकता नहीं रहती। प्रोजेसटिशैन एक ऐसा रासायनिक पदार्थ है जो पियूष ग्रन्थि की कार्यक्षमता बहुत हद तक कम करता है।

कुछ अरासायनिक (Non-Chemical) तथा नि-इस्टेरायड (Non steroid) ऐसे योगिक भी पाये जाते हैं जिनमें पियूष ग्रन्थि की कार्यक्षमता रोकने या कम करने की शक्ति होती है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण I C I यौगिक (Dithiocarbamoy-lthydrazin) है। इसके इस प्रभाव का सर्वप्रथम पता पैजेट (Paget), वेलपोल (Walpole) तथा रिचार्डसन् (Richardson) ने लगाया था।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

I C I यौगिक 33828 का प्रभाव

खुराक प्रति दिन मिली ग्राम। किलोग्राम	वृषण (testes) के भार में प्रतिशत कमी
१६	३०
४०	५१
१००	५५
२५०	७४

(ग) प्रतिरक्षा विधियाँ (Immunological Methods)

प्रतिरक्षा प्रजनन विरोध की बहुत ही अच्छी विधि है। इसमें शुक्राणु प्रतिजन के रूप में प्रयोग किये जाते हैं। जब इन शुक्राणुओं का किसी भी नर शरीर में प्रवेश करवा दिया जाता है तो वे शुक्र प्रतिकारकों (Antispermatogenic Antibodies)



चित्र सं० 3

को उत्पन्न कर देते हैं। जब ये शुक्र प्रतिकारक नर के शुक्राणुओं के सम्पर्क में आते हैं तो शुक्राणुओं का समूहन कर देते हैं अथवा उनके ऊपर एक प्रकार का आवरण उत्पन्न कर देते हैं जिससे ये समूहित शुक्राणु संसेचन के योग्य नहीं रह जाते।

(घ) शुक्राणु में जीव-रासायनिक विघ्न (Biochemical Interference With Spermatogenesis)

यदि कैडमियम क्लोराइड नामक रासायनिक यौगिक नर शरीर में प्रवेशित कर दिया जाय तो यह शुक्रजनक नलिकाओं को छिन्न-भिन्न कर देता है जिससे शुक्राणु उत्पादन असफल हो जाता है। लेकिन यदि कैडमियम क्लोराइड के पश्चात् जिंक (Zinc) नामक रासायनिक तत्त्व को शरीर में प्रवेशित कर दिया जाय तो कैडमियम क्लोराइड अपना कार्य करने में असफल हो जाता है इससे यह सिद्ध होता है कि अवश्य ही कैडमियम क्लोराइड जिंक के किसी ऐसे कार्य में विघ्न डालता है जो वृषण उपापचयन के लिए आवश्यक है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

डाक्टर जेक्सन (Dr. Jakson) रेडियोमाइमेटिक (Radiomimetic) तथा रासायनिक तत्त्वों पर अध्ययन कर इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि प्रजनन क्रम में कुछ ऐसी अवस्थायें है जिसमें रेडियो माइमेटिक तथा रासायनिक यौगिकों के प्रभाव से विघ्न उपस्थित किया जा सकता है। रेडियो माइमेटिक तत्त्व वे तत्त्व होते हैं जिनका प्रभाव रेडियम की किरणों के सदृश्य होता है। इसके प्रयोग से शुक्राणु उत्पादन रोका जा सकता है लेकिन अभी मनुष्य में तत्त्वों का प्रयोग संदेहास्पद है।

इसी तरह कार्ल हेलर (Carl Heller) ने डाइअमीन यौगिकों पर अध्ययन किया और इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि डाइअमीन यौगिक शुक्राणु उत्पादन रोक सकते हैं और ये यौगिक पिट्यूइटरी ग्रन्थि तथा वृषण की कार्यप्रणाली में किसी प्रकार की बाधा भी नहीं डालते (चित्र सं० ४), लेकिन व्यावहारिक रूप में यह विधि अभी सफल सिद्ध नहीं हुई है।



चित्र सं० ४

२—अण्डोत्पादन अवरोध (Inhibition of Ovulation)

नर में तो शुक्राणु जननीय जीवन पर्यन्त बनते ही रहते हैं लेकिन मादा में ऐसा नहीं होता। मादा में ४००,००० अण्डों की नींव जीवन के प्रारम्भिक काल में ही पड़ जाती है और बाद में उनकी संख्या में वृद्धि नहीं होती। इन चार लाख प्रारम्भिक अण्डों में ४०० के लगभग परिपक्व होकर अण्डोत्पादन करते हैं। शेष अण्ड़ों का अविवरता (Atresia) के कारण ह्रास हो जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आज से पैंतीस वर्ष पूर्व जब पियूष ग्रन्थि के जनन ग्रन्थिकारण हारमोन (Gonadotrophic Hormones) का पता चला, तब उसके पश्चात् यह भी पता लगा कि जनन-ग्रन्थि तथा पिट्यूइटरी ग्रन्थि का आपस में पारस्परिक सम्बन्ध है अर्थात् जननग्रन्थि की न्यून या अधिक उत्तेजना पियूष ग्रन्थि की कार्य-प्रणाली को प्रभावित करती है। अतएव जनन-ग्रन्थि के अधिक उत्तेजित होने पर पियूष ग्रन्थि अपने आप शिथिल पड़ जाती है और जननग्रन्थिकारक हारमोन उत्पन्न करने की शक्ति क्षीण हो सकती है तथा अण्डोत्पादन रुक सकता है।

जनन ग्रन्थि को कृत्रिम रूप से इस प्रकार अधिक उत्तेजित किया जा सकता है। इस्ट्रोजन (Oestrogen) नामक हारमोन सबसे अधिक क्रियाशील है। जब यह हारमोन मासिक धर्म के प्रारम्भिक दिनों में कृत्रिम रूप से प्रवाहित कर दिया जाता है तो यह जनन-ग्रन्थि को अधिक उत्तेजित कर देता है, जिससे पिट्यूइटरी ग्रन्थि निष्क्रिय हो जाती है।

प्रोजेसटिरॉन (Progesterone) नामक एक अन्य हारमोन भी पिट्यूइटरी को निष्क्रिय बना सकता है किन्तु इस्ट्रोजन की अपेक्षा यह कम प्रभावशाली है। इथीइस्टेरान (Ethisteron) खाकर सेवन किया जाने वाला प्रथम प्रोजेसटिरान था। ग्रेगरी पिनकस (Gregory Pincus) प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने मुख द्वारा लिए जाने योग्य इस यौगिक की प्रजनन क्षमता रोकने के लिए प्रयोग किया जो कि आजकल 'पिनकस पिल' (Pincus Pill) के नाम से प्रसिद्ध है। पिनकस पिल का सिद्धान्त केवल जननग्रन्थि को अत्यधिक उत्तेजित करना है।

पिनकस पिल का सेवन मासिक धर्म के बीच के दिनों में २० दिनों तक किया जाता है। यह गर्भ को उत्तेजित कर के अण्डोत्पादन रोकती है। इस गोली की विशेषता यह है कि इसके सेवन के पश्चात् किसी भी स्त्री का मासिक-धर्म बहुत ही नियमित हो जाता है।

यदि कोई महिला अपनी प्रजनन क्षमता रोकने के लिए पिनकस पिल (गोलियाँ) लेना चाहती है तो वे कैसे लेगी? (चित्र सं० ५) जैसा कि विदित है नारी में हर अट्ठाइसवें दिन पर मासिक धर्म प्रारम्भ होता है। इसके प्रारम्भ के प्रथम दिन रुधिर आना प्रारम्भ होता है जो चार या पाँच दिनों तक प्रारम्भ रहता है। पाँचवें दिन से महिला पिल लेना आरम्भ करेगी और चौबीसवें दिन तक लगातार एक गोली प्रतिदिन के हिसाब से लेती जायेगी। इसके पश्चात् वह पिल लेना बन्द कर देगी और परिणामस्वरूप २९वें दिन फिर रुधिर आना प्रारम्भ हो जायगा जो कि अगले मासिक-धर्म (Menstrual Cycle) का पहला दिन होगा। पाँचवें दिन से वह पुनः पिल लेना प्रारम्भ कर देगी। इस तरह वह अपनी जननक्षमता रोकने में सफल होंगी। लेकिन एक बात का ध्यान रहे कि उपरोक्त कहे दिनों में गोली का निरन्तर सेवन आवश्यक है क्योंकि किसी भी दिन गोली लेने से चूक जाने पर असफलता हाथ लग सकती है। गोली लेने का उपयुक्त समय रात्रि के भोजन के पश्चात् है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri



चित्र सं० ८



चित्र सं० ९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सारिणी संख्या २

पिल्स की संख्या जो नहीं ली गई।	संख्या—मासिक आवर्त्त चक्र	गर्भ । १०० स्त्रियाँ । वर्ष ।
पूर्ण इलाज	१७१२	३.८
०	१२७९	०.०
१— ५	२८२	९.२
६—१९	१५१	२५.९
इलाज के पूर्व	—	६२.५

३—संसेचन निवारण (Inhibition of Fertilization)

अब यहाँ इस परिस्थिति पर, जब कि नर तथा मादा दोनों ही जीवित शुक्राणु तथा अण्ड उत्पन्न कर रहे हों, विचार किया जायगा। शुक्र तथा अण्ड का परस्पर सम्पर्क तथा उनका एकाकार होना ही गर्भाधान या संसेचन कहलाता है। अतएव शुक्र तथा अण्ड का परस्पर सम्पर्क और एकीकरण निम्न किसी भी विधि से रोका जा सकता है—

(क) स्पन्दलय विधि (Rhythm Method)—यों तो गर्भाधान रोकन की सर्वोत्तम विधि नर तथा मादा का परस्पर संसर्ग रोकना है लेकिन सामान्य जनता के लिए यह विधि बहुत अधिक सफल सिद्ध नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में एक महिला डाक्टर की उक्ति "गर्भाधान रोकने की सबसे अच्छी चीज ठण्डा पानी है जो संसर्ग के पहले या बाद में नहीं, अपितु संसर्ग के बजाय पिया जावे" उद्धृत है।

मासिक धर्म के चौदहवें दिन अण्डाणु उत्पादन होता है और वह गर्भाशय में पहुँच कर केवल तीन दिन तक ही जीवित रहता है। मादा शरीर के अन्दर शुक्राणु का जीवन केवल एक दिन होता है। इस प्रकार केवल इन चार दिनों की अवधि में ही मैथुन प्रजनन क्षमता रखता है। इन चार दिनों के अतिरिक्त मैथुन असफल होगा। मासिक आवर्त्त-चक्र को इस तरह से दो भागों में बाँटना प्रथम सफल मैथुन, दूसरा असफल मैथुन, जनन क्षमता रोकने की विधि स्पन्दलय विधि (चित्र सं० ६) कहलाती है।

वैसे स्पन्दलय विधि बहुत ही सरल प्रतीत होती है, किन्तु इसको व्यावहारिक रूप में बरतना कठिन है। क्योंकि अभी तक ऐसा कोई भी तरीका ज्ञात नहीं हो सका है जिससे यह पता लगाया जा सके कि अमुक महिला में अमुक दिन अण्डाणु उत्पादन होगा क्योंकि साधारणतः सभी महिलाओं में मासिक धर्म नियमित रूप से नहीं होता।

(ख) ग्रैव श्लेष्मा का नियंत्रण (Control of Cervical Mucus)—किसी भी मादा में अण्डाणु उत्पादन के निकट के दिनों में ग्रैव-श्लेष्मा बहुत ही पतली तथा शुक्राणु द्वारा बेधन योग्य हो जाती है जबकी अन्य समय यही श्लेष्मा बहुत ही कड़ी तथा बेधन योग्य नहीं होती। अण्डोत्पादन के समय ग्रैव श्लेष्मा का यह पतलापन अवश्य ही इस्ट्रोजन तथा प्रोजसट्रिरॉन के प्रभाव के कारण होता है। इसलिए यदि प्रोजे-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सटिरॉन के द्वारा कोई ऐसा उपचार निकाल लें, जिससे कि ग्रैव श्लेष्मा सदैव कड़ी बनी रहे और शुक्राणु उसको भेद न सकें तो प्रजनन क्षमता कम करने का यह बहुत ही अच्छा तरीका होगा।

(ग) हायल्योरोनाइडेज अवरोध (Inhibition of Hyluranidase)—शुक्राणुओं में हायल्योरोनाइडेज (Hyluranidase) नामक एक किण्व (Enzyme) पाया जाता है जिसमें अण्ड की दिवारों को घोलने की क्षमता होती है। यह किण्व इस तरह शुक्राणु को अण्डभेदन में सहायता प्रदान करता है। एक अन्य हायल्योरोनाइडेज अवरोधक ऐसा भी पाया जाता है जिसे यदि संसर्ग के कुछ पूर्व शुक्राणु के साथ मिला दिया जाय तो यह शुक्राणुओं की अण्डभेदन शक्ति को समाप्त कर देता है और फलस्वरूप शुक्राणु अण्ड को भेद नहीं पाते और गर्भाधान रुक जाता है।

(घ) शुक्राणु के विरोध प्रतिरक्षण (Immunization against spermatozoa)—यदि किसी दूसरी स्पीशीज (species) के शुक्राणु मादा शरीर के अन्दर प्रवेश कर दिये जांय तो वे मादा शरीर में शुक्र प्रतिकारक उत्पन्न कर देते हैं और यह शुक्र प्रतिकारक शुक्राणुओं का मादा शरीर के बाहर ही समूहन कर देते हैं। इस प्रकार प्रजनन को नियंत्रित किया जा सकता है किन्तु इस परिणाम का कारण गर्भाधान का रुक जाना नहीं है अपितु गर्भपात का होना है।

४—गर्भरोपण निवारण (Inhibition of Implantation)—

यदि शुक्राणु अण्ड के अन्दर प्रवेश कर चुका है तो प्रश्न उठता है कि गर्भरोपण को किस प्रकार से रोका जाय। इसके लिए कई उपाय उपलब्ध हैं—

(क) संसेचित अण्ड को निष्क्रिय करना (Inactivation of Fertilized Egg)—एम० इ० आर०–२५ (MER–25) एक ऐसा यौगिक है जिसको यदि संसर्ग के बाद मादा शरीर के अन्दर प्रवेश करा दिया जाय तो यह गर्भरोपण का निवारण करता है। वास्तव में एम० इ० आर०–२५ संसेचित अण्ड के प्रारम्भिक परिवर्तन में विघ्न डालने की क्षमता रखता है जिससे युग्मज का आगे का विकास रुक जाता है।

एम० आर० एल०–४१ (MRL-41) एक दूसरा इसी तरह का यौगिक है जो गर्भरोपण रोकता है लेकिन इस यौगिक का लगातार प्रयोग करने से शरीर के अन्य अंगों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

कुछ ऐसे योगिक भी हैं जो कि गर्भरोपण भी रोकते हैं और शरीर के दूसरे अंगों पर बुरा प्रभाव भी नहीं डालते। इस तरह के यौगिकों का अध्ययन किया जा रहा है और आशा है कि निकट भविष्य में अवश्य इस तरह के यौगिक प्राप्त हो जायेंगे जो किसी भी तरह का हानिकारक प्रभाव डाले बिना मानवजाति में गर्भरोपण का निवारण करने में सफल होंगे।

(ख) उत्तेजना अवरोध (Inhibition of Progestational Proliferation or sensitivity)—गर्भाशय की उत्तेजना परिपक्व अण्ड के गर्भरोपण के लिये बहुत ही आवश्यक है और यह उत्तेजना इस्ट्रोजन तथा प्रोजेसटिरॉन नामक हारमोन के बहुत ही सूक्ष्म संतुलन पर निर्भर करती है। यदि इसे असंतुलित कर दिया जाय तो

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गर्भरोपण सम्भव न हो सकेगा। यह असंतुलन बहुत ही आसानी से कृत्रिम रूप से इस्ट्रोजन या प्रोजेसटिरॉन देकर या दोनों में से किसी एक की कमी उत्पन्न करके किया जा सकता है।

ब्रूस प्रभाव (Bruce Effect)

ब्रूस (Bruce) प्रथम महिला हैं जिन्होंने १९६० में अवलोकन किया कि यदि तुरन्त समागम की हुई मादा चुहियों को दूसरे प्रभेद (Strain) के नर के साथ रख दिया जाय तो वे गर्भवती नहीं हो पातीं। बाद में इसका कारण पता लगाया गया। कारण था दूसरी जाति के नरमूत्र में से आने वाली एक गन्ध जो कि मादा चुहियों को गर्भवती होने से रोकती है। इस वास्तविकता पर आगे का अध्ययन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के डॉ० डोमनीक ने १९६६ में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में शोध करते समय किया है। हम देखते हैं कि गर्भरोपण गन्ध से अर्थात् घ्राणशक्ति द्वारा भी रोका जा सकता है। घ्राण शक्ति द्वारा प्रजनन क्षमता रोकने की यह विधि इस क्षेत्र में एक नया कदम है। हमें आशा है कि भविष्य में यह तरीका मानव में भी प्रजनन क्षमता कम करने में सहायक सिद्ध होगा।

सारिणी संख्या ३

चिकित्सा	गर्भपात
१—दूसरी जाति के नर की गन्ध	६०।७२ (८३ प्रतिशत
२—दूसरी जाति के नरमूत्र की गन्ध	४३।५१ (८४ प्रतिशत
३—एण्ड्रोजन दी गई मादा की गन्ध	४९।५७ (८६ प्रतिशत
४—एण्ड्रोजन दी गई मादामूत्र की गन्ध	४४।५४ (८१ प्रतिशत
५—बिना इलाज के	१८।५० (१२ प्रतिशत
६—बिना अवरोध के	१०।९८ (१० प्रतिशत

लूप (Loop)

लूप का प्रयोग आजकल बहुत ही व्यापक हो रहा है। आजकल प्रजनन क्षमता रोकने के लिए इसका अधिक उपयोग किया जा रहा है। यथार्थ में प्रजनन क्षमता कम करने की यह विधि १०० प्रतिशत सफल सिद्ध हुई है। लूप कई आकार की हो सकती है जैसे गोल, तिकोनी इत्यादि। लेकिन गोल लूप सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। लूप गर्भाशय के अन्दर डाल दी जाती है और वहाँ यह अण्ड का गर्भाशय में प्रवेश निषेध कर देती है जिससे गर्भरोपण नहीं हो पाता। यदि यह प्रश्न किया जाय कि प्रजनन क्षमता कम करने की या बन्द करने की सबसे अच्छी विधि कौन है तो निश्चय ही यह लूप है जो कि शंकारहित तथा पूर्णतया सफल है।

हमारा भविष्य क्या है ? प्रजनन क्षमता को कम करके ही जनसंख्या को कम किया जा सकता है। इस दूरवर्ती तथा अति सूक्ष्म लक्ष्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति का सहयोग प्राप्त करना एक कठिन कार्य है। इसलिए, भारत जैसे देश में जहाँ अधिकांश जनता अशिक्षित है, प्रत्येक सामान्य मनुष्य को इस समस्या का मूल्य समझाना बहुत ही आवश्यक है। वास्तव में यदि एक बार भी जनता जनसंख्या कम करने के प्रयोजन का मूल्य समझ ले तो आधी समस्या हल हो जायगी।

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दलरहित लोकतंत्र

केदार नाथ सिंह

लोकतंत्र यदि 'जनता द्वारा जनता का शासन है', तो वह केवल सरकार की प्रणाली ही नहीं, बल्कि जीवन की एक पद्धति भी है। जीवन की यथार्थता नैतिकता में निहित होने के कारण लोकतंत्र नैतिकता की अभिव्यक्ति है।[1] क्योंकि मनुष्य के विकास की कसौटी, बिना किसी प्रकार का बाह्य दबाव या अंकुश के अपने साथियों के बीच बन्धुत्व, न्याय और सहयोग की भावना के आधार पर साथ रह सकने की योग्यता में है।[2] नैतिक गुणों को प्रसारण के विविध साधनों द्वारा घोषित किया जा सकता है।

दलरहित लोकतंत्र राजनीतिक दलविहीन सरकारी प्रणाली तथा दलगत प्रथा रहित समाज की स्थापना अपना ध्येय मानता है। इसके विपरीत दलीय लोकतंत्र उन थोड़े से व्यक्तियों का शासन है जो सफलतापूर्वक अपने निर्वाचकों को अपनी तरफ खींच सके। कभी भी लोकतंत्र चोटी पर के थोड़े से संभ्रांत उच्चवर्गीय लोगों की स्वतंत्रता के बल पर अपना वास्तविक रूप नहीं पा सकता।[3] वर्तमान समय में लोकतंत्र जनता के विशिष्ट प्रतिनिधियों के शासन का रूप ले चुका है। ये प्रतिनिधि जनता के वास्तविक प्रतिनिधि नहीं, बल्कि अपने स्वार्थों का प्रतिनिधित्व करते हैं।[4] स्वार्थों का प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति भी जन-कल्याण का स्वांग रचता है। इसी कारण जहाँ एक ओर लिंकन ने जनतंत्र को 'जनता द्वारा जनता का शासन' कहा तो वहीं उसे जुरेज ने 'पशुओं द्वारा पशुओं का शासन' कहा। लोकतंत्र का विकृत एवं वीभत्स रूप जो दलीय राजनीति के कारण बना है जूरेज को ऐसा कहने के लिये बाध्य करता है। वर्त्तमान लोकतंत्र ने अपने दामन में शोषण और साम्राज्यवाद को स्थान देकर मानवता के हनन में और अधिक योगदान दिया है। दलीय पद्धति में दल सत्ता पर अधिकार करके शासन को दलीय नीति के अनुसार चलाने का प्रयत्न करते हैं।[5] ऐसा लोकतंत्र कुलीनतंत्र का रूप धारण कर लेता है। इस तरह से लोकतंत्र वह शासन प्रणाली है, जिसमें जनता का राज्य कहा जाता हो, दलों के नेता शासन कर्त्ता हो और शासन पूँजीपतियों के हित में हो, के भाव को व्यक्त करता है।

---

1 जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव, पृष्ठ ३

2 जयप्रकाश नारायण—समाजवाद से सर्वोदय की ओर, पृष्ठ ५०

3 गोरा (जी० रामचन्द्र राव)—ग्रामराज्य क्यों ? पृ० ४७

4 जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव, पृ० ५५

5 Gora–Partyless Democracy, p. 18

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वर्तमान लोकतंत्र सिर के बल खड़ा है क्योंकि सत्ता-श्रोत ऊपर से नीचे की ओर प्रवाहित होता है, जिसमें तानाशाही के पौधे पनपना बहुत ही आसान है। इसलिए इस प्रणाली को हम लोकतंत्रात्मक नहीं, वरन् 'लोकोक्रेटिक' कह सकते हैं।[१] संसदीय निर्वाचन में जो वयस्क और प्रत्यक्ष मताधिकार की प्रणाली प्रचलित है, वह वस्तुतः लोकतंत्रात्मक नहीं है। सम्भवतः वह उसी शस्त्रागार से पैदा है जहाँ से सर्वसत्तावाद के अस्त्र बाहर आते हैं।[२] वर्तमान शासन प्रणाली का आधार वैयक्तिक मुण्ड गणना है।

वर्तमान लोकतंत्र में राजनीतिक दलों का होना नितान्त आवश्यक माना जाता है परन्तु यह ठीक नहीं है क्योंकि 'मिल' अपने 'प्रतिनिधि शासन' नामक पुस्तक में दलों का कहीं भी वर्णन नहीं किया है। स्पष्ट है कि दलों का विकास आधुनिक रूप में वर्तमान समय की देन है। राजनीतिक दलों की उपयोगिता राजनैतिक तथा जन-जागृति के साधन के रूप में मानी जाती है। परन्तु दलों का एकमात्र उद्देश्य तो शासन सत्ता पर अधिकार करना है। अतः ये राजनैतिक भ्रष्टाचार का प्रचार करते हैं। राजनैतिक भ्रष्टाचार, निश्चय ही राजनीतिक दलों का संगठन लोकतंत्र के सुनिश्चित धारणा के अनुकूल नहीं है। उनका आन्तरिक ढाँचा मुख्यतः निरकुंश या कुलीन तंत्रात्मक है।[३] दलीय प्रणाली के समस्त दोष का निवारण दलरहित प्रणाली में होगा।[४]

ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था ही आदर्श व्यवस्था है, जिसमें सभी लोग अधिक से अधिक स्वशासन कर सकें। जनता ही प्रत्यक्ष रूप से अपना शासन करे। अपने लिए कानून बनाये और न्याय व्यवस्था का संचालन करे तथा प्रशासन का सारा काम स्वयं चलाये या उसकी देखरेख में हो।[५] परन्तु यह व्यवस्था अवश्य ही कठिन है इसलिए लोकतंत्र का यही अर्थ स्वीकार करना चाहिये—विधियुक्त प्रतिनिधि शासन व्यवस्था।[६] वर्तमान लोकतंत्र को देखकर यही कहा जा सकता है कि सरकार को पदारूढ़ और पदच्युत कर सकने की जनता की क्षमता। लोकतंत्र को इससे कुछ भी अधिक कहना शब्दों का दुरुपयोग होगा।[७]

---

1 खैलबेदोर दि मदेरियांगा—डिमोक्रेसी वर्सेस लिबर्टी, पृ०८२

2 जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव, पृष्ठ ५४

3 जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव पृष्ठ ५८।

4 Gora—Partyless Democracy p. 15.

5 दलरहित लोकतंत्र की परिभाषा, प्रत्यक्ष प्रजातंत्र के समान प्रलक्षित होती है, परन्तु जब कि प्रत्यक्ष प्रजातंत्र आज के अणु युग में अमान्य तथा अवैधानिक माना जाता है तो दलरहित लोकतंत्र के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ता जा रहा है।

6 जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव पृष्ठ २

7 H.G. Mayo—Democracy and Marxism, p. 256.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रूसो की 'सामान्य इच्छा' अधिक से अधिक लोगों की शासन करने की प्रेरणा है। लॉस्की के अनुसार लोकतंत्र तभी सफल हो सकेगा, जब लोग अन्तः-प्रेरणा से प्रेरित होकर अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे। मनुष्य का पूर्ण विकास स्वयं व्यक्तित्व की उपलब्धि में है। व्यक्ति के अन्दर अनन्त सम्भावनाएँ सुषुप्त पड़ी हैं, जिन्हें जागृत करने के लिये व्यक्तिगत स्वतंत्रता आवश्यक है। जनता के अन्दर ज्यों-ज्यों चेतना बढ़ती जायेगी, त्यों त्यों राजनीतिक दलों एवं महत्त्वाकांक्षी लोगों का प्रभाव समाप्त होता जायेगा।[१] वर्तमान लोकतांत्रिक पद्धति का आदर्श 'अधिक से अधिक लोगों का अधिक से अधिक सुख हो' पर आधारित है।[२] वास्तव में इसमें बहुसंख्यकों और अल्पसंख्यकों के झगड़े का बीज नीहित है। लोकतांत्रिक लोकव्यवस्था का स्वरूप चाहे जो भी हो परन्तु उसकी महान् विशेषता स्वतन्त्रता, समानता और बन्धुत्व को समाप्त नहीं किया जा सकता है। जहाँ पर इनका अभाव हो वहाँ पर लोकतन्त्र की कल्पना करना ही बेकार है। [३]दलरहित लोकतन्त्र जनता की राजनीति है, जिसका सिद्धांत 'सबका अभ्युत्थान' है जो सर्वोदय की प्रेरणा है। यह दलीय एवं सत्ता की राजनीति के सर्वथा भिन्न है। वस्तुतः इनका लक्ष्य सत्ता के समस्त केन्द्रों को समाप्त करना है। जितनी अधिक सर्वोदयी राजनीति बढ़ेगी, उतनी ही अधिक पुरानी राजनीति सिकुड़ेगी। सही अर्थों में यही होगा—राज्य का क्षय। [४]राज्य की उपयोगिता केवल यह है कि वह सभी लोगों के कल्याण को स्थापित करे। [५]वर्तमान लोकतन्त्र में जो दलीय वेश्यावृत्ति प्रचलित है, उससे जन-कल्याण की आशा करना बेकार है। क्योंकि व्यक्तिगत स्वार्थ को लेकर एक दल से दूसरे दल में जाना एक साधारण बात है, यहीं पर नैतिकता का हनन होता है। दलरहित लोकतन्त्र में नैतिकता को आधार बनाकर शासन के सबसे महत्त्वपूर्ण अधिकार को ग्राम-स्तर पर छोड़ दिया जाता है।

दलरहित लोकतन्त्र एक क्रान्ति है, जिसमें सत्ता के विकेन्द्रीकरण को प्राथमिकता दी जाती है। सत्ता के हस्तान्तरण द्वारा ही वास्तविक लोकतन्त्र की परिकल्पना हो सकती है। [६]क्योंकि हस्तान्तरित सत्ता के द्वारा ही समस्त व्यक्ति अधिकार सम्पन्न होंगे। सत्ता के हस्तान्तरण द्वारा राज्य की उपयोगिता समाप्त हो जायेगी तथा आदर्श राज्य में राजनीतिक शक्तियों का भी ह्रास हो जायेगा।[७]

---

[१] जयप्रकाश नारायण—लोक स्वराज्य, पृष्ठ १३।

[२] सन्त विनोबा भावे—सर्वोदय विचार और स्वराज्य शास्त्र, पृष्ठ ५५

[३] जयप्रकाश नारायण—भारतीय राज्य व्यवस्था की पुनर्रचना का एक सुझाव, प्राकथन पृष्ठ १।

[४] जयप्रकाश नारायण—समाजवाद से सर्वोदय की ओर, पृष्ठ ६९।

[५] Gopinath Dhawan—Political Philosophy of Mahatama Gandhi, P. 213.

[६] Harizan—August 11, 1946, p. 258.

[७] young India—July 2, 1931 p. 162.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शासन कार्य पाँच स्तरों से सम्पन्न किया जायेगा। य स्तर होगें—ग्राम, क्षेत्रीय, जिला, प्रान्तीय और राष्ट्रीय। अधिकार का सबसे अधिक प्रयोग ग्राम-स्तर पर किया जायेगा और सबसे कम राष्ट्रीय स्तर पर। सभी स्तरों के कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध किय जायेगा। यदि इनकी सम्भावना नहीं रहेगी तो गोटी-प्रणाली अपनायी जायेगी।[१]हस्तान्तरण के परिणामस्वरूप संगठन के हर सदस्य में साझेदारी तथा जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। [२]लोकांत्रिक समाज का अर्थ है 'सम्पूर्ण जनता की समानता'। [३]वर्तमान लोकतन्त्र में समानता के भाव का तो स्वांग अवश्य रचा जाता है, परन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। [४]क्योंकि अनुसूचित जातियों को विशेष सुविधा दी जाती है? क्या यही न्याय है कि एक जाति के विकास के लिए दूसरे को दबाया जाय? क्या यही उचित है कि जातीय भाव को योग्यता से प्राथमिकता मिले? राष्ट्रीय हित योग्य लोगों के शासन में जाने पर होगा, न कि सुरक्षित वर्ग के लोगों के जाने से।

दलरहित लोकतंत्र की स्थापना के दो मार्ग हैं—प्रथम जनता का आपस में पूर्णरूपेण समन्वय और दूसरे सरकार का जनता के निकट होना।[५] ऐसे समाज में जनता की सरकार होगी, जनता के आदेश होंगे, कानून होंगे और कार्यकारिणी उन कानूनों के पालन करने की ईकाई होगी।[६] ऐसे समाज में प्रत्येक व्यक्ति अपनी आवश्यकता का अनुभव करेगा और अपनी योग्यता के अनुसार प्राप्ति करेगा।[७]

दलरहित लोकतंत्र एवं सर्वोदय का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। महात्मा गांधी के अनुसार 'मैं अधिकार को स्पष्ट कर सकता हूँ परन्तु ग्रहण नहीं कर सकता'[८] यह भाव जन शासन की ओर संकेत करता है। राज्य में जब तक मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण होता रहेगा तब तक अहिंसा का विधान स्थापित नहीं हो सकता।[९] मनुष्य शोषण पर अवरोध दलरहित विधान द्वारा ही लगाया जा सकता है, न कि एकदलीय शासन द्वारा। आज रूस अपने को आदर्श लोकतांत्रिक देश कह रहा है, परन्तु व्यक्ति-स्वातंत्र्य का हनन करने वाली कम्युनिस्ट सरकार अधिनायकवाद के ही निकट है।

सर्वोदय दृष्टि एक विश्व दृष्टि है।[१०] गांधी जी के अनुसार प्रत्येक ग्राम एक गणराज्य बनेगा जो पूर्ण सत्ता सम्पन्न होगा।[११] गांधी जी के इस ग्राम राज्य या रामराज्य

---

1 W. H. Morrise—Jones—Economic Weekly Vol XII Jun 25, 1960.

2 Gora—Partyless Democracy, p. 7.

3 Ibid—p. 13.

4 भूदान यज्ञ–साप्ताहिक, १३ अगस्त १९६५, पृष्ठ १

5 J. P. Narayan—"Partyless Government," Sarvodaya. Vol X (4) 1960, p.139.

6 Ibid—p. 137.

7 Harizan—March 31, 1946, p. 63.

8 आचार्य नरेन्द्रदेव—राष्ट्रीयता और समाजवाद, पृष्ठ 738

9 वही — पृष्ठ 737

10 जयप्रकाश नारायण—समाजवाद से सर्वोदय की ओर, पृष्ठ ५१।

11 Harizan—13 June 1940. p. 411.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

की कल्पना दलरहित लोकतंत्र के द्वारा ही सम्भव की जा सकती है। आदर्श राज में कोई भी राजनैतिक शक्ति नहीं होगी क्योंकि यहाँ पर राज्य ही नहीं होगा।[1] इस ग्राम राज्य में प्रत्येक कार्य सहकारिता पर निर्भर होगा।[2] राज्यविहीन आदर्श समाज सच्चाई और प्रम पर आधारित होगा।[3] सर्वोदय दर्शन के अनुसार लोकतंत्र जन सहयोग पर आधारित है और जन-सहयोग आपसी प्रेम और सहिष्णुता पर निर्भर है।[4] प्रम और सहिष्णुता दल-रहित समाज में ही सम्भव है। जहाँ गांधी जी ने वर्गहीन एवं समाजविहीन समाज को आदर्श समाज माना है वहीं पर जयप्रकाश नारायण ने राज्य के द्वारा जन-सहयोग का आह्वान किया है। ये दोनों बातें एक ही विचारधारा (सर्वोदय) में कहाँ तक चल सकेंगी, यह भविष्य ही बतलायेगा। वर्ग एवं राज्यविहीन समाज को कम्युनिस्ट भी आदर्श समाज मानते हैं, तो गांधी जी के विचारधारा से और कम्युनिस्ट विचारधारा में क्या अन्तर है? सिर्फ इतना ही कि गांधी जी का नैतिकता पर अटूट विश्वास था, तो कम्युनिस्टों की आध्यात्मिकता से सख्त नफरत। सर्वोदय एक आदर्शवादी दर्शन है।[5]

१ "द्वैकालिकस्त्वभीष्टविषयनाशजः प्राक्तनसुखस्मरणानुविद्धः सर्वथैव दुःखरूपः शोकः।"—अभिनवभारती, पृ० २२२।

२ "उत्पाद्यमानदुःखानुसन्धानजीवितविषयात् पलायनपरायणरूपानिषिध्यमानशंकित-सुखानुविद्धा जुगुप्सा"।—वही, १।११९ की वृत्ति पृ०, २२२।

३ "समस्तपूर्वदुःखसंचयस्मरणप्राणितः संभावित तदुपरमबहुलसुखमयो निर्वेदः।" —अभिनवभारतीं, पृ० २२४।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्राप्ति निर्वेद और तज्जन्य तत्त्वज्ञान से होती है। इसलिए यहाँ दुःख संचय की स्मृति से उत्पन्न होने पर भी दुःख से अत्यन्त निवृत्ति कराने वाले निर्वेद को अत्यन्त सुखस्वरूप कहा गया है।

अभिनवगुप्त ने रसों की सुखदुःखरूपता का निरूपण करते हुए कई महत्त्वपूर्ण बातें बतलाई हैं, उनमें पहली महत्त्वपूर्ण बात यह है कि नाट्यरसों को उन्होंने केवल सुखात्मक न मानकर सुखदुःखरूप अर्थात् उभयात्मक माना है। इसी आधार पर उन्होंने श्रृंगार, हास्य, वीर तथा अद्भुत इन चार रसों को सुखप्रधान तथा रौद्र, भयानक, करुण एवं वीभत्स को दुःखप्रधान रस माना है। सुखात्मक रसों में गौणरूप से दुःख का और दुःखात्मक रसों में गौणरूप से सुख का सम्बन्ध भी रहता है। यही उनका सिद्धान्त है। परन्तु उत्तरवर्ती कुछ आचार्यों ने रसों को केवल सुखात्मक माना है। उनके विचार से रसानुभूति में दुःख का लेशमात्र भी संपर्क नहीं होता। इसीलिए रसास्वाद को 'ब्रह्मानंद-सहोदर' कहा गया है।

करुण रस की दुःखरूपता

आचार्य अभिनवगुप्त के मत में करुण रस की अत्यन्त दुःखरूपता भी उल्लेख्य है। यों तो उन्होंने रौद्र, भयानक तथा वीभत्स रस को दुःखप्रधान रस माना है और उनमें करुण रस का समावेश किया है, परन्तु करुण रस की दुःखरूपता उन सबसे भिन्न प्रकार की है। उसे 'द्वैकालिकः' तथा 'सर्वथैवदुःखरूपः शोकः' कहकर उन्होंने उसकी नितान्त दुःखरूपता प्रकट की है।

इसके विपरीत उत्तरवर्त्ती आचार्य धनिक ने करुण रस की नितान्त सुखरूपता का प्रतिपादन किया है। उनका कथन है कि आनंद प्रधान श्रृंगारादि रसों में काव्यार्थ के परिशीलन से आनंद की अभिव्यक्ति होती है, यह तो ठीक है, किन्तु करुणरस के दुःखात्मक होने से उसकी अभिव्यक्ति कैसे हो सकती है? करुणरसात्मक काव्यों के सुनने पर सहृदयों के हृदय में भी दुःख का आविर्भाव तथा उसके कारण अश्रुपातादि देखे जाते हैं। करुण रस को आनन्दात्मक मानने पर यह बात नहीं हो सकती। इसलिए करुण रस आनन्दात्मक रस नहीं, बल्कि दुःखात्मक रस है। ऐसी पूर्वपक्ष की कल्पना करने के अनंतर उसका समाधान करते हुए धनिक ने बतलाया है कि 'काव्य के करुण रस का आनंद संभोग-कालीन प्रहरण के आनंद सदृश दुःखमिश्रित होने पर भी नितांत आनंदमय है। काव्य का करुण रस लौकिक करुण रस से भिन्न प्रकार का होता है, इसीलिए उसमें सहृदयों की विशेष रूप से प्रवृत्ति होती है। यदि काव्य का करुण रस भी लौकिक करुण रस के समान दुःखात्मक ही हो, तो उसके (काव्य के करुण रस के) आस्वादन में कोई भी प्रवृत्त न होगा और करुण रस प्रधान काव्यों का लोप हो जायगा। इसलिए काव्य के करुण रस को लौकिक करुण के समान दुःखप्रधान नहीं मानना चाहिए[१]। अश्रुपातादि का होना

---

[१] "किन्तु तादृश एवासानन्दः सुखदुःखात्मको यथा प्रहरणादिषु संभोगावस्थायां कुट्टमिते स्त्रीणाम। अन्यश्च लौकिकात् करुणात् काव्यकरुणः। तथाह्यत्रोत्तरा रसिकानां प्रवृत्तयः। यदि च लौकिककरुणवद् दुःखात्मकत्वमेवेह स्यात् तत्रान कश्चित्त प्रवर्त्तेत्।"—दशरूपक, वाराणसी संस्करण पृ० २४९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोई दोष नहीं है। वे तो इतिवृत्त को सुनकर लौकिक वैकल्य के समान काव्य में भी वैकल्य उत्पन्न होने से गिरते हैं। अतएव काव्य का करुण रस आनन्दात्मक ही है।

आचार्य विश्वनाथ ने भी करुण रस की आनन्दरूपता का प्रतिपादन किया है। उनका कहना है कि 'करुण आदि रसों में जिस परमसुख की प्राप्ति होती है, उसके लिए सहृदयों का अनुभव ही प्रमाण है'[१]। अतएव सहृदयों के अनुभव के आधार पर ही करुण रस को आनन्दात्मक रस मानना चाहिए। यही नहीं, भवभूति ने तो उसे अत्यन्त व्यापक बतलाया है, और सभी रसों का समाहार करुण रस में कर दिया है[२]।

यहाँ प्रश्न उठ सकता है कि यदि करुण रस को सुखमय माना जाय, तो यह बतलाना होगा कि सीता वनवासादिरूप दुःख के कारणों से सुख की उत्पत्ति कैसे हो सकती है? और सुख में अश्रुपातादि क्यों देखे जाते हैं? इसका समाधान करते हुए विश्वनाथ ने कहा है कि लोक में सीतावनवासादि दुःख का कारण माना जाता है, इसलिए उनसे लौकिक दुःख भले ही उत्पन्न हो, परन्तु काव्य में वे लौकिक कारण न रहकर अलौकिक विभावपद वाच्य हो जाते हैं, इसलिए उनसे सुख की उत्पत्ति मानने में कोई दोष नहीं है[३]। इतिवृत्त को देखकर चित्त में द्रवीभाव रूप वैकल्य उत्पन्न हो जाने के कारण अश्रुपातादि होने लगते हैं। चित्त का उस प्रकार का द्रवीभाव आनंदातिरेक में भी हो जाता है। इसलिए अत्यधिक आनंद होने पर भी अश्रुपातादि होने लगते हैं। अतएव अश्रुपातादि के आधार पर करुण रस को दुःखात्मक नहीं माना जा सकता।

इस प्रकार धनिक तथा आचार्य विश्वनाथ ने बड़े संरभ के साथ करुणरस की सुखरूपता का प्रतिपादन किया है। नाट्यदर्पण के रचयिता रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र ने भी इस विषय में अपन मत दिये हैं। वे कुछ रसों को केवल सुखात्मक तथा कुछ को केवल दुःखात्मक मानते हैं। अभिनवगुप्त की तरह सबको उभयात्मक नहीं मानते। इसी कारण इनका मत (धनिक का मत) विभज्यवादी मत कहलाता है। इष्ट विभावादि से उत्पन्न होने के कारण श्रृंगार, हास्य, वीर, अद्भुत तथा शांत रस ये पांच रस नितांत सुखरूप हैं। इसी प्रकार अनिष्ट, विभावादि से उत्पन्न होने के कारण करुण, रौद्र, वीभत्स तथा भयानक ये चार रस नितांत दुःखरूप हैं[४]।

---

१ "करुणादावपि रसे जायते यत् परं सुखम्।
सचेतसामनुभवः प्रमाणं तत्र केवलम्॥" —साहित्यदर्पण, ३।४

२ "एको रसः करुण एव निमित्तभेदाद्भिन्नः पृथक् पृथगिवाश्रयते विवर्तान्।
आवर्त्तबुद्बुदतरंगमयान् विकारान् अम्भोयथा सलिलमेव हि सत्समस्तम्"
—उत्तररामचरित

३ "हेतुत्वं हर्षशोकादेर्गतेभ्यो लोकसंश्रयात्।
शोकहर्षादयो लोके जायन्तां नाम लौकिकाः॥
अलौकिकविभावत्वं गतेभ्यो काव्यसंश्रयात्।
सुखं संजायते तेभ्यः सर्वेभ्योऽपीति का क्षतिः॥"—साहित्यदर्पण, ३।६-७,

४ "रामममपि केचित् प्राहुः पुष्टिर्नाटयेषु चेतस्य।
निवदादिरतादृप्यादस्थायी स्वदते कथम्।
वैरस्यायैव तत्पोषस्तेनाष्टौ स्थायिनो मताः।"—दशरूपक, ४।३५-३२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार रसों के स्वरूप के विषय में तीन मत पाये जाते हैं—(१) अभिनवगुप्त का रसों की उभयरूपता का सिद्धान्त (२) धनिक तथा विश्वनाथ का समस्त रसों की नितांत सुखरूपता का सिद्धान्त (३) रामचंद्र तथा गुणचंद्र का पांच रसों की सुखरूपता तथा चार रसों की दुःखरूपता का सिद्धान्त। इन तीनों सिद्धान्तों में पहला सिद्धान्त आचार्य अभिनवगुप्त का अधिक वैज्ञानिक तथा युक्तियुक्त है। तारतम्य रूप से सुख तथा दुःख की विभिन्न रसों में अपेक्षाकृत कम तथा अधिक मात्रा में स्थिति, तो निर्बाध रूप से मानी जा सकती है, किन्तु किसी का अत्यन्ताभाव अधिक बुद्धि ग्राह्य नहीं है। अतएव अभिनवगुप्त का सिद्धांत ही उचित प्रतीत होता है।

शांत रस की स्थिति

अभिनवगुप्त का तीसरा महत्त्वपूर्ण सिद्धान्त शांत रस की स्थिति से सम्बन्धित है। उन्होंने अन्य रसों की भांति नाटकों में शान्त रस की स्थिति का प्रतिपादन किया है। अभिनवगुप्त के तत्सम्बन्धी विवेचन से पता चलता है कि वे शांत रस को केवल नाट्यरस ही नहीं, बल्कि रसराज मानने के पक्षपाती हैं। किन्तु जिस प्रकार करुण रस की दुःखरूपता वाले उनके सिद्धान्त को उत्तरवर्ती आचार्यों ने स्वीकार नहीं किया है, उसी प्रकार उनके शान्त रस विषयक सिद्धान्त को भी उत्तरवर्ती आचार्यों ने नहीं माना है। दशरूपककार धनंजय तथा उनके टीकाकार धनिक ने नाटकों में शांतरस की स्थिति मानने से बिलकुल इनकार कर दिया है। उनका मत है कि स्थायिभाव के जो लक्षण बतलाये गये हैं, वे भी 'निर्वेद' में नहीं घटते। इसलिए वह स्थायिभाव न होकर व्यभिचारिभाव है। उसका रसरूप में आस्वादन नहीं हो सकता। रसों के इतिहास में ये मतभेद भी अपना पृथक् महत्त्व रखते हैं।

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इलैक्ट्रान की खोज

श्रवण कुमार तिवारी

'अणोरणीयान् महतोमहीयान्' की धारणा मूलतः आध्यात्मिक है, परन्तु आधुनिक विज्ञान ने इसके भौतिक पक्ष को भी अक्षरशः सत्य प्रमाणित कर दिया है। ईश्वर को अभिव्यक्त करने वाली सम्पूर्ण सृष्टि 'महतो महीयान' तथा 'अणोरणीयान्' को भी अपने आप में समेटे हुए है। इसमें ऐसे भी आकाशीय पिण्ड हैं जिनका आकार हमारी पृथ्वी से हजारों, लाखों गुना बड़ा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अंतरिक्ष में ऐसे भ्रमणशील पिण्ड भी हैं जिनसे कई सूर्य निकल सकते हैं। इसके विपरीत सूक्ष्म विश्लेषणों द्वारा वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि प्रत्येक पदार्थ अत्यन्त छोटे-छोटे कणों से बना है। इन कणों को परमाणु कहा जाता है। दो या दो से अधिक परमाणु मिलकर नये-नये कण बना लेते हैं। इन कणों को अणु कहा जाता है। किसी पदार्थ का अणु उस पदार्थ के समस्त भौतिक गुणों को संजोये रहता है। वास्तव में पदार्थ की सबसे छोटी इकाई यही अणु होता है। अणु टूट जाने पर पदार्थ के गुण मूलरूप में नहीं रह जाते। पानी के एक अणु में ३ परमाणु होते हैं—हाइड्रोजन के २ और ऑक्सीजन का १। इनमें से किसी में भी पानी के गुण नहीं होते। ऑक्सीजन, हाइड्रोजन या कार्बन के किसी परमाणु को तोड़कर कोई अन्य नया परमाणु नहीं प्राप्त किया जा सकता है। ऐसे पदार्थों को तत्त्व कहा जाता है।

एक तत्त्व में केवल एक ही प्रकार के परमाणु होते हैं और ये अणु के रूप में होते हैं। अब तक वैज्ञानिकों ने कुल १०४ प्रकार के परमाणुओं को खोज निकाला है। इन्हीं तत्त्वों में से किन्हीं दो या दो से अधिक के एकाधिक परमाणुओं से मिलकर असंख्य प्रकार के भिन्न-भिन्न पदार्थ बने हैं। हो सकता है भविष्य में हमें और भी परमाणुओं की जानकारी प्राप्त हो जाय। अब तक जितने तत्त्व ज्ञात हैं उनमें हाइड्रोजन सब से हल्का तत्त्व है। इसका परमाणु सबसे छोटा, सब प्रकार के परमाणुओं से हल्का और रचना में अपेक्षाकृत सरलतम है। अन्य तत्त्वों के परमाणु हाइड्रोजन परमाणु से भारी हैं। हीलियम नाम की गैस का परमाणु हाइड्रोजन-परमाणु से चार गुना भारी हैं, और लोहे का एक परमाणु इससे ५६ गुना भारी है। तत्त्वों के परमाणुओं का यह अनुपात उनका परमाणुभार कहलाता है। लोहे का परमाणु भार ५३ और पारे का २०० है। परमाणु अत्यन्त छोटा होते हुए भी बड़ा ही रहस्यमय है। यदि यह कहा जाय कि परमाणु अपने आपमें एक पूर्ण 'सृष्टि' है तो अत्युक्ति न होगी। उन्नीसवीं शताब्दी के अन्त तक वैज्ञानिकों को विश्वास था कि परमाणु ही पदार्थ का सबसे छोटा कण है, इसे तोड़ना असंभव है। परन्तु बीसवीं सदी आरंभ होने से कुछ पूर्व ही यह विश्वास टूट गया और मनुष्य ने परमाणु को तीन प्रकार के अति-परमाणु कणों—इलेक्ट्रान, प्रोटान और न्यूट्रान से निर्मित पाया। इनमें इलेक्ट्रान सबसे हल्का है। यहाँ इसी इलेक्ट्रान की खोज का संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'इलेक्ट्रान' अद्भुत कण है। जितना ही छोटा और हल्का है उतना ही रहस्यमय है। यह हाइड्रोजन के एक परमाणु से लगभग १९०० गुना हल्का है। हाइड्रोजन के एक परमाणु में केवल एक इलेक्ट्रान और १ प्रोट्रान होता है। इसमें न्यूट्रान नहीं होता है। विद्युतीय गुणों के अनुसार इलेक्ट्रान ऋणात्मक है, प्रोट्रान धनात्मक है. और न्युट्रान उदासीन है। इलेक्ट्रान इन सबमें सबसे अधिक स्वतंत्र है। यदि किसी कारणवश एक भी इलेक्ट्रान परमाणु को छोड़कर अलग हो जाय तो परमाणु उत्तेजित हो जाता है। क्रमशः बड़े-बड़े परमाणुओं में इलेक्ट्रानों की संख्या बढ़ती जाती है। हीलियम के एक परमाणु में २, ऑक्सीजन में ८, कार्बन में ६, तांबे में २९, लोहे में २६ और पारे में ८० इलेक्ट्रान होते हैं। धातुओं के परमाणुओं में पाये जाने वाले इलेक्ट्रान तो हमारे लिये कल्पवृक्ष सिद्ध हुये हैं। विद्युतधारा इन्हीं से बनती है। रेडियो से ध्वनि का प्रसारण और टेलीविजन की संजय-दृष्टि इलेक्ट्रानों की ही कृपा है। एक्स किरणों के जन्मदाता भी इलेक्ट्रान ही हैं। परमाणु केन्द्र के इर्द-गिर्द ये कब कहां रहते हैं इसका ठीक-ठीक पता लगाने में वैज्ञानिक असमर्थ रहे हैं। गतिशील इलेक्ट्रानों की प्रकृति तो और भी रहस्यमय प्रतीत होती है। बहुधा, ये इलेक्ट्रान वैज्ञानिकों को ऐसा चकमा देते हैं कि वे इलेक्ट्रान को 'कण' मानने में हिचकने लगते हैं और कहते हैं कि इलेक्ट्रान के साथ-साथ एक 'तरंग' भी चला करती है।

इलेक्ट्रान के प्रादुर्भाव की कहानी केवल ६५ वर्ष पुरानी है। सत्रहवीं सदी के उत्तरार्द्ध तक घर्षण-विद्युत का आविष्कार हो चुका था। तब तक बहुत से ऐसे ठोस पदार्थों की खोज हो चुकी थी जिन्हें रेशम, ऊन या रोयेंदार खाल से रगड़कर 'विद्युन्मय' किया जा सकता है। किसी ठोस को विद्युन्मय करने का यह अर्थ होता है कि रगड़ने के बाद उसमें हल्की वस्तुओं—जैसे सूखे बाल, कार्क और कागज के नन्हें टुकड़े को आकर्षित करने का गुण आ जाता है। जिस अज्ञात रहस्यमय कारण से यह गुण उत्पन्न होता था उसका नाम 'इलेक्ट्रिसिटी' पड़ गया था। इस नाम को चुनने का कारण यह था कि उक्त रहस्य सर्वप्रथम आबनूस की लकड़ी में पाया गया था और आबनूस की लकड़ी का ग्रीक नाम 'इलेक्ट्रान' है। विद्युत-शक्ति के इस रूप का पता कब और कैसे लगा; इसका ठीक पता नहीं है परन्तु इसके गुणों ओर उपयोगों की जानकारी के लिए भिन्न-भिन्न वैज्ञानिकों ने लगभग १०० वर्ष तक भगीरथ प्रयत्न किये हैं। आरंभिक प्रयोगकर्त्ताओं में बेन्जामिन फ्रैंकलिन का नाम बहुत प्रसिद्ध है। फ्रैंकलिन न देखा कि शीशे की छड़ को रेशम से रगड़ने पर और आबनूस को फर से रगड़ने पर दोनों छड़ों में 'विद्युत' उत्पन्न होती है, दोनों ही हल्की वस्तुओं को आकर्षित करते हैं, परन्तु वे आपस में भी एक दूसरे को आकर्षित करते हैं। इसके विपरीत, रेशम से रगड़े हुए दो छड़ एक दूसरे को विकर्षित करते हैं। इसी प्रकार फ़र से रगड़े हुए आबनूसके छड़ भी एक दूसरे को विकर्षित करते हैं। इस आधार पर फ्रैंकलिन ने अनुमान किया कि घर्षण विद्युत दो प्रकार की होती है। शीशे को रेशम से रगड़ने पर जो विद्युत उत्पन्न होती है वह धन-विद्युत है, और आबनूस को फ़र से रगड़ने पर उत्पन्न होने वाली विद्युत ऋण-विद्युत है। आगे चलकर वैज्ञानिकों ने देखा कि विद्युत उत्पन्न करने के लिये जिन दो वस्तुओं को आपस में रगड़ते हैं वे दोनों ही विद्युन्मय हो जाती हैं; हाँ, उनमें से एक पर धन-विद्युत और दूसरी पर ऋण-विद्युत उत्पन्न होती है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शीशे को रेशम से रगड़ने पर शीशे पर धन-विद्युत और रेशम पर ऋण-विद्युत उत्पन्न होती है।

बेन्जामिन फ्रैंकलिन ने ही सर्वप्रथम यह सिद्ध किया कि वर्षाऋतु में बादलों के बीच चकाचौंध और गर्जन उत्पन्न करने वाली 'विद्युत' वास्तव में घर्षण-विद्युत ही होती है। बेन्जामिन का जीवन काल १६०६ ई० से १७९० ई० तक रहा, और इस अवधि में उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण अनुसंधान किये। इन्हीं दिनों हेनरी कैवेन्डिश और चार्ल्स कूलम्ब भी विद्युत के गुणों की खोज में लगे हुए थे। विद्युन्मय वस्तुओं के पारस्परिक आकर्षण या विकर्षण की माप के लिये कूलम्ब ने गणितीय सूत्र ज्ञात किया। अट्ठारहवीं शताब्दी के अन्त तक घर्षण-विद्युत की कुछ साधारण मशीनें भी बनने लगीं परन्तु वे मनुष्य के लिए उपयोग की नहीं, वरन् कौतूहल की वस्तुएँ थीं। इसी कौतूहल के पीछे मनुष्य की सहज जिज्ञासा छिपी रहती है। वैज्ञानिकों में यह जानने की प्रबल जिज्ञासा जगी कि आखिर घर्षण से विद्युत उत्पन्न ही क्यों होती है? हम कहते हैं कि शीशे को रेशम से रगड़ने पर शीशा 'विद्युन्मय' हो गया, 'आवेशित' हो गया या उस पर 'विद्युत आवेश' आ गया। परन्तु ऐसा क्यों हुआ? शीशे पर 'क्या' आ गया? 'विद्युत आवेश' क्या है? इन प्रश्नों की गांठ खोलने के प्रयत्न में अगले ९० वर्ष लग गये और विद्युत के कई सिद्धान्तों का प्रतिपादन हुआ।

बेन्जामिन के समय तक विद्युतन (विद्युतीकरण) की व्याख्या करने तथा उक्त प्रश्नों का उत्तर पाने के लिए जिस सिद्धान्त का उपयोग किया जाता रहा, वह 'द्वि-तरल सिद्धान्त' के नाम से प्रचलित था। इसका प्रतिपादन चार्ल्स ड्यूफ़े नामक वैज्ञानिक ने किया था। ड्यूफ़े का अनुमान था कि प्रत्येक पदार्थ में दो प्रकार के अदृश्य और भारहीन 'विद्युत-तरल' भरे रहते हैं। अनावेशित वस्तुओं में दोनों तरल समान मात्रा में होते हैं। इनमें से एक तरल को धन तरल और दूसरे को ऋण तरल कहा जा सकता है। घर्षण के कारण इन तरलों की मात्रा बदल जाती है। यदि वस्तु में ऋण तरल की मात्रा धन तरल से अधिक हो जाय तो वह वस्तु ऋण विद्युन्मय हो जाती है। जब शीशे को रेशम से रगड़ते हैं, शीशे में से कुछ ऋण-तरल रेशम में चला जाता है अतः शीशा धन-विद्युन्मय और रेशम ऋण विद्युन्मय हो जाता है। इस सिद्धान्त के अनुसार यह काल्पनिक 'विद्युत-तरल' ही 'विद्युत-आवेश' था। बेन्जामिन ने एक नया सिद्धान्त प्रतिपादित किया जिसे 'एक तरल' सिद्धान्त कहा जाता है। बेन्जामिन का अनुमान था कि दो विद्युत तरलों की कल्पना अनावश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदार्थ में, नियत मात्रा में, केवल एक प्रकार का 'विद्युत तरल' भरा रहता है। जब इसकी मात्रा घट जाती है तब वस्तु ऋण-विद्युन्मय और जब इस तरल की मात्रा बढ़ जाती है, वस्तु धन-विद्युन्मय हो जाती है।

इन सिद्धान्तों से 'विद्युन्मय' हो जाने का रहस्य तो समझ में आ जाता था परन्तु अदृश्य, भारहीन और अद्भुत विद्युत-तरलों की कल्पना अपने आप में स्वयं एक गूढ़ रहस्य बन जाती थी। सहज ही मन में आशंका होती है कि ये तरल क्या हैं? कैसे हैं? और प्रत्येक वस्तु में कहाँ छिपे रहते हैं? विद्युत-शक्ति को मानव जीवन के लिए वरदान सिद्ध करने वाले प्रसिद्ध वैज्ञानिक माइकेल फैराडे ने इन तरलों की कल्पना को अर्थहीन समझा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri.

और एक नय सिद्धान्त को जन्म दिया। परन्तु फैराडे की कल्पना और भी रहस्यमय थी। फैराडे का अनुमान था कि सम्पूर्ण सृष्टि में, यहाँ तक कि प्रत्येक ठोस, द्रव और गैस के भीतर भी, एक सर्वव्यापी तरल माध्यम फैला है। बाद में यही माध्यम 'ईथर' के नाम से संबोधित किया जाने लगा। फैराडे ने कहा था कि यही माध्यम ऊर्जा का आधार है। ऊर्जा इसी में सन्निहित रहती है। जब किन्हीं दो वस्तुओं को आपस में रगड़ कर पृथक् करते हैं तो उनके बीच का अदृश्य माध्यम (ईथर) ठीक उसी प्रकार विकृत हो जाता है, या तन जाता है, जैसे खींचा हुआ रबर या ऐंठा हुआ स्प्रिंग। चूँकि घर्षित वस्तुएँ विकृत (ताने या ऐंठे हुए) माध्यम के सिरों पर होती हैं, अतः माध्यम की विकृति का बोध इन्हीं पर हो सकता है। विकृति का यही प्रभाव, उस वस्तु का विद्युन्मय होना कहलाता है। इस प्रकार फैराडे की यह धारणा थी कि 'विद्युत आवेश' ईथर की विकृति की एक अवस्था है जो संबंधित वस्तुओं के ऊपर 'आवेश' के रूप में प्रकट होती है। यह कल्पना बड़ी ही गूढ़ लगती है। पर जेम्स क्लार्क मैक्सवेल ने इसे गणितीय जामा पहना कर इतना विकसित किया कि इसी के आधार पर विद्युत-चुम्बकीय तरंगों की खोज हुई।

आगे चलकर लारेंज नाम के वैज्ञानिक ने विद्युत आवेश की व्याख्या के लिये नई विचार धारा को जन्म दिया। लारेंज ने कहा कि प्रत्येक पदार्थ में दो प्रकार के अत्यन्त हल्के और नन्हें-नन्हें कण होते हैं, एक तो धन-विद्युन्मय और दूसरे ऋण-विद्युन्मय। उदासीन वस्तु में धनात्मक और ऋणात्मक कणों की संख्या बराबर रहती है। जब एक वस्तु को दूसरी से रगड़ा जाता है, उनमें इन कणों का आदान-प्रदान होता है। इसके फलस्वरूप जिस वस्तु में धन-कणों की संख्या ऋण-कणों की संख्या से बढ़ जाती है वह वस्तु धन विद्युन्मय हो जाती है और दूसरी ऋण-विद्युन्मय। इस सिद्धान्त के अनुसार पदार्थ के नन्हें कणों की भांति विद्युत् के भी नन्हें कणों की कल्पना हुई। बाद में इन्हें 'विद्युत-परमाणु' भी कहा जाने लगा। यह सिद्धान्त वास्तव में द्वि-तरल सिद्धान्त का संशोधित रूप था, जिसमें दो प्रकार के विद्युत् तरलों के स्थान पर दो प्रकार के विद्युत कणों या विद्युत-परमाणुओं की कल्पना की गई थी।

अठारहवीं शताब्दी के अन्त तक विद्युत शक्ति के एक अन्य रूप की भी खोज हुई जो मनुष्य जीवन के लिये बड़ी ही लाभदायक सिद्ध हुई। इस रूप को 'धारा-विद्युत' कहते हैं। इसके आविष्कार का श्रेय इटली के जीव विज्ञानवेत्ता लुई गैलवानी को है। सन् १७८६ ई० में प्रो० गैलवानी जीव शरीर पर घर्षण विद्युत के प्रभाव का अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने देखा कि जब खाल उतारे हुए मेढक का मृत शरीर घर्षण-विद्युत-मशीन के दोनों सिरों को स्पर्श करता है तो उसमें एक झटका लगता है; मृत शरीर की मांस-पेशियाँ सहसा संकुचित हो जाती हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी देखा कि यदि मेढक के खाल उतारे हुए मृत शरीर को पीतल के हुक में इस प्रकार लटका दिया जाय कि उसकी टाँगे लोहे, चाँदी या किसी अन्य धातु से अत्यन्त समीप हों तो धातु को स्पर्श करते ही उनमें मंद संकोच होता है: गैलवानी ने कहा कि मेढक के शरीर में 'जीव-विद्युत' है। सन् १८०० ई० में इटली के ही प्रो० एलीजान्ड्रो वोल्टा, गैलवानी के इस विचार से सहमत नहीं थे। उन्होंने गैलवानी के प्रयोग का लाभ उठाकर वोल्टा सेल बनाया और

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सिद्ध किया कि जब मेढक का मृत शरीर विद्युत-मशीन के सिरों को छूता है तो विद्युत आवेश मृत शरीर से होकर मशीन के एक सिरे से दूसरे सिरे की ओर प्रवाहित होता है, मेढक के शरीर में विद्युत नहीं होती है। इस प्रकार वोल्टा ने विद्युत-धारा का आविष्कार किया। वोल्टा सेल के आधार पर ही टार्च को जलाने वाली सूखी बैट्री बनी है।

धारा विद्युत के आविष्कार ने भौतिक विज्ञान में भारी क्रान्ति उत्पन्न कर दी। वोल्टा सेल बनने के कुछ सप्ताह बाद ही निकोलसन और कार्लाइसिल ने देखा कि जल में धारा प्रवाहित करने से हाइड्रोजन उत्पन्न होती है। सन् १८०२ में सर हम्फ्रे डेवी ने इस तथ्य को भली-भांति समझा और विद्युत विश्लेषण की घटना का आविष्कार किया। उन्होंने दिखाया कि जल में विद्युत धारा प्रवाहित करने से आयतन के अनुसार दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन उत्पन्न होती है। इस समय माइकेल फैराडे की आयु केवल १० वर्ष थी। २० वर्ष की अवस्था में (सन् १८१२) फैराडे की मुलाकात डेवी से हुई और उन्होंने डेवी के रसायन-शास्त्र के चार सम्भाषण सुन। डेवी ने फैराडे की प्रतिभा भांप ली और उन्हें रायल संस्थान में १२५ रु० मासिक वेतन पर सहायक उपकरण-संरक्षक का काम दिया। इस सुअवसर का फैराडे ने अद्भुत उपयोग किया और विद्युत के प्रयोगों में संलग्न हो गये। सन् १८१९ ई० में हान्स क्रिस्चन औरस्टड ने विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव का आविष्कार किया। उन्होंने देखा कि जिस तार में विद्युत धारा प्रवाहित हो रही हो वह चुम्बकीय सूई को प्रभावित करता है। फैराडे ने इस आविष्कार पर बड़ी तल्लीनता से अध्ययन आरंभ किया और सन् १८२१ ई० में बिजली की मोटर के सिद्धान्त की खोज की। उन्होंने अपना प्रयत्न जारी रखा और अनेक असफलताओं के बाद सन् १८३१ ई० में सर्व प्रथम बिजली उत्पन्न करने वाला डायनमों बनाया।

डायनमों के आविष्कार के बाद फैराडे का ध्यान रसायनशास्त्र की ओर मुड़ा। उन्होंने विद्युत-विश्लेषण की क्रिया का विधिवत् अध्ययन किया और इस क्रिया के महत्त्वपूर्ण नियमों की खोज की। इस क्रिया का अध्ययन ही इलेक्ट्रान की खोज में सर्वाधिक सहायक सिद्ध हुआ। इस समय तक धारा विद्युत का विकास भली-भांति हो चुका था। औरस्टेड के आविष्कार का लाभ उठाकर आन्द्रे मेरी ऐम्पियर विद्युतधारा की प्रबलता मापने के नियम और गणितीय सूत्र प्रतिपादित कर लिये थ। उस समय तक धारा मापने के साधारण यंत्र भी बनने लगे थे। ऐम्पियर के नाम पर ही धारा की इकाई का नाम 'ऐम्पियर' रख दिया गया था। फैराडे ने अम्लीय जल में, तूतिये के घोल में और चाँदी के नाइट्रेट में विद्युतधारा प्रवाहित करके विद्युत-विश्लेषण का अध्ययन किया। प्रयोगों द्वारा फैराडे न ज्ञात किया कि यदि एक ही प्रबलता की विद्युतधारा कई घोलों में प्रवाहित हो तो बराबर समय में उन सब में जो तत्त्व जमा होते हैं उनका अनुपात उनके विद्युत-रासायनिक तुल्यांकों के अनुपात के बराबर होता है। इन प्रयोगों के आधार पर फैराडे ने विद्युत विश्लेषण की व्याख्या का प्रयत्न किया। उन्होंने कहा कि जल में अम्ल घुलता है तो अम्ल का प्रत्येक अणु दो भागों में टूट जाता है। इन भागों को फैराडे ने 'आयन' कहा। प्रत्येक अणु दो आयनों में बंटता है। एक आयन पर कुछ धन आवेश और दूसरे पर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

ठीक उतना ही ऋण आवेश होता है। जब घोल में, बैटरी के सिरों से जुड़ी हुई दो पट्टियाँ डाली जाती है तो धन-आयन ऋणाग्र पट्टी पर और ऋण आयन धनाग्र पट्टी पर जाते हैं। पट्टी पर पहुँच कर वे आवेशहीन हो जाते हैं। इससे ज्ञात हुआ कि विद्युत विश्लेषण में पदार्थ के 'आयन' ही आवेश ले जाते हैं। यह भी स्पष्ट है कि जितने ही अधिक समय तक धारा चलाई जाती है उतने ही अधिक 'आयन' जमा होते हैं। यदि यह माना जाय कि एक पदार्थ के सभी धन आयनों (या सभी ऋण आयनों) का द्रव्यमान बराबर है और प्रत्येक पर बराबर-बराबर आवेश रहता है तो आयनों की संख्या और विद्युतधारा का कुछ संबंध ज्ञात किया जा सकता है।

सन् १८७४ ई० में जॉन्सन स्टोनी ने ब्रिटिश एसोसियेशन में भाषण देते हुए फैराडे की उक्त उपलब्धि को समझाया और कहा कि हाइड्रोजन आयन पर जितना आवेश रहता है उससे कम मान का आवेश किसी कण पर नहीं पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी अन्य आयन पर जो आवेश पाया जाता है वह या तो हाइड्रोजन आयन के आवेश के बराबर या इसका ठीक दोगुना या तीनगुना होता है। अर्थात् किसी आयन का आवेश उक्त निम्नतम आवेश का पूर्णाङ्क अपवर्त्य ही हो सकता है। स्टोनी ने इस न्यूनतम आवेश का नाम 'इलेक्ट्रान' रख दिया। स्टोनी ने न्यूनतम धन या ऋण दोनों आवेशों के लिये यही नाम दिया।

जॉन्सन स्टोनी की इस घोषणा के लगभग २३ वर्ष बाद जे० जे० टामसन का प्रयोग बड़ा ही क्रान्तिकारी सिद्ध हुआ। टामसन ने शीशे की लम्बी नली में से, पम्प द्वारा हवा निकाल कर, उसके भीतर से (शून्य में से) विद्युतधारा प्रवाहित करने का प्रयत्न किया। जब नली में वायुदाब[1] १ मिलीमीटर होता है तो नली में कुछ विचित्र चमक दिखाई देने लगती है। नली के ऋणाग्र सिरे की ओर कुछ दीप्तिहीन स्थान रहता है और धनात्मक सिरे की ओर चितकबरी चमक दिखाई पड़ती है। जब नली के भीतर वायुदाब $\frac{१}{०}$ मिलीमीटर हो जाता है तब पूरी नली दीप्तिहीन हो जाती है पर नली की दीवार चमकती रहती है। टामसन ने प्रयोगों द्वारा सिद्ध किया कि इस समय नली में, अदृश्य कणों की एक धारा, ऋणाग्र से धनाग्र की ओर जाती है। उन्होंने इन कणों के आवेश और द्रव्यमान का अनुपात बड़े सूक्ष्म प्रयोगों द्वारा ज्ञात किया। उन्हें ज्ञात हुआ कि यह अनुपात लगभग $१{\cdot}७६ \times १०^{+८}$ है। फैराडे के प्रयोगों से हाइड्रोजन आयन के आवेश और द्रव्यमान का जो अनुपात (९५६८०) ज्ञात हुआ था वह इस अनुपात का १/१९०० वां भाग मात्र था। अतः टामसन ने कहा कि नली में जो कण प्रवाहित हो रहे हैं उन पर आवेश का मान ठीन उतना ही है जिसे स्टोनी ने 'इलेक्ट्रान' कहा था पर यह ऋणात्मक है और इन कणों का द्रव्यमान हाइड्रोजन परमाणु से १।१७०० गुना कम है। इस प्रकार सन् १८९७ में टामसन की विसर्जन नली में 'इलेक्ट्रान' का जन्म हुआ और साथ ही उसके गुणों का अध्ययन भी।

---

[1] वायु या गैस का दाब बैरोमीटर में पारे की ऊँचाई से व्यक्त किया जाता है। सामान्यतः यह ७६० मिलीमीटर होता है।

'इलेक्ट्रान' के आविष्कार के वाद लगभग १५ वर्ष की अवधि में वैज्ञानिकों ने भली-भांति जान लिया कि प्रत्येक पदार्थ के परमाणुओं में इलेक्ट्रान पाये जाते हैं। ये इतने हल्के होते हैं कि यदि इनको परमाणु से वाहर निकाल लिया जाय तो परमाणु के द्रव्यमान में कुछ भी अन्तर नहीं आता है। इन पर न्यूनतम ऋण आवेश होता है। अब तक ज्ञात किसी भी नन्हें कण पर इससे कम मान के आवेश का होना सिद्ध नहीं हुआ है। इलेक्ट्रान की खोज के साथ ही घर्षण विद्युत का रहस्य और धारा विद्युत का कौतुक स्पष्ट हो गया। जब शीशे को रेशम से रगड़ते हैं, शीशे से कुछ इलेक्ट्रान निकल कर रेशम में चले जाते हैं। इससे शीशा धन विद्युन्मय और रेशम ऋण विद्युन्मय हो जाता है। तार में प्रवाहित होनेवाली विद्युत धारा में इलेक्ट्रान ही प्रवाहित होते हैं। विद्युत-विश्लेषण में जो 'आयन' वनते हैं उनका कारण इलेक्ट्रान ही हैं। टामसन की विसर्जन नली में प्रवाहित होने वाले इलेक्ट्रानों का वेग वड़ा ही तीव्र होता है। जब इन्हें धातु के टार्जेट पर टकराने दिया जाता है तो टार्जेट से एक्स-किरणें उत्पन्न होती हैं। रेडियो में लगे हुये अनोखे वल्वों का क्रिया-कलाप इलेक्ट्रानों का ही जादू है। आश्चर्य है कि इतने रहस्यमय कण का द्रव्य मान केवल ०·०००००००००००००००००००००००००००९ (९×१०$^{-२८}$) ग्राम और उसका ऋण आवेश १·६×१०$^{-१९}$ कूलम्ब है।

———

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

THE CLAIM OF REASON IN HUMAN AFFAIRS

RAMESH CHANDRA SINHA

Shri Aurobindo observes, "Reason is science, it is conscious art, it is invention."[1] It can observe and arrange 'truth of facts.' It can speculate, discard and forecast 'truth of potentiality.' It probes into immediate appearance and 'unveils the hidden truth behind it.' The principle of reason shapes the inner and outer life. It tends to divide, analyse and assemble the facts of life. Human reason is a faculty of the intelligent will. At the present point of development, reason is the sovereign tool. There may emerge another spiritual faculty in the future. But at present 'the mental being' works as an intelligent principle. It can regulate itself as well as life. Man is distinguished from animals and other creatures because he is endowed with the capacity of reason. This capacity provides a rule of life.

Reason is an instrument for effective living. It gives a close understanding of problems. In ordinary parlance, there are three different sources of knowledge, viz., sense experience, reason and intuition. Philosophers have endorsed most conflicting opinions about the claims of reason vis-a-vis the claims of faith or authority or intuition or emotion or even common sense.

But the principle of reason is limited, imperfect and self-defeating. It is said to be relative because it is dependent upon the principle of causation. The very principle of causation is vitiated by the fallacy of infinite regress. For instance, the seed is the cause of the tree and again tree is the cause of the seed. Here reason commits suicide. It is perplexed to find out as to whether the seed or the tree is the first cause. Reason does not give us knowledge of reality as a whole. Moreover,

[1] "Human Cycle", p. 126

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

as pointed out by Kant, reason lands us in antinomies. Sañkara conceives the world as an appearance of Brahman. Reason, according to him, does not know super-sensible reality. It is lost in appearance. Metaphysical knowledge of God, world and Soul is not possible through reason. Reason demands evidence. It gives us knowledge through medium. If reason works through media, the knowledge supplied by it may or may not be correct. The certainty vouchsafed is open to verification and examination. For instance, where there is a smoke, there is a fire. This is the universal judgement obtained by reason. But in the hill station, a man may take dense fogs spread in the lap of the deep valley as smoke, and he may conclude that there is a fire. But actually, there is no fire. In such cases, reason is confronted by inherent difficulties.

Its limitations pointed out by thinkers are of great importance. But the question is, by what faculty we discover its limitations ? Certainly, it is reason which discovers its limitations. It is intellect alone which points out as to what faculty the supplementation may be achieved. Scientists, philosophers, artists, religious men and even lay men cannot question about the guiding role which reason plays in human affairs. Non-philosopher as well as philosopher may not disagree that reason is a valuable faculty of our knowledge. Our knowledge must be based on sound rational ground. Now the question is, should scientist stop where reason fails ? Should scientist stop to work where his microscope fails to lead further? Even scientist goes beyond the field of reason and microscope. He takes the help of imagination and intuition. Archimedes' 'Eureka' was nothing but a sort of wonderful experience. He established the scientific principle of the specific gravity being prompted by a sort of wonderful experience. This wonderful experience of scientist is akin to intuition of philosopher.

The limitation of reason as a faculty of knowledge leads to two brands of anti-intellectualism. First, there is a popular or non-philosopher's brand of anti-intellectualism. Non-philosophical anti-intellectualism is simply sophistries and

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

fallacies. It is equated to fanaticism. All sorts of religious, ideological, racial and national fanaticisms come under popular brand of anti-intellectualism. We cannot deny the claim of reason in the field of science, industry, philosophy and everyday life. Of course, philosopher's brand of anti-intellectualism which stipulates faith as an alternative to reason is a valuable one.

Reason and Faith :

Philosophical brand of anti-intellectualism contemplates faith as an alternative to reason. The question is, faith in what ? The statement that faith in faith is tautologus and meaningless. Hence the faith must be in facts. To find out facts is the chief function of reason. True, faith 'goes beyond' reason. Still faith must be interpreted in terms of reason. Going beyond rational evidence does not mean that there is a conflict between reason and faith. It is beyond denial that in certain spheres of knowledge, reason stands helpless. Rational evidence becomes inconclusive with regard to the question of God and personal insight. Knowledge of self and God is not possible through reason. Such knowledge is possible through intuition. Religious experience is based upon intuitive faith. It is wrong to discard reason in matters of religion. Reason plays a great role in shaping religious convictions. Faith divorced from reason is not faith, but fanaticism. Moreover, faith of one man may differ from the faith of another. As such faith should take into account the rational evidence of objective nature.

Further, 'child-like faith' is detrimental to philosophy as well as religion. Faith that knows no doubt and raises no question may be beautiful. But a 'child-like faith' is beautiful only in child. In adult endowed with rational faculty, simplicity of faith is deemed as ugly as a baby face, charming in infant, is certainly disfigurement in a grown-up man. As such faith must take into consideration rational evidence. Faith should not repudiate the legitimate claim of reason.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

Claims of Reason :

The assumption that reason is the only faculty of knowledge is another fanaticism. Human knowledge is not confined to reason alone. We cannot ignore the claim of religious, moral and aesthetic experiences. To give its due to reason, does not imply the rejection of many-sidedness of human experience. It is not at all rational to discard non-rational modes of insight. The function of reason is to examine the knowledge of non-rational modes, such as intuition, with a view to ascertain the extent to which they are valid. Knowledge obtained by experience may not be self-evidently valid. My experience may be contradicted by my friend's experience. So there is necessity of some faculty to weigh dispassionately the claims made on their behalf. It will be a really wonderful invention if somebody knows any instrument other than reason equipped with this task.

(A) *Reason and theology :*

Religion alone has been strongly successful in its claim that reason must be silent in the matters of theology. But I hold the view that reason has got an important part to play in shaping our religious beliefs and experiences. The role may be secondary but it is significant. There is a level of religious life in which reason has to play a superior role. Religion finds its fulfilment in supra-rational life. But there is also the infra-rational life of the instincts, impulses, sensations, crude emotions, vital activities from which all human aspirations take their beginnings. These infra-rational aspects of life too feel touch of the religious sense in man. They share its needs and experience, desire its satisfaction. Sometimes in religion external view is taken almost as the whole. Rituals, ceremonies, offerings and chanting of hymns are external phenomena of religion. Man has got higher as well as lower nature. Our lower nature is vitiated by many sorts of impurities, ignorance, superstition, doubtful elements. Here reason has got its legitimate role. It can intervene to enlighten, purify, rationalise the play of the blind instincts and impulses.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

To ward off from corrupted religious forms and systems, to negate injurious sense, reason has played an important part in religious history. We have seen that man has got a complicated nature. It is composed of infra-rational and supra-rational aspects. The infra-rational aspect of religion can be satisfactorily purified or reformed by reason. Reason must be aided by spirit. As such, to realise the Infinite, we have to recourse to intuitive reason and not to intellectual reason. Spirit and reason need not be hostile to each other.

Sri Aurobindo has contemplated in his *magnum opus*-'The Life Divine'—that reason has two-fold action, i.e., mixed or dependent and pure or sovereign. Mixed or dependent reason works through sensible phenomena. Pure or soverign reason accepts sensible experiences but refuses to be confined by them. It gives concepts of universal nature. Mixed or dependent reason confines itself to the circle of sensible experience. It is concerned with external phenomena. It only knows what appears to be. It cannot probe into the depths of being. It surveys the field of becoming. Pure reason goes beyond appearance. It brings us from physical to metaphysical knowledge. But Sri Aurobindo says that the knowledge of pure reason does not satisfy our 'Integral Being'. Concepts formulated by reason are incomplete. In this connection, it is not out of place to mention Paul Tillich, who makes a deep study of the concept of reason in his "Systematic Theology". He has asserted the legitimate claim of reason for theological studies. Dr. R. S. Misra writes in his article entitled, 'The Concept of Reason in the Systematic Theology of Paul Tillich that 'reason is not a source of theology; it does not create its contents, but gives an interpretation of Christian message which is relevant to the present situation.'[1] Further Paul Tillich has distinguished between ontological reason and technical reason. He has defined ontological reason, 'as the structure of mind which enables it to grasp and shape reality.'[2] The

[1] Religion and Society, Vol. XIII, No. 2, 1966, p. 15

[2] Paul Tillich, "Systematic Theology" Vol. I, p. 75

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

grasping and shaping functions of ontological reason are not confined to the field of cognitive experience. It is extended to other fields of human activities. Tillich correctly observes 'reason in the philosopher grasps reason in nature. Reason in the artist grasps the meaning of things. Reason in the legislator shapes society according to the structure of social balance. Reason in the leaders of a community shapes communal life according to the structure of organic inter-dependence.'[1] Thus the ontological reason operates through the entire field of human life. The ontological reason of Paul Tillich is akin to pure or sovereign reason of Sri Aurobindo which is technically known as the logic of the Infinite.

Technical reason according to Tillich is 'controlling knowledge and receiving knowledge.' It is governed by the element of detachment. It links subject with the object so that the subject may control the object. The cognition of Self is not possible without union. This cognitive attitude, according to Tillich, is receiving knowledge. Technical reason is very successful in the field of science and technology. It gives an objective and logical method of investigation. Its results are verifiable. Technical reason or controlling knowledge has abiding influence on the modern man. It claims to administer in the field of science and technology. It determines the ethical and spiritual values of life. Technical reason claims to pervade in every level of reality. Paul Tillich holds that all human affairs and ultimate values should be treated in terms of detachment, analysis, calculation and technical use. Technical reason is useful when it is linked with ontological reason. Sri Aurobindo also holds that mixed or dependent reason is meaningful when it is linked with pure or sovereign reason. We find that reason is limited by finite categories of space, time, causality and substance. As such reason has to dissolve its inherent antinomies in intuition or revelation. But for spiritual, ethical and religious purposes, the claim of reason cannot be undermined.

---

1 Ibid, pp. 77 f.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(*B*) *Reason and Intuition :*

The concern of reason for 'evidence' does not mean that intuition of self-evident proposition is ruled out of the court. Certainly, reason demands 'appropriate' evidence. But if there should be such things as self-evident propositions, self-evidence is the appropropriate evidence. Intuition is the medium of their apprehension. Suppose 'A' intuits, 'I am Brahman.' In case 'B' put into the same condition does not intuit, 'I am Brahman,' then the case of intuition becomes week. If other persons are unable in apparently similar conditions to intuit, 'I am Brahman' which seems self-evident to one, this is evidence against the authenticity of our intuition. But the question is, Why not another man intuits the same proposition ? The simple anser is, that the other man put into the same external condition does not intuit the same proposition because he is not endowed with the equal powers of reason. Reason prepares the ground for intuition. It is subservient to intuition. Genuine intuition cannot rule out the claim of reason. On the other hand, reason cannot reject the very possiblity of self-evident propositions. If reason is not taken into account, intuition defeats itself.

(C) *Reason and Authority :*

It is a gross mistake to think that rejection of authority is necessarily the function of reason. On the other hand, the function of reason in religion is to supply 'appropriate evidence' to authority such as Srūti and revelation. Even scientists have their own presuppositions. All scientific laws are hypothetical and provisional. For instance, scientists believed at first that atom is the minutest particle. That assumption was tentative and provisional. Scientists before Copernicus believed that sun moves round the earth. This astronomical assumption was provisional. With the new development of science, it is proved that atom is not the minutest particle. It has been divided into electrons and protons. Copernicus brought a revolution in the field of astronomy when he said that earth

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

moves round the sun. Copernican hypothesis proved more comprehensive than the Ptolemaic and Einstein's formula of gravitation than that of Newton. Likewise, authority in matters of philosophy and religion is hypothetical and provisional. It is the function of reason to modify, or revise or wholly change scientific and philosophical beliefs in the light of new scientific researches.

Authority in ethics and religion is another matter. Here we cannot give data like scientist. We are not accomplished with results upon which all experts are agreed. The revelations of philosopher and religious men are taken as authority. God is simply a hypothesis because it is neither proved nor disproved. What to talk of philosopher, even lay man knows well that there are many respectable authorities offering conflicting views. Now the question is, to which authority we should turn ? Reason can help us to decide in such conflicting situation. Suppose one authority says 'not to speak lie'. Incidentlly a butcher is chasing a cow, and perchance, the cow enters into private house. What becomes the duty of the house-owner ? Should he hold fast to authority and hand over the cow to butcher ? Another authority may say that, 'to speak lie in such circumstances is not sin.' Man is baffled to find such conflicting authorities. Reason decides as to which authority should be adhered to. Moral consciousness too believes in reason. Instances relating to ethics and religion can be multiplied where mere trust in authority may not serve the purpose. Sensible conclusion can be achieved with the help of reason. The layman may hold fast his dogma. In order to justify his belief, he has to reason over it. As such reason plays dominant part with regard to authority such as śruti and revelation.

(D) *Reason and human feelings :*

Anti-intellectualists may say that reason ignores the facts of passion, affections, emotions, sentiments, etc., in a word, our 'feelings.' Rational man may say that 'feeling'

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

is hostile to reason. Feeling gives wrong judgment because it is subjective in nature and vitiated by personal predilections. Reason correctly analyses and appreciates situations.

It is true that we cannot ignore the call of passion, affection, emotion and sentiments. In other words 'feelings' cannot be ignored for the sake of reason. But the role of reason is not to discard 'feeling', but to point out the 'alternative courses'. The feeling of man differs from the instincts of animal. For instance, when a man murders another man, one may say that his brutality is no less than the brutality of the tiger. The difference is that reason of man analyses the situation and consequences of murder. After murder; murderer thinks in terms of punishment. His conscience becomes guilty. The moment murderer happens to see the handcuff hanging in the hands of pliceman, he is perplexed and terrified. On the other hand; the tiger after killing his prey is not haunted by the sense of guilt because it lacks reason. It is the call of the reason to reflect upon sentiments. Reason knows that to lose temper is bad. At times, a man gets angry and being swayed by emotion, he loses his reason. The next moment, he feels as if he has done something wrong. So self-analysis and repentance establish the same fact what a man holds before he gets angry. So emotion does not change the status of the fact what reason holds. Reason does not distrust the feeling but it distrusts the feeling of the first hand. Feeling of the first hand induces false and harmful judgement.

Radhakrishnan holds that there are certain aspects of reality where only intuitive knowledge is efficient. He writes, "Take for example the emotion of anger. Sense knowledge of it is not possible with regard to its superficial manifestations. Intellectual knowledge is not possible until the data are supplied from somewhere else, and sense cannot supply them. Before the intellect can analyse the mood of anger, it must get at it, and it cannot get at it by itself. We know what it is to be angry by being angry. No one can understand fully the force of human love or parental affection who has not himself been

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

through them"[1]. It may be true that nobody can understand anger, love and affection through discursive reason. But it does not mean that reason plays no part. Reason may suspend the mood of anger but when we analyse the facts, sometimes we get more angry. We can see how analysis of facts infuses anger. For instance, when we collect data of the failures of our government and analyse its achievements, we get angry. Thus the analysis of the facts which is possible through reason can infuse more anger than before. We can easily cite Sepoy Mutiny in India, the French Revolution in the West and class-struggle in Russia, which are results of the close analysis of the prevailing facts. So reason has got an important role to play in emotional upheavals. Moreover, repentance after anger is nothing but the result of analysis. Substitution of a new emotion for an old one when fuller understanding is disclosed, seems to be the consequence of analysis. Suppose a father beats his son for his fault , the second moment he loves him. As such, we find that mood of love has been substituted in place of the mood of anger. This is the result of the analysis of situation.

I think our reason subjects situation to intellectual analysis of the merits of alternative courses. Sometimes, analysis of situation banishes our emotion caused due to superficial instigation at first hand. It is true that reason discards 'emotional annoyance' but not the 'feeling.'

In the light of the above facts, it is evident that the possible effect of rational man's habit of analysing situations is not to eradicate emotion but to judge the appropriateness of the emotion relating to situation. The role of reason is to ensure that emotion felt is rational and not irrational. Reason does not distrust all feelings. It distrusts the immediate feeling excited by first superficial apprehension of the situation.

Somebody may say that reason delays the decision. If war breaks out a soldier is not supposed to reason about the

[1] S. Radhakrishnan, 'An Idealist View of Life, ', p. 109.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

cause of war but he is required to fight against the enemy. If he starts reasoning, feeling of patriotism will vanish and he will think in terms of saving life. We can say that rational man should not be overpowered by romanticism. He should not fail to decide quickly as to where the situation clearly calls for immediate response. In case a man is confronted by a mad dog, it will not be the path of reason to question as to whether one should run to the house of another man, or climb a tree or run away or trust to a bold front. Reason dictates that it is more important to do something to eliminate danger than to delay. If a man is crowded by emotional doldrums, he may lose his wit to decide and will be a poor prey of the mad dog. Reason is supposed to give correct and quick decision.

समाज की एक संस्था होने के नाते 'समाचार-पत्र' सामूहिक संचार का एक साधन है; और संचार शिक्षा का एक आवश्यक माध्यम है। इस प्रकार जनता की आवाज को बुलन्द करने वाले प्रेस ऐसे मुख्य माध्यम हैं जिनके द्वारा समाज अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करता है और मानव कन्याण के परिकल्पित तथा निर्दिष्ट लक्ष्यों की ओर समाज की दिशा को मोड़ता है।

'वस्तुतः समाचार-पत्र निजी उद्योग हैं और सार्वजनिक सेवा का प्रतीक है।' ये समाचार-पत्र ही हैं जिन्होंने विश्व में जनतन्त्र को सम्भव कर दिया है और जो जनतन्त्र के अस्तित्व को कायम रखे हुये हैं। प्रेस के विकास के फलस्वरूप समाचारों का तेजी से प्रसार होता है और व्यापक क्षेत्र में जनता को उन पर विचार-विमर्श करने तथा टीका-टिप्पणी करने का अवसर प्राप्त होता है। 'विश्वस्त समाचारों से विहीन जनता की हालत, देर या सबेर से, ऐसी जनता की भांति हो जाती है जिसके लिए स्वतन्त्रता का कोई आधार ही न हो।' जब समाचार-पत्र अपरिमित जन-समुदाय के पास पहुंचते हैं तो उनके विवेक, भावनाओं, सूचना माध्यमों, रीति-रिवाजों, रूढ़ियों, परम्पराओं, सामाजिक व्यवस्था और राजनीति तथा सार्वजनिक मामलों के व्यापक क्षेत्रों में विचारों को प्रभावित करते हैं। अपनी बातों को जनता तक पहुंचाने में समाचार-पत्रों के सामर्थ्य की तुलना और किसी शक्ति से नहीं की जा सकती।

समाचार-पत्र सामाजिक तथ्यों को प्रकाशित करते हैं, राजनीतिक और सामाजिक प्रश्नों पर टीका-टिप्पणी करते हैं, राजनीतिक और सामाजिक व्यवस्था में उत्पन्न प्रश्नों, समस्याओं तथा स्थितियों की व्याख्या करते हैं, विचारपूर्वक आलोचनाएँ करते हैं, नये प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं और इस प्रकार जनता तथा सरकार की नीतियों और कार्यों तथा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आचरणों को प्रभावित करते हैं। ये सामाजिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आन्दोलनों का संचालन करते हैं और तेजी से प्रचार करते हैं। समाचार-पत्र मतदाताओं को प्रभावित और शिक्षित करते हैं, जनमत को मोड़ते हैं, महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक प्रश्नों पर अपने विचार प्रकट करते हैं और इस प्रकार प्रशासन को स्वच्छ करते हैं। समाचार-पत्रों की आलोचनाओं से सुधार कार्य प्रभावित होते हैं तथा सुधार कार्यों में सहायता मिलती है। समाचार-पत्र अपने जो महान् विचार और मत प्रकट करते हैं उनके प्रभाव से अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध भी अछूता नहीं रह सकता। अपने लेखों से समाचार-पत्र जनता के मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं और इस प्रकार राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के मार्ग को निर्धारित करते हैं।

यदि कोई व्यक्ति सक्रिय विश्व के सम्पर्क में आना चाहता है तो उसके लिए मंच तैयार करने का काम समाचार-पत्र का है। 'प्रेस का शैक्षणिक कार्य अपने पाठकों के लिए उस विश्व के हलचलों का नक्शा प्रस्तुत करना है जिस विश्व में वे रहते हैं, जिस विश्व को वे प्रभावित करते हैं और जिस विश्व के द्वारा वे प्रभावित होते हैं; यद्यपि पाठक से उसका सम्पर्क मुख्यतः अप्रत्यक्ष ही होना चाहिए।'

वस्तुतः प्रेस को युद्ध और शान्ति काल में भारी उत्तरदायित्वों का वहन करना होता है। यहाँ तक कि नैपोलियन को भी यह स्वीकार करना पड़ा था कि 'हजारों बन्दूकों से भी उतना डर नहीं लगता, जितना कि चार विरोधी समाचार-पत्रों से। समाचार-पत्रों का महत्त्व कितना बड़ा है उसका अनुमान सुप्रसिद्ध अमेरिकी राष्ट्रपति थामस जेफरसन के शब्दों से लगाया जा सकता है—'समाचार-पत्र विहीन सरकार—अथवा सरकार विहीन समाचार-पत्रों में से यदि किसी एक को चुनने का भार मुझ पर सौंप दिया जाय तो बाद वाले को चुनने में मुझे तनिक भी हिचकिचाहट न होगी।'

समाचार-पत्र विश्व (समाज) के दर्पण हैं। तथ्यों के वास्तविक रूप में सही-सही प्रकाशन के लिए आवश्यक है कि समाचार-पत्र बुनियादी तौर पर स्वतन्त्र हों। अमेरिका के एक महान् राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डियानो रुजवेल्ट ने एक बार कहा था कि 'अभिव्यक्ति, भाषण, सभा और शिक्षा की स्वतन्त्रता जनतन्त्र के आधार स्तम्भ हैं, यदि किसी भी समय पत्रों की स्वतन्त्रता को सफलतापूर्वक चुनौती दी गई तो उन सबों का सफाया हो जायगा।' समाचार-पत्रों की स्वतन्त्रता जनतन्त्र का आधार स्तम्भ है। वह स्वतन्त्रता का महान् संरक्षक है, केवल स्वेच्छाचारी सरकार के अलावा और कोई भी उसकी स्वतन्त्रता पर अंकुश नहीं लगा सकता।

भारत के स्वतन्त्र होने के पूर्व भारतीय समाचार-पत्र देश की स्वतन्त्रता के प्रचारक अभिकर्त्ता के समान कार्य कर रहे थे और स्वाधीनता के राष्ट्रीय आन्दोलन को सफल बनाने में उनका महान् योगदान रहा है। भारत के राष्ट्रीय आन्दोलन को भारतीय समाचार-पत्रों से अत्यधिक समर्थन प्राप्त हुआ। भारत के राष्ट्रीय समाचार-पत्रों ने समझदारी के साथ मित्रतापूर्वक, पूरे उत्साह एवं साहस से उनका समर्थन किया, जिसके कारण स्वातंत्र्य आन्दोलन में पर्याप्त तेजी आयी। समाचार-पत्रों को राष्ट्रीय आन्दोलन के अग्रदूत की तरह कार्य करना पड़ा; और इसी कारण उन्हें ब्रिटिश शासन का कोपभाजन भी होना पड़ा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रतिबन्ध काल में भी समाचार-पत्रों ने अपना कार्य बखूबी निभाया तथा विदेशी शासन के अंकुश की चिन्ता किये बिना ही स्वाधीनता के महान् आन्दोलन में अपना योगदान करते रहे।

भारत में समाचार-पत्र और उनकी स्वतंत्रता का इतिहास एक विदेशी सरकार के विरुद्ध निरन्तर संघर्ष तथा क्रमशः सफलता की कहानी है। भारत के लिए पत्रों का विशेष महत्त्व रहा है। देश की राजनीतिक और आर्थिक स्वतन्त्रता के लिए संघर्ष में शुरू से अन्त तक इन पत्रों का सम्पर्क रहा है। पहले उसने राजनीतिक दृष्टि से कुंठित बुद्धिजीवी वर्ग को अनुप्राणित किया और बाद में समाचारों के महत्व को परखने की भावना जाग्रत करने के लिए जनता को शिक्षित करने का अनवरत प्रयास किया। उसका यह फल निकला कि विश्व घटना-चक्र की व्यापक पृष्ठभूमि के सन्दर्भ में जनता स्थानीय घटनाओं का अध्ययन करना सीख गई और भारतीय जनता अपना भौगोलिक तथा ऐतिहासिक महत्व को समझने लगी। इस ज्ञान ने देश में नई जान फूंकी। भारत में राष्ट्रीयता के पुनर्जागरण, भाषण-स्वातंत्र्य तथा व्यक्ति-स्वातंत्र्य के निमित्त स्वदेशी आन्दोलन में समाचार-पत्रों ने निर्णायक अंश ग्रहण किया। 'ऐसा भी होता है कि सामान्य कानून के अन्तर्गत जिसे प्रोत्साहन मिलता हो, प्रशासकीय कानून के अन्तर्गत उसे यातना सहनी पड़ती हो और इस प्रकार भारतीय समाचार-पत्रों को प्रशासकीय कानून का शिकार बनना पड़ा है।'

सरकारी उत्पीड़न के बावजूद भारतीय समाचार-पत्रों ने यह प्रमाणित कर दिया है कि किसी धार्मिक नेता की ही भांति कोई भी आदर्श पत्रकार जनता पर स्वस्थ्य और शक्तिशाली प्रभाव डाल सकता है, जनमत को मोड़ सकता है और जनता के चरित्र को ऊँचा उठा सकता है। मूलतः भारतीय समाचार-पत्र ईमानदार, स्वच्छ, साहसी, निष्पक्ष और कर्त्तव्यपरायण हैं।

ब्रिटिश शासन काल से भारत सरकार ने, जो कभी भी जनतन्त्रीय नहीं थी, प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रारम्भ से ही अंकुश लगाने का प्रयास किया। नौकरशाही सरकार कभी भी प्रेस की स्वतन्त्रता को बर्दास्त नहीं कर सकती, क्योंकि अपने कुकृत्यों के लिए उसे हमेशा प्रेस की आलोचना का शिकार बनना पड़ता है। ब्रिटिश शासन में प्रेस का दमन किया गया। अधिकारियों के इशारे पर समाचार-पत्रों के चलने के लिए बाध्य करने के निमित्त प्रारम्भ से ही कई प्रकार के कानून, निरकुंश कानून, नियम और अध्यादेश जारी किये गये। समाचार-पत्रों पर अंकुश लगाने के लिए बनाये गये कानून जटिल भी थे।

यदि वर्तमान समय में भारतीय समाचार-पत्र ब्रिटेन और अमेरिका के समाचार-पत्रों की ही भांति स्वतन्त्र हैं तो उसका श्रेय वर्तमान भारत सरकार की जनतन्त्रीय प्रणाली को है। भारतीय समाचार-पत्र अपनी स्वतन्त्रता की अक्षुण्णता के लिए अत्यधिक सतर्क हैं क्योंकि देश के भविष्य के निर्माण में उन्हें महत्वपूर्ण योगदान करना है। शनैः-शनैः शक्तिशाली बन रहे इन समाचार-पत्रों को देश में जनतन्त्र की सेवा करने और अपनी स्वतन्त्रता की रक्षा करने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध होंगे।

स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद कई अनुकूल परिस्थितियों ने भारतीय समाचार-पत्रों के विकास में योगदान किया है तथा उनके आधार दृढ़ हो गये हैं। पाठकों की बढ़ती हुई संख्या की मांग को पूरा करने के लिए अधिक संख्या में नये समाचार-पत्र निकलते जा रहे ह।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भारत के लिए यह शुभ संकेत है कि अधिक से अधिक संख्या में जनता में समाचारों के प्रति उत्कंठा जाग्रत हो रही है और समाचार-पत्र पढ़ने की आदत में पर्याप्त सुधार हुआ है। विज्ञापनों के लिए भी जनता में रूचि बढ़ती जा रही है। समाचार-पत्र विज्ञापन और प्रचार के प्रमुख साधन हैं। पत्रकारिता के सब क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। समाचार-पत्रों की प्रसार संख्या में भारी वृद्धि हुई है और क्रमशः पत्रों का स्तरीकरण हो रहा है। कई समाचार-पत्रों ने अपने यंत्रों और कार्यालयों के लिए आधुनिकतम उपकरणों तथा साधनों की व्यवस्था कर ली है। इसमें कोई सन्देह नहीं कि उसके तकनीकी पक्ष में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब पत्रकारों को पहले की अपेक्षा अधिक वेतन मिलता है और उनकी सेवा की शर्तों और स्थितियों में सुधार हुआ है। पत्रों के मालिक अभी हाल तक, जिन सुविधाओं से अपने कर्मचारियों को वंचित रखते थे अब वे उनके लिए देश में सर्वत्र उपलब्ध हैं।

भारत सरकार द्वारा १९५३ में विचारपति राजाध्यक्ष की अध्यक्षता में स्थापित भारतीय प्रेस आयोग ने भारतीय प्रेस की वास्तविक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित करने का सराहनीय कार्य किया है जिसके फलस्वरूप भारत में पत्रकारिता के पेशे में चतुर्दिक सुधार हुआ है।

भारतीय समाचार-पत्र अब उच्च कोटि के बन गये हैं। वे अनवरत समाचार और विचार जनता तक पहुंचा रहे हैं। समाचार पत्र एक ऐसा सेवा कार्य कर रहे हैं जो जनतंत्र की रक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण है।

जो कुछ भी हो, भारतीय समाचार-पत्रों का भविष्य उज्वल है किन्तु प्रारंभिक काल में विघ्न-बाधाओं, कठिनाइयों तथा आँधियों का सामना करते हुए अब वे राष्ट्र का निर्माण करने की स्थिति में पहुँच गये हैं। स्वातन्त्र्य संग्राम में प्रेस का योगदान सराहनीय और महत्वपूर्ण था। काफी हद तक भारत में प्रेस का इतिहास देश में जनमत के विकास का इतिहास है, जिसने कि भारत में जनतन्त्र की बुनियाद डाली।

भारत में समाचार-पत्रों का इतिहास देश के इतिहास से अनिवार्यतः सम्बद्ध और उलझा हुआ रहा है। भारत में जबसे समाचार-पत्रों का जन्म हुआ, प्रायः तभी से उनकी सबसे अधिक दिलचस्पी राजनीति से रही है। यही कारण है कि जब से भारतीय सम्पादकों ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ने के लिए अपनी लेखनी का प्रयोग शुरू किया, उसके पहले से समाचार-पत्रों ने राजनीतिक मामलों में गहरी दिलचस्पी लेना प्रारंभ कर दिया था। समाचार-पत्रों को, सुचारु रूप से अपना काम-काज चलाते रहने के लिए अपने चारों ओर के प्रश्नों, समस्याओं और घटनाओं में गहरी दिलचस्पी लेनी पड़ती है।

भारत में लोकतन्त्र का भविष्य देश के समाचार-पत्रों के हाथ में है। समाचार-पत्र चाहें तो लोकतन्त्र को बना या बिगाड़ सकते हैं। भारतीय समाचार-पत्रों को वह महान् कर्तव्य पूरा करना है जिसकी अपेक्षा भारतीय जनता करती आ रही है।

———

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

राष्ट्रीय एकता तथा विश्वविद्यालयों का उत्तरदायित्व

सूर्यनाथ सिंह

विश्वविद्यालय की शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान-विज्ञान का सृजन तथा उन्नयन मात्र ही नहीं है। उसे युवकों के सामाजिक व्यक्तित्व का निर्माण तथा दृष्टिकोण का परिष्कार भी करना चाहिए। राष्ट्रीय एकता का सम्बन्ध हमारे 'सामाजिक व्यक्तित्व' तथा 'दृष्टि-कोण' से है जिसके स्वस्थ विकास में हमारे विश्वविद्यालय नितान्त असफल रहे हैं। प्रस्तुत लेख में भारतीय विश्वविद्यालयों के समक्ष एक ऐसी योजना रखने का प्रयास किया गया है जिससे वे राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

भारत के वर्तमान विश्वविद्यालयों का विकास पाश्चात्य प्रणाली के आधार पर हुआ है तथा उनका आदर्श इस देश की शैक्षिक प्रणाली नहीं है। प्रत्येक बात के लिए हमारे प्राध्यापक ऑक्सफोर्ड, कैम्ब्रिज तथा हारवर्ड की ओर देखते हैं। फलतः उनकी जड़ें इस देश की धरती में नहीं हैं। उच्च शिक्षा की इस विदेशी पृष्ठभूमि के कारण हमारे युवक जीवन के ऐसे अनोखे प्रतिमान लेकर निकलते हैं कि भारत के बृहत्तर सामाजिक जीवन से अपना सामञ्जस्य न बैठा कर स्वयं अपना ही एक विशिष्ट 'बन्द वर्ग' बना लेते हैं। यदि उच्च शिक्षा प्राप्त युवक-युवतियों का भारत के शेष सामाजिक जीवन से अन्तर्ग्रंथन करना है तो विश्वविद्यालयों का 'भारतीयकरण' या 'स्वदेशीकरण' आवश्यक है जिसके अभाव में हमारा उच्च शिक्षा प्राप्त वर्ग भारतीय समाज में घुल-मिल नहीं पाता तथा गाँवों का परित्याग कर नगरों की ओर भागता है जिसके परिणाम भयावह होते जा रहे हैं। ग्राम तथा नगरों के जीवन की दूरी बढ़ती जा रही है। ग्रामीण जनता शिक्षित वर्ग को और सशंकित दृष्टि से देखती है। उच्च शिक्षा के लाभ से बृहत्तर जन समुदाय वंचित होता जा रहा है। शिक्षित वर्ग के नगरों की ओर पलायन के कारण गांवों में कुशल नेतृत्व का अभाव हो जाता है जिससे विघटनकारी तथा प्रतिक्रियावादी तत्वों को खुल कर खेलने का मौका मिलता है, जातीयता तथा साम्प्रदायिकता की भावना बढ़ती है और ऐसी परिस्थिति में राष्ट्रीय एकता की कल्पना करना दुराशा मात्र है। अतः आवश्यक है कि उच्च शिक्षा की जड़ें भारत में ही आरोपित की जांय।

हमारे विश्वविद्यालयों को चाहिए कि वे राष्ट्र की सामाजिक आवश्यकता के अनुसार शिक्षा की आयोजना करें जिससे उच्च शिक्षा प्राप्त वर्ग राष्ट्र के लिए उपयोगी हो सके; विभिन्न क्षेत्रों की निर्माण योजनाओं का संचालन करने के लिये कुशल व्यक्ति उपलब्ध हो सकें तथा उच्च शिक्षा एवं जन-जीवन का अन्तर्ग्रंथन हो सके। आज हमारे अनुसन्धान का ७२% भाग केवल सैद्धान्तिक अथवा समाज के लिए अनुपयोगी है। इसे समाप्त कर उच्चतर शिक्षा एवं अनुसन्धान को राष्ट्र के लिये उपयोगी बनाना होगा। विश्वविद्यालयों को अपने प्राचीन कलेवर का परित्याग कर सामाजिक प्रयोगशालाओं का स्वरूप अपनाना होगा जिससे महत्त्वपूर्ण सामाजिक प्रश्नों तथा समस्याओं का समाधान सरलतापूर्वक ढूंढ़ा जा सके। उन्हें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संकीर्णता तथा अन्ध-विश्वासों के विरुद्ध संघर्ष करना होगा तथा उस मनोवृत्ति का अन्त करना होगा जो एक पशु विशेष को मनुष्य से अधिक आदरणीय तथा महत्वपूर्ण समझती है। यदि हमारे विश्वविद्यालयों ने इस दूषित मनोवृत्ति के विरुद्ध संघर्ष नहीं किया तो राष्ट्रीय एकता की केवल कल्पना से ही हमें सन्तोष करना होगा।

विश्वविद्यालयों के भारतीयकरण तथा स्वदेशीकरण के लिये यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय कल्पना-लोक का परित्याग कर वास्तविकता की धरती पर आवें और सामूहिक रूप से उन प्रश्नों तथा समस्याओं पर विचार करें जो राष्ट्र की जड़ खोखली किये जा रहे हैं। प्रति वर्ष अनेक बार प्राध्यापकों तथा कुलपतियों के सम्मेलन बुलाये जाते हैं किन्तु एकाध बार के अतिरिक्त राष्ट्रीय प्रश्नों पर विचार नहीं किया जाता। कदाचित् ही कभी सोचा गया है कि राष्ट्र से हिंसावाद, जातिवाद तथा सम्प्रदायवाद का कैसे उन्मूलन किया जाय; सामाजिक तथा आर्थिक न्याय की स्थापना कैसे की जाय; विभिन्न वर्गों तथा गाँवों और नगरों में बढ़ती सामाजिक दूरी कैसे कम की जाय; जन-जीवन से भ्रष्टाचार का उन्मूलन कर कैसे शुचिता लाई जाय; तथा अवैध दवाव की नीति से सामाजिक जीवन की रक्षा कैसे की जाय। यदि प्रश्नों का उत्तर समय रहते न ढूंढ़ा गया तो राष्ट्र का समस्त सामाजिक ढाँचा असन्तोष, हताशा तथा हिंसा की दावाग्नि में जल जायगा। संसदीय समाजवादी जनतन्त्र एवं धर्म निरपेक्षता की भावना उसी में भस्मीभूत हो जायगी। ये सभी प्रश्न उच्चतर शिक्षा से सम्बन्धित हैं और सभी का सम्बन्ध राष्ट्रीय एकता से है। इधर देश में विघटनकारी तथा साम्प्रदायिकतावादी शक्तियों को खुलकर खेलने का अवसर मिला है किन्तु हमारे विश्वविद्यालयों, उनके कुलपतियों, अध्यापक संघों तथा छात्र संगठनों ने इसके विरुद्ध शायद ही आवाज उठाई हो। विश्वविद्यालयों की यह आत्मरति केवल उन्हें ही नहीं, वरन् राष्ट्र को ले डूबेगी।

एक सीमा तक तो हमारे विश्वविद्यालय स्वयं उन्हीं रोगों से ग्रस्त हैं, जो राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधक बने हैं। किसी भी विश्वविद्यालय को देखें—उसमें भावात्मक एकता नहीं है। जातिवाद, भाषावाद, प्रदेशवाद तथा सम्प्रदायवाद के शिविर प्रत्येक विश्वविद्यालय में गड़े हुए हैं। केवल निर्वाचनों तथा नियुक्तियों पर ही उनका प्रभाव नहीं पड़ता, वरन् छात्रों की भर्ती से लेकर उनके परीक्षाफल तक सभी उनसे प्रभावित होते हैं। इसके पहले कि हमारे विश्वविद्यालय राष्ट्र का नेतृत्व सम्हालें, उन्हें अपना घर ही ठीक करना होगा। भावात्मक दृष्टि से विभिन्न वर्गों में विभक्त तथा दवाव की राजनीति पर आधारित विश्वविद्यालयों को यदि समय रहते नहीं सुधारा गया तो राष्ट्र की जड़ें ही खोखली हो जायगी। इस प्रकार के विश्वविद्यालय समाज पर अमरबेलि के समान आच्छादित होकर उसका शोषण कर रहे हैं। ऐसे विश्वविद्यालयों ऐसे समाज की ही रक्षा करेंगे होगा।

भारत में केवल कुछ केन्द्रीय विश्वविद्यालयों को छोड़कर समस्त उच्च शिक्षा प्रादेशिक सरकारों के नियन्त्रण में है जिससे हमारे विश्वविद्यालयों का स्वरूप राष्ट्रीय नहीं बन पाता। प्रादेशिक सरकार के नियन्त्रण के कारण विश्वविद्यालयों की स्वतन्त्रता ही केवल मखौल बन कर नहीं रह जाती, वरन् प्रादेशिक राजनीति संकीर्णता तथा भाषावाद भी उनमें

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रवेश हो जाता है। नियुक्ति तथा छात्रों के प्रवेश—सबमें यही भावना काम करती है। फलतः ये विश्वविद्यालय राष्ट्र हित के स्थान पर प्रादेशिक भावना को जन्म देते तथा पनपाते हैं। अतः आवश्यकता इस बात की है कि समस्त उच्च शिक्षा संघीय विषय घोषित की जाय तथा न्यायपालिका की भाँति उसकी स्वाधीनता की मर्यादा स्थापित की जाय। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अनुदिन के कार्यों में हस्तक्षेप न कर केवल धन की व्यवस्था करे। छात्रों का प्रवेश तथा अध्यापकों की नियुक्ति राष्ट्रीय आधार पर की जाय। समस्त देश में उच्च शिक्षा का माध्यम एक ही रखा जाय। अध्यापकों तथा छात्रों का विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्थानान्तरण किया जाय। अन्य प्रदेशों से अतिथि छात्र तथा अध्यापक बुलाये जाँय। सामान्य आवासों, भोजनालयों एवं क्रीड़ास्थलों की व्यवस्था की जाय। छात्रों तथा अध्यापकों के अन्तरप्रादेशिक दीर्घकालीन तथा अल्पकालीन शिविर स्थापित किये जाय, जहाँ विभिन्न प्रदेशों के लोग साथ रहें तथा एक दूसरे को समझें। अन्तर्विश्वविद्यालयीय युवक समारोहों की व्यवस्था को जाय तथा समाज सेवा के ग्रीष्मकालीन शिविर स्थापित किये जाँय, जिससे विभिन्न विश्वविद्यालयों की युवा शक्ति में सौहार्द्र स्थापित हो। प्रत्येक विश्वविद्यालय में किसी एक विषय के उच्च शिक्षा केन्द्र की स्थापना अखिल भारतोय आधार पर को जाय, जहाँ विभिन्न प्रदेशों से मेधावी छात्र तथा अध्यापक आकर अध्ययन तथा अनुसंधान करें। क्षेत्रीय छात्र संगठनों के स्थान पर शैक्षणिक संगठन स्थापित किये जाँय, जिससे विभिन्न प्रदेशों के छात्र तथा अध्यापक एक दूसरे के सम्पर्क में आयें और राष्ट्रीय एकता का मार्ग प्रशस्त करें।

राष्ट्रीय एकता के लिए हमारे विश्वविद्यालयों को, जहाँ वे आज है, उससे आगे जाना होगा। किसी न किसी स्तर पर समस्त भारत के निवासियों, उनकी कला, संस्कृति, भाषा तथा साहित्यिक विशेषताओं का ज्ञान विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कराना होगा जिससे वे भ्रान्तियों तथा उन पूर्वाग्रहों का निराकरण हो सके जो राष्ट्रीय एकता के मार्ग में बाधा बने हैं। इसके लिए हमें पाठ्यक्रमों तथा विभिन्न विषयों का पुनर्निर्माण करना होगा। देश के सांस्कृतिक इतिहास की नवीन आयोजना करनी होगी। इतिहास का अध्यापन विभिन्न वर्गों तथा सम्प्रदायों की एकता के लिए करना होगा। आज हम राष्ट्र की एकता का इतिहास न पढ़ाकर आर्य-अनार्य, ब्राह्मण-राजपूत, मुसलमान-मराठा तथा सिक्खों का इतिहास पढ़ाते हैं। उत्तर भारत तथा दक्षिण भारत का इतिहास पढ़ाते हैं। लगता है जैसे ये सब एक दूसरे से पृथक तथा असम्बद्ध परम्पराएँ हैं। लगता है जैसे देश की अपनी कोई एक सामान्य संस्कृति नहीं है। हम समस्त भारत को एक सांस्कृतिक परम्परा में समेटने में असमर्थ हैं। लगता है जैसे भारत के विभिन्न सम्प्रदायों, वर्गों तथा जातियों में कभी एकता ही न रही हो और न उन्होंने एक दूसरे को प्रभावित किया हो। किन्तु वास्तविकता कुछ और है। अशोक, अकबर तथा गाँधी एक ही समन्वयवादी संस्कृति की उपज हैं। कबीर, तुलसी तथा रवीन्द्र की परम्परा भी एक ही है। अतः समस्त भारतीय इतिहास की व्याख्या एक नवीन दृष्टि से की जानी चाहिए। विघटनकारी तत्त्वों के स्थान पर समन्वयवादी प्रवृत्तियों पर बल देना चाहिए। इतिहास के विभिन्न कालों का नामकरण शासन नहीं, अपितु युगधारा या युग चेतना के आधार पर करना चाहिए। समस्त मध्य-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कालीन अथवा मुस्लिम काल का भारत भक्ति-आन्दोलनों की धारा में समा सकता है मगर इतिहासकारों की दृष्टि इधर जाय तब तो। हमें अपने इतिहास द्वारा यह सिद्ध करना होगा कि हिन्दू-मुसलमान, आर्य-अनार्य, उत्तर-दक्षिण एक दूसरे से पृथक ही नहीं, वरन् मेल से भी रहे हैं तथा एक दूसरे को प्रभावित किये हैं। अतीत की उपलब्धियाँ किसी एक वर्ग की नहीं, वरन् समस्त देश की हैं। सबने दुःख-सुख में समान भाग लिया है। वर्तमान सबका है और भविष्य भी सबका होगा। इस समन्वयवादी भावना की आवश्यकता केवल इतिहास में ही नहीं, धर्म तथा दर्शन में भी है किन्तु हमारी शिक्षा तथा हमारी पाठ्य-पुस्तकें ऐसी हैं कि लगता है कि हिन्दू तथा इस्लाम, धर्म और दर्शन की दृष्टि से सदा पृथक रहे हैं। यह कभी नहीं सोचा जाता कि एक हजार वर्ष तक साथ रहने पर उन्होंने कैसे एक दूसरे को प्रभावित नहीं किया होगा। भारत की प्राचीन उच्च शिक्षा ने विभिन्न जीवन प्रणालियों के समन्वय में अपूर्व सफलता प्राप्त की थी तथा नवीन समन्वयवादी जीवन-प्रणाली की रचना की थी। यही बात आज के विश्वविद्यालयों को भी करनी है। उन्हें भी विभिन्न जीवन प्रणालियों के बीच सामान्य जीवन-दर्शन की खोजकर राष्ट्र में एकता की स्थापना करनी है। जब राष्ट्र मे एक सामान्य जीवन-दर्शन तथा सामान्य जीवन की प्रणाली का विकास न होगा, राष्ट्रीय एकता की स्थापना असम्भव है।

राष्ट्रीय एकता की स्थापना के लिए सभी विषयों का अध्यापन नवीन दृष्टिकोण से करना होगा। विज्ञान के अध्यापन का उद्देश्य केवल सैद्धान्तिक ज्ञान दान होकर अन्ध-विश्वासों तथा संकीर्णताओं का अन्त करना होना चाहिये। विज्ञान द्वारा मानवीय एकता की बात बड़ी सरलतापूर्वक समझाई जा सकती है। भूगोल, अर्थशास्त्र तथा वाणिज्य के अध्यापन द्वारा हमें राष्ट्रीय एकता का प्रतिपादन करना होगा तथा छात्रों के मन में यह बात बैठानी होगी कि भौगोलिक तथा आर्थिक कारकों ने समस्त देश को एक बना दिया है। प्रत्येक भाग दूसरे पर निर्भर है अकेले कोई भी भाग प्रगति नहीं कर सकता। समाजशास्त्र तथा मानवशास्त्र द्वारा सामाजिक दूरी, वर्ग-संघर्ष तथा सामूहिक तनाव के कारणों का पता लगाकर उनके समाधान का मार्ग बताना होगा। शिक्षा तथा मनोविज्ञान के अनुसंधान द्वारा उन संवेगों, मूलप्रवृत्तियों तथा हताशाओं का पता लगाना चाहिये जिनके कारण सामूहिक तनाव तथा हिंसात्मक प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। यदि इन दृष्टियों से विभिन्न विषयों का अध्यापन किया जाय तो राष्ट्रीय एकता का मार्ग बहुत कुछ प्रशस्त किया जा सकता है।

विश्वविद्यालयों को कुछ ऐसे बौद्धिक तथा नैतिक मूल्यों की रचना करनी होगी जिससे छात्रों में भविष्य के प्रति आस्था तथा विश्वास उत्पन्न हो, जिस पीढ़ी के हाथ में आज सत्ता है वह उसे छोड़ना नहीं चाहती तथा उसकी सर्वविदित त्रुटियाँ युवकों में रोष तथा हिंसा की भावना उत्पन्न करती हैं जो स्वयं किसी समस्या का समाधान नहीं हैं। छात्रों पर हमें यह स्पष्ट करना चाहिय कि रोष तथा हिंसा एवं दबाव से राष्ट्रों का न तो निर्माण हुआ है न व्यक्तियों का भविष्य बना है। महान् लक्ष्यों की उपलब्धि प्रतीक्षा, त्याग तथा बलिदानों से होती है। आतुरता तथा क्रोध जनसमूह को दिशामूढ़ एवं पथभ्रष्ट बना देते

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। पुरानी पीढ़ी आज नहीं तो कल चली जायगी, फिर राष्ट्र का भार युवकों पर आयेगा। अतः उन्हें कल के लिए विश्वासपूर्वक तैयारी करनी है जिससे वे वही भूलें न कर बैठें, जो आज की जा रही हैं। महान् भविष्य के लिये महान् उद्यम अपरिहार्य हैं। राष्ट्र के इस भविष्य में प्रत्येक व्यक्ति का भाग है तथा प्रत्येक को उसमें योगदान करना है। राष्ट्र निर्माण राष्ट्रीय महत्त्वाकांक्षा, नागरिकता की भावना, संयम तथा अनुशासन बिना सम्भव नहीं है। यदि हमारे विश्वविद्यालय किसी प्रकार युवकों में राष्ट्र-चेतना तथा भविष्य के प्रति आस्था उत्पन्न कर सकें तो विघटनकारी प्रवृत्तियों का स्वयमेव विनाश हो जायगा तथा राष्ट्रीय एकता की स्थापना सम्भव हो सकेगी।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अपभ्रंश के प्रथम महाकवि–चतुर्मुख

सोमेश्वर सिंह

प्रो० मधुसूदन मोदी को चतुर्मुख और स्वयंभू के अभिन्नत्व का भ्रम हो गया था। स्वयंभू के पउमचरिउ की अंतिम प्रशस्तियों में स्वयंभू के पुत्र त्रिभुवन-स्वयंभू ने कुछ ऐसी पंक्तियाँ जोड़ दी हैं जिनमें चतुर्मुख और स्वयंभू के नाम एक साथ ही आ गये हैं।[१] त्रिभुवन ने सर्वत्र अपने को त्रिभुवन-स्वयंभू कहा है। इसी आधार पर प्रो० मोदी ने स्वयंभू का नाम चतुर्मुख स्वयंभू मान लिया।[२] पुष्पदंत के महापुराण का सम्पादन करते समय प्रो० परशुराम लक्ष्मण वैद्य ने भी स्वयंभू और चतुर्मुख को अलग-अलग कवि नहीं माना[३], यद्यपि महापुराण में दोनों कवियों का उल्लेख पृथक-पृथक किया गया है।[४] जिन रत्न-कोष[५] (१९४४ ई०) के प्रकाशन के पूर्व ही पं० नाथूराम 'प्रेमी' ने यह स्पष्ट कर दिया था कि चतुर्मुख और स्वयंभू दो भिन्न कवि हैं[६], तथापि प्रो० वेलणकर ने पद्मचरित या रामायण पुराण के कर्त्ता का नाम 'चतुर्मुख स्वयंभू' ही दिया है।[७] अपभ्रंश की उपलब्ध रचनाओं में चतुर्मुख और स्वयंभू के नाम इतनी बार अलग-अलग आये हैं कि अब उनके पृथक व्यक्तित्व के सम्बन्ध में कोई संदेह ही नहीं रह जाता।

स्वयंभू तथा अन्य परवर्ती अपभ्रंश कवियों ने चतुर्मुख का नामोल्लेख बड़े आदर के साथ किया है। स्वयंभू छंदस्[८] में विभिन्न छंदों के लिए उनके कुछ पद्य उदाहृत हैं।[९] किन्तु उनकी कोई सम्पूर्ण रचना अद्यापि उपलब्ध नहीं हो सकी है। रचनाओं के अभाव में उनके जीवन तथा समय के सम्बन्ध में कोई प्रकाश नहीं डाला जा सकता। वस्तुतः

---

१ चउमुह सयम्भुएवाण वाणियत्थं अचक्खमाणेण।
तिहुअण-सयम्भु रइयं, पंचमी चरियं महच्छरियं॥
—पउमचरिउ भाग ३, अंतिम प्रशस्ति ७ पृ० २९०

२ भारतीय विद्या, वर्ष १ अंक २-३

३ महापुराण भाग २, टिप्पणी पृ० ५४८

४ कइराइ सयम्भू महायरिउ, सो सयणसहासहिं परियरिउ।
चउमुहहु चयारि मुहाहिं जहिं सुकइत्तणु सीसउ काइं तहिं॥
—म०पु० भाग २, ६९-१-४ पृ० ३६८

५ डॉ० एच० डी० वेलणकर द्वारा सम्पादित और भण्डारकर ओ०रि० इन्सीट्यूट पूना द्वारा प्रकाशित

६ भारतीय विद्या, वर्ष २ अंक १

७ वेलणकर—जिन रत्नकोष पृ० २३२ तथा ३३३

८ डॉ० वेलणकर द्वारा सम्पादित तथा राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित सन् १९६३ ई०

९ वेलणकर, स्वयंभू छंदस् ४-१-३; ५-५४-१, ६-६३-१, ६-६५-१, ६-८७-१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

उनके व्यक्तित्व की सूचना मात्र मिलती है। वे अपभ्रंश के सर्वथा अज्ञातकुलशील महाकवि हैं।

चतुर्मुख का प्रथम उल्लेख महाकवि स्वयंभू के 'पउमचरिउ', 'रिट्ठणेमिचरिउ' और स्वयंभूछंदस् नामक ग्रंथों में मिलता है। स्वयंभू और उनके पुत्र त्रिभुवन स्वयंभू का समय ईसा की नवीं शताब्दी का उत्तरार्द्ध माना गया है।[1] चतुर्मुख इससे पूर्व ही कभी पैदा हुये होंगे। स्वयंभू तथा उनके परवर्ती कवियों न चतुर्मुख के सम्बन्ध में जो यत्किंचित् विवरण प्रस्तुत किया है, उसका विवेचन आवश्यक है।

रिट्ठणेमिचरिउ (अप्रकाशित) में स्वयंभू ने चतुर्मुख का एक वार उल्लेख किया है। जब स्वयंभू को हरिवंश पुराण (रि०णे०च०) रूपी दुस्तर महार्णव को पार करने की चिन्ता सताने लगी, तो सरस्वती ने उन्हें विमल मति प्रदान करके उन्हें काव्य रचना की प्रेरणा दी। सरस्वती की ही प्रेरणा से इन्द्र ने व्याकरण, भरत ने रस, व्यास ने काव्य-विस्तार, पिंगल ने छंद-पद-प्रस्तार, भामह और दंडी ने अलंकार, बाण ने अक्षराडम्बर और समस्त पदावली, श्री हर्ष ने निपुणत्व और चतुर्मुख ने छंदाणिय, द्विपदी और ध्रुवक से जटित पद्धड़िया वंध स्वयंभू को समर्पित किया।[2] स्वयंभू के इस कथन से स्पष्ट हो जाता है कि चतुर्मुख पद्धड़िया छंद के कुशल प्रयोक्ता थे। यह छंद अपभ्रंश के प्रबन्ध काव्यों में प्रयुक्त होने वाला सर्वाधिक प्रचलित छंद है। सम्भवतः अपभ्रंश में पहले-पहल चतुर्मुख ने ही इसका प्रयोग किया।

स्वयंभू छंदस् में विभिन्न छंदों के लिए चतुर्मुख के नाम से सात स्थानों पर उदाहरण उपस्थित किये गये हैं—

१. हउँ अज्जुणु तुम्ह एउ रणु[3]। [अहमर्जुनो यूयम् एतद्रणम्]

२. को महुँ जीअत्तहुँ णेइ धणु[4]। [को मम जीवतो नयति धनु:]

३. णिअणाम पआसहं। सुरहं सआसहं[5]। [निज नाम प्रकाशानाम्। सुराणाम् सकाशानाम्]

---

[1] डॉ० भायाँणी, प० च० भाग ३ की भूमिका पृ० ४१

[2] तहिं अवसरें सरसइ धीरवइ। करि कब्बु दिण्ण मइ विभक्त मइ।
इन्देण समप्पिउ वायरणु। रसु भरहें वासें वित्थरणु।
पिंगलेण छन्द-पय-पत्थारू। भम्महः दण्डिणें हि अलंकारु।
वाणेण समप्पिउ घणघणउ। तं अक्खर-डम्बरु अप्पणउ।
सिरि-हरिसें णिय णिउणत्तणउ। अवरेहि मि कइहिं कइत्तणउ।
छड्डुणिय-दुवइ-धुवएहिं जडिय। चउमुहेंण समप्पिय पद्धडिय॥
—रि. णे. च. १-५ से १०

[3] वेलणकर—स्वयंभूछंदस् (१९६२) ४-२-१

[4] वही, ४-२-२

[5] वही, ४-२-३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

४. भाइ विओअए, जिह जिह करइ विहीसणु सोओ।
तिह तिह दुक्खेन रुवइ सह विवइ वाणर लोओ ॥[१]
[भ्रातृ वियोगे यथा यथा करोति विभीषणः शोकम्।
तथा तथा दुःखेन रोदिति सह विपदि वानरलोकः ॥]

५. णं पवरु पलासु, वण संचारी म(प) फुल्लिआ।
ते चोद्दह लक्ख(णि), णिमिसद्धें सरसल्लिआ ॥[२]
[ननु प्रवराः पलाशाः, वनसंचारे प्रफुल्लिता।
ते चतुर्दश लक्ष्मणेन, निमिषार्द्धेन शरशल्यिताः ॥]

६. ससि उग्गउ ताम, जेण णह अंगण मंडिअउ।
णं रइरहचक्क, दीसइ अरुणे छड्डिअउ ॥[३]
[शशी उद्भूवतस्तावत्, येन नभोऽङ्गम् मंडितम्।
ननु रवि रथ चक्रं, दृष्यतेऽरुणेन त्यक्तम् ॥]

७. दोणह कि अ अहिसेअए, विविह समुब्भिअ चिंधहइं।
वड्डिअ समरावेसइं, वलइं वे वि सणद्धइं ॥[४]
[द्रोणस्य कृतेभिषेके, विविध समुच्छ्रित चिह्ने।
वर्धित समरावेशे, वले द्वे अपि सन्नद्धे ॥]

पं० नाथूराम प्रेमी ने इन छंदों पर विचार करके यह निष्कर्ष निकाला है कि चतुर्मुख के उपर्युक्त छंद नं० २, ४, ५, ६ और ७ उनके पउमचरिउ से लिये गये हैं[५]। किन्तु डॉ० भायाणी उनके इस कथन से सहमत नहीं हैं[६]। उनका कहना है कि इस बात के अकाटच और प्रामाणिक तर्क नहीं दिये जा सकते कि ये छंद रामायण की कथा से ही सम्बन्धित हैं। उद्धरण संख्या १ में अर्जुन का नाम आया है। अतः सहज ही विश्वास किया जा सकता है कि यह पंक्ति किसी हरिवंश पुराण की कथा से सम्बद्ध है। उद्धरण नं० २ (मेरे जीवित रहते धनुष को कौन ले जा सकता है।) नं० ३ (अपना नाम प्रकाशित करने वाले देवताओं के पास से) और नं० ६ (तभी चन्द्रमा का उदय हुआ, जिससे सारा गगनाङ्गण मंडित हो गया। [चन्द्रबिम्ब ऐसा ज्ञात हुआ मानो] अरुण ने जाते-जाते सूर्य-रथ का एक पहिया वहीं छोड़ दिया हो।) में रामकथा का कोई स्पष्ट संदर्भ नहीं मिलता। उद्धरण नं० ७ (द्रोणाचार्य का सेनापति के रूप में अभिषेक किये जाने पर दोनों सेनाएँ ध्वजा आदि विविध चिह्नों को ऊपर उठाये, संवर्द्धित आवेश से युक्त होकर युद्ध के लिए सन्नद्ध हो गईं।) स्पष्ट रूप से महाभारत की कथा से सम्बन्धित

---

१ वेलणकर, स्वयंभूछंदस्, (१९६२) ६-५४-१
२ वही, ६-६३-१
३ वही, ६-६५-१
४ वही, ६-८७-१
५ प्रेमी, पृ० २०९
६ डॉ० भायाँणी, पउमचरिउ भाग १ की भूमिका पृ० १७-१८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है। उद्धरण नं० ४ (भाई के वियोग में ज्यों-ज्यों विभीषण शोक प्रकट करता, त्यों-त्यों बन्दर लोग उसकी सहानुभूति में रुदन करते।) अवश्य ही रामायण की कथा से सम्बन्धित है। किन्तु यह छंद बहुत थोड़े परिवर्तन के साथ स्वयंभू के पउमचरिउ में मिल जाता है[1]। प्रेमी जी के अनुसार इस तरह की गड़बड़ी लेखक की असावधानी के कारण हुई है। 'चउमुह का पद्य वहाँ लिखने से छूट गया है और उसके आगे यह स्वयं स्वयंभू का उदाहरण आ गया है[2]।

उद्धरण नं० ५ डॉ० वेलणकर की व्याख्या के अनुसार रामायण की कथा से सम्बद्ध है। उनके अनुसार इस छंद में कहा गया है कि जंगल में घूमते हुए वे चौदह (राक्षस-प्रधान) लक्ष्मण के बाणों से बेध दिये गये, अतः वे (रुधिराप्लुत होकर) विशाल एवं प्रफुल्लित पलाश के वृक्षों के समान ज्ञात होने लगे[3]। डॉ० वेलणकर ने इस छंद के तीसरे चरण में 'लक्ख' के साथ 'णि' जोड़ दिया है। क्योंकि उन्हें यहाँ 'णि' का लोप ज्ञात होता है[4]। किन्तु डॉ० भायाँणी के अनुसार 'णि' का योग अनावश्यक है क्योंकि उससे छंद में एक मात्रा की वृद्धि हो जाती है और वह उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है, जिसके लिए उस छंद को उदाहरण-स्वरूप उपस्थित किया गया है[5]। 'णि' न जोड़ने से 'लक्ख' का अर्थ 'लक्ष्मण' न होकर 'लाखों' हो जाता है। अब लक्ष्मण का नाम न आने से इस छंद के बारे में भी संदेह उपस्थित हो जाता है कि यह रामायण की कथा से सम्बद्ध है कि नहीं।

इस तरह स्वयंभू छंदस् में आये हुये चतुर्मुख के सात उद्धरणों में से केवल एक उद्धरण नं० चार रामायण की कथा से सम्बद्ध रह जाता है, किन्तु संयोगवश वह भी चतुर्मुख का न होकर स्वयंभू के पउमचरिउ का सिद्ध हो जाता है। ऐसी अवस्था में पं० प्रेमी का यह कथन समाचीन नहीं ज्ञात होता कि अधिकांश छंद चतुर्मुख के पउमचरिउ से लिये गये हैं।

किन्तु इसका यह तात्पर्य नहीं कि चतुर्मुख ने कोई 'पउमचरिउ' या रामकाव्य लिखा ही नहीं होगा। स्वयंभू के परवर्ती अनेक कवियों ने उन्हें 'पउमचरित' का कर्त्ता कहा है। डॉ० भायाँणी का अनुमान है कि पउमचरिउ की रचना करते समय स्वयंभू ने चतुर्मख के 'पउमचरिउ' से बहुत कुछ ग्रहण किया होगा[6]।

---

[1] भाइ विओएं जिह जिह करइ विहीसणु सोउ।
तिह तिह दुक्खेण रुवइ स-हरि-बल-वाणर लोउ ॥

—प० च० भाग ३, ७७-१ पृ० १६५

[2] प्रेमी, पृ० २०६ टिप्पणी

[3] वेलणकर, स्वयंभूछंदस् पृ० २२३

[4] वही, पृ० २२३

[5] पउमचरिउ, भाग १, भूमिका पृ० १७ पादटिप्पणी

[6] पउचरिउ, भाग १ की भूमिका पृ० ५१ तथा डॉ० भायाँणी का निबंव, जर्नल आफ दि ओ० इ० बड़ौदा ७, ३, १९४८, पृ० २१८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

'पउमचरिउ' की अंतिम प्रशस्तियों में त्रिभुवन स्वयंभू ने कहा है कि चतुर्मुख और स्वयंभू की वाणी और अर्थ को बिना देखे ही उन्होंने स्वयं 'पंचमी चरिय' की अद्भुत रचना की।[1] इस कथन से ध्वनित होता है कि चतुर्मुख और स्वयंभू दोनों ने पंचमी चरित या पंचमी कथा की रचना की थी। त्रिभुवन स्वयंभू ने इन दोनों पुस्तकों का कोई सहारा न लेकर स्वतंत्र रूप से 'पंचमी चरिउ' की रचना की। एक दूसरी प्रशस्ति में त्रिभुवन स्वयंभू ने अपने पिता स्वयंभूदेव को स्पष्ट रूप से 'पंचमी कथा' का प्रणेता कहा है।[2] सम्भव है कि चतुर्मुख के 'पंचमी चरिउ' का स्पष्ट उल्लेख भी कहीं मिल जाय।

स्वयंभूके 'पउम चरिउ' के प्रारम्भ में कुछ छंद ऐसे पाये गये हैं, जो प्रशस्ति-सूचक हैं। इनमें स्वयंभू की प्रशंसा की गई हैं। ये छंद स्वयंभू के लिखे हुए नहीं हैं। उन्हें या तो उनके पुत्र त्रिभुवन स्वयंभू ने जोड़ दिया है या किसी प्रतिलिपिकार ने। इन छंदों नें स्वयंभू के काव्यकौशल की प्रशंसा करते हुए चतुर्मुख के निपुणत्व की भी चर्चा की गई है। शब्दों के चयन एवं उनके प्रयोग में चतुर्मुख अद्वितीय माने जाते थे। इसीलिए कहा गया है कि चतुर्मुख के मुख से शब्द और दन्तिभद्र के मुख से मनोहर अर्थ की शोभा होती है। स्वयंभू में ये दोनों गुण पाए जाते हैं। अन्य कवियों में इस प्रकार की विशेषताएँ नहीं पाई जातीं।[3] दूसरे छंद में चतुर्मुख को गोग्रह कथा के वर्णन में अद्वितीय कहा गया है। जल क्रीड़ा के वर्णन में स्वयंभू को, गोग्रह कथा के वर्णन में चतुर्मुख को और मत्स्यवेध की कथा के वर्णन में भद्र (दंतिभद्र या भद्राशय) को आज तक कोई भी कवि नहीं पा सका। छंद निम्नलिखित है :—

जल कीलाएँ सयम्भू चउमुहएवं च गोग्राह कहाएँ।
भद्दं च मच्छवेहे अज्ज वि कइणो न पावन्ति ॥[4]

संयोगवश यह छंद स्वयंभू चरित 'पउम चरिउ' के विद्याधर कांड की १४ वी संधि के अन्त में भी दे दिया गया है। स्वयंभू इतने सरल प्रकृति के कवि थे कि उन्होंने अपनी प्रशंसा करना तो दूर की बात है, अपने लिए किसी विशेष अर्थ बोधक विशेषण का भी प्रयोग नहीं किया है। निश्चित रूप से यह छंद किसी अन्य के द्वारा लिखा हुआ है। मुझे विश्वास है कि कुछ ऐसी ही पंक्तियाँ और हैं जो स्वयंभू के 'पउम चरिउ' में घुसा दी गई हैं। सम्पादन करते समय डॉ० भायाँणी ने ऐसे प्रक्षेपों की ओर ध्यान नहीं दिया है।

---

[1] चउमुह सयम्भुएवाण वाणियत्थ अचक्ख माणेण।
तिहुअण-सयम्भु-रइयं पंचमि-चरियं महच्छरियं ॥
—प० च० भाग ३ अंतिम प्रशस्ति संख्या ७ पृ० २९०

[2] जइ ण हुअ छंद चूड़ामणिस्स तिहुअण सयम्भु लहुतणओ।
तो पद्धड़िया-कव्वं सिरि-पंचमि को समारेउ ॥—वही, १० पृ० २९०

[3] चउमुह-मुहम्मि सद्दो दन्तीभद्दं च मणहरो अत्थो।
विण्णि वि सयम्भु कव्वे किं कीरइ कइयणो सेसो ॥
—प० च० भाग १ में परिशिष्ट १ पर उद्धृत पृ० १२१

[4] पउम चरिउ भाग १ भूमिका, परिशिष्ट १ पर उद्धत पृ० १२१

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अस्तु, स्वयंभू के पउमचरिउ, रिट्ठणेमि चरिउ और स्वयंभू छंदस् के उद्धरणों से निम्नलिखित तथ्य प्रकाश में आते हैं।

१. चतुर्मुख पद्धड़िया छंद के सिद्धहस्त कवि थे। स्वयंभू ने उन्हीं से पद्धड़िया ग्रहण किया।

२. वे गोग्रह कथा के वर्णन में अद्वितीय थे। यह वर्णन हरिवंश पुराण का अंग है। अतः इस बात की सम्भावना है कि उन्होंने हरिवंश पुराण की रचना की थी। स्वयंभू छंदस् के कुछ उदाहरण भी इसी तथ्य की ओर संकेत करते हैं।

३. स्वयंभू की भाँति उन्होंने भी किसी 'पंचमी चरिउ' की रचना की थी।

४. चतुर्मुख ने किसी पद्मचरित नामक काव्य की रचना की, इस बात का स्पष्ट संकेत स्वयंभू की रचनाओं से नहीं मिलता। किन्तु डॉ० भायाणी को विश्वास है कि चतुर्मुखने 'पउम चरिउ' नामक काव्य अवश्य लिखा था।

५. स्वयंभू के समय तक चतुर्मुख की पूरी ख्याति फैल चुकी थी। इसी कारण उनका बार-बार उल्लेख किया गया।

स्वयंभू के पश्चात् अपभ्रंश के लगभग समस्त छोटे-बड़े कवियों ने अपने पूर्ववर्ती कवियों का उल्लेख करते हुये चतुर्मुख को स्मरण किया है। पुष्पदंत (१० वीं शताब्दी) अपभ्रंश साहित्य के मेरुदंड कहे गये हैं। उन्होंने अपने महापुराण में दो स्थानों पर चतुर्मुख का नामोल्लेख किया है। पहला उल्लेख उन्होंने महापुराण की प्रथम संधि में किया है, जहाँ वे अपनी नम्रता ज्ञापित करते हुये कहते हैं कि महापुराण अत्यन्त दुर्गम है। महासमुद्र को भला घड़े से नापा जा सकता है? उन्हें पूर्ववर्ती विद्वानों का भरोसा है। उन्होंने जो कुछ कहा है उसी को कह कर वे अपने कर्तव्य को पूरा करना चाहते हैं। पूर्ववर्ती कवियों का स्मरण करते हुए पुष्पदन्त ने न्यायकुमुदचन्द्रोदय के कर्त्ता अकलंक, सांख्यदर्शन के उपस्थापक कपिल, वैशेषिकदर्शन के कर्त्ता कणाद, चार्वाक मत के ग्रंथकार पुरन्दर, संगीतशास्त्रों के प्रणेता दंतिल और विशाख, नाट्यशास्त्र के कर्त्ता भरत, पाणिनि व्याकरण के भाष्यकार पतंजलि, भारवि, भास, व्यास, कालिदास, श्रीहर्ष, द्रोण, ईशान, बाण आदि के साथ चतुर्मुख और स्वयंभू का नाम लिया है।[१] पुनः महापुराण की ६९ वीं संधि में रामायण की कथा का वर्णन करने से पूर्व पुष्पदंत ने चतुर्मुख और स्वयंभू का स्मरण किया है। अपने आश्रयदाता भरत की इच्छाओं की पूर्ति के लिए उन्हें राम की कथा का वर्णन करना है किन्तु उनके पास कोई सामग्री नहीं है, जिसके आधार पर रामायण लिखकर वे पुराने (रामकथाकार) कवियों की बराबरी कर सकें। चतुर्मुख और स्वयंभू की बराबरी भला वे कैसे करें। क्योंकि

---

१ अकलंककविलकणयर मयाइं, दिय सुगय पुरंदरणयसयाइं।
दत्तिलविसाहलुद्धारियाइं, णउ णायइं भरह वियारियाइं।
णउ पीयइं पायंजल जलाइं, अइहास पुराणइं णिम्मलाइं।
भावाहिउ भारवि भासु वासु, कोहलु कोमलगिरु कालियासु।
चउमहु सयंभु सिरिहरिसु दोणु, णालोइव कइ ईसाणु वाणु॥
—महापुराण भाग १, १-९-१-५ पृ० ९

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वयंभू कविराज और महाचार्य हैं तथा सुजन मित्रों से घिरे रहते हैं। चतुर्मुख चार मुख वाले हैं। सुकवियों के क्षेत्र में भला उनसे श्रेष्ठ कौन हो सकता है? वे स्वयं एक मुख वाले तो हैं ही, साथ ही खंडित मुख वाले हैं तथा दुर्जनों से निरन्तर घिरे रहते हैं। केवल सुकवियों द्वारा निर्मित मार्ग पर चल कर वे काव्य करने की धृष्टता कर रहे हैं।[१]

महाकवि पुष्पदंत के उल्लेखों से स्पष्ट है कि चतुर्मुख की गणना संस्कृत, पालि प्राकृत और अपभ्रंश के श्रेष्ठ कवियों में होती थी। रामकथा वर्णन के प्रारम्भ में वे केवल स्वयंभू और चतुर्मुख दो ही कवियों का उल्लेख करते हैं। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि पुष्पदंत के पूर्व अपभ्रंश में केवल इन्हीं दो कवियों ने राम काव्य लिखा था। दोनों के काव्य उच्चकोटि के थे। सम्भवतः नवीनता और मौलिकता की स्थापना के लिए उन्होंने रामकथा की उस परम्परा को छोड़ दिया, जिसे लेकर चतुर्मुख और स्वयंभू चले थे और अपनी रामकथा के अनेक प्रसंगों में उन्होंने परिवर्तन कर दिया। इससे भी इस वात का संकेत मिलता है कि चतुर्मुख और स्वयंभू ने अपने काव्यों को काव्य-कौशल की चरम सीमा पर पहुँचा दिया था।

हरिषेण (११ वीं शताब्दी) ने अपनी धम्मपरिक्खा (धर्म परीक्षा) नामक ग्रंथ की आदि प्रशस्ति में चतुर्मुख, स्वयंभू और पुष्पदंत का उल्लेख किया है, और कहा है कि चतुर्मुख के मुख में नित्य सरस्वती का वास था।[२]

नयनन्दी ने ११ वीं शताब्दीं में सुदर्शन चरित तथा सयल-विहि-विहाण (सकल विधि-विधान) नामक काव्यों की रचना की। सकल विधि-विधान की आदि प्रशस्ति में उन्होंने अपने पूर्ववर्ती चालीस से अधिक उच्चकोटि के कवियों और आचार्यों का नामोल्लेख किया है। उन्होंने मनु, याज्ञवल्क्य, वाल्मीकि, व्यास, वररुचि, वामन, कालिदास, कौतूहल, वाण, मयूर, जिनसेन, वारायण, श्रीहर्ष, राजशेखर, यशचन्द, जयराम, जयदेव, पादलिप्त, पाणिनि, प्रवरसेन, पतंजलि, पिंगल, वीरसेन, सिंहनन्दी, गुणसिंह, गुणभद्र, समंतभद्र, अकलंक, रुद्र, गोविन्द, भामह, दंडी, भारवि, भास, चतुर्मुख, स्वयंभू, पुष्पदन्त, श्रीचन्द्र,

---

१ सामग्गिण एक्क वि अत्थि महु, किर कवण लीह चिर कइहिं सहुं।
कइराइ सयंभु महायरिउ, सो सयण सहासहिं परियरिउ।
चउमुहहु चयारि मुहाइं जहिं, सुकइत्तणु सीसउ काइं तहिं।
महु एक्कु तपि मुहुं खंडियउं, विहिणा पेसुण्णउं मडियउं।
मइं छंदु ण लक्खणु भावियउं, अप्पउं जणि हासउ पावियउ।
वुहहियवइ जइ वि ण पइसरमि, धिट्ठत्तें तइ वि कव्वु करमि॥
—म० पु० भाग २, १-४-९ पृ० ३६८

२ चउमुहु कव्व-विरयणि सयंभुवि। पुप्फयंतु अण्णाणु णिसुंभिवि।
तिण्णिवि जोग्ग जेण तं सीसइ। चउमु-मुहेथिय तान सरासइ॥
—धम्मपरिक्खा १-५-८

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रभाचन्द्र, श्रीकुमार और सरस्वतीकुमार आदि विभिन्न जैन-अजैन कवियों का स्मरण किया है।[1]

दशवीं-ग्यारहवीं शताब्दी के कवि धवल ने हरिवंशपुराण (रिट्ठणेमिचरिउ) नामक विशाल काव्यग्रंथ (अप्रकाशित) की रचना की है। अन्य कवियों की भांति उन्होंने भी अपने काव्य में पूर्ववर्ती कवियों का स्मरण किया है। ग्रंथ के प्रारम्भ में उन्होंने चतुर्मुख को हरिवंशपुराण का कर्त्ता कहा है।

हरि पंडुवाण कहा चउमुह-वासेंहि भासियं जह या।
तह विरयमि लोयपिया जेण णं णासेइ दंसणं पउरं[2] ॥२॥

यहाँ चतुर्मुख-वासेंहि शब्द का शिष्ट प्रयोग इस बात को सिद्ध करता है कि व्यास की भांति चतुर्मुख ने भी महाभारत की कथा के आधार पर हरिवंशपुराण (हरिपाण्डवानाम् कथा) की रचना की थी। इन्हीं प्रशस्तियों में उन्होंने अन्यत्र चतुर्मुख को पद्मचरितकार भी कहा है।

सालिहद्द कय जीयउ देदउ, लोए चउमुह-दोण पसिद्धउ।
एक्कहि जिणसासणे अच्छलियउ, सेढु महाकइ जसु णिम्मलियउ।
पउमचरिउ जि भुवणि पयासिउ, साहुणरेहि णरवरहिं पसंसिउ ॥[3]

इन पंक्तियों से स्पष्ट है कि चतुर्मुख और द्रोण दोनों काव्यजगत के परिचित व्यक्ति थे। चतुर्मुख, द्रोण और सेढुकवि (कविश्रेष्टी ?) ने एक ही जिन-शासन से सम्बन्धित कथा के आधार पर 'पउमचरिउ' की रचना की। आश्चर्य है कि कवि धवल ने प्रसिद्ध पउमचरिउकार स्वयंभू का नाम स्मरण नहीं किया है। किन्तु इतना तो स्पष्ट ही है कि ११ वीं शती तक चतुर्मुख के 'पउमचरिउ' और हरिवंश पुराण की पूर्ण प्रसिद्धि मिल चुकी थी।

ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी के कवि अब्दुल रहमान ने अपने 'संदेशरासक' नामक प्रसिद्ध काव्य में चतुर्मुख का उल्लेख किया है। जैन कवियों का बार-बार चतुर्मुख आदि

---

[1] मणु जण्णवक्कु वामीउ वासु। वररुइ वामणु कवि कालियासु।
कोऊहलु वाणु मयूर सूरु। जिणसेण जिणागम कमलसूरु।
वारायणु वरणाउ वि वियट्ठ, सिर हरिसु रायसेहरु गुणट्ढु।
जसइंधु जए जयराम णामु, जयदेउ जणमणाणंद-कामु।
पालित्तउ पाणिणि पवरसेणु, पायंजलि पिंगलु वीरसेणु।
सिरि सिंहनन्दि गुणसिंह भद्द, गुणभद्द गुणिल्लु समंतभद्दु।
अकलंकु विसमवाइयविहंडि, कामद्दु रुद्दु गोविन्द दंडि।
भम्मुह भारह भारवि महंतु। चउमुहु सयंभु कइ पुप्फयंतु।
सिरि चंद पहाचंदु वि विवुह, गुणगणणंदि मणोहरु।
सिरि कुमार सरसइ कुमरु-विलासिणि-सेहरु ॥—सयल विहि विहाण ४। जैन प्रशस्ति संग्रह पृ० २५ पर उद्धृत

[2] जैन प्रशस्ति संग्रह, पृ० ११

[3] वही, पृ० १२

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को स्मरण करना साम्प्रदायिक परम्परा भी कही जा सकती है। किन्तु अब्दुल रहमान ने जैन न होते हुए भी उनका स्मरण किया है। उन्होंने काव्य लिखने की आकांक्षा प्रकट करने के साथ ही बड़ी नम्रता के साथ अपने स्वाभिमान की भी अभिव्यंजना की है कि यदि भरत के भाव और छंदों में कुशल नवरंग चंगिमा तरुणी नृत्य करती है, तो क्या इसका यह अर्थ हुआ कि कोई ग्रामीणा वाला ताली के शब्द पर नृत्य ही न करे? जिसके पास जितनी काव्य-शक्ति है, उसे उन्मुक्त रूप से अभिव्यक्त करना ही चाहिए। क्या चतुर्मुख ने काव्य शक्ति का प्रदर्शन कर दिया तो शेष लोगों को ऐसा नहीं करना चाहिए?

जइ भरहभावछंदे णच्चइ णवरंग चङ्गिमा तरुणी।
ता किं गाम गहिल्ली ताली सद्दे ण णच्चेइ ॥१५॥
जा जस्स कव्वसत्ती सा तेण अलज्जिरेण भणियव्वा।
जइ चउमुहेण भणियं ता सेसा मा भणिजन्तु ॥१७॥

अब्दुल रहमान के इस उल्लेख से स्पष्ट है कि चतुर्मुख की रचनाओं ने जैन-अजैन समस्त अपभ्रंश कवियों को अपनी ओर आकर्षित किया था। ग्यरहवीं-बारहवीं शताब्दी तक वे निश्चित रूप से अपभ्रंश के महानतम कवियों में गिने जाने लगे थे।

श्रीचन्द ने अपने 'रत्नकरंडश्रावकाचार्य' (रचना वि० सं० ११२३) में चतुर्मुख का नाम स्मरण किया है।[१] देवसेन गणि ने 'सुलोचना चरित' (सं० ११३२) में भारतीय साहित्य के महान् कवियों के साथ चतुर्मुख का नामोल्लेख किया है।[२] अन्यत्र उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अपभ्रंश में चतुर्मुख स्वयंभू और पुष्पदंत ही सच्चे वाणी-पुत्र थे। चतुर्मुख और स्वयंभू आदि प्रमुख कवियों ने जिसकी रक्षा की, पुष्पदंत ने जिसका दोहन किया, उस सरस्वती रूपी गौ के दुग्ध का पान देवसेन ने किया।

चउमुह सयंभू पमुहेंहिं रक्खिय दुहिय जा पुप्फ यंतेण।
सुरसइ सुरहीए पयं पियं सिरि देवसेणेण ॥ १०-१।

पं० लाखू या लक्ष्मण ने सं० १२७५ में 'जिनदत्त चरित' की रचना की। ग्रंथ की आदि प्रशस्ति में उन्होंने परम्परागत रूप से अपने पूर्ववर्ती अकलंक, चतुर्मुख, कालिदास, श्रीहर्ष, व्यास, द्रोण, वाण, ईशान, पुष्पदंत, स्वयंभू, बाल्मीकि आदि का स्मरण किया है।[३]

---

[१] चउमुहु चउमुहु व पसिद्धु भाइं, कइराइ सयंभु सयंभु नाइं।
तह पुप्फयंतु निम्मुक्क दोसु, वणिज्जइ किं सुअए वि कोसु।
सिरि हरस कालियास इ सार, अवरवि को गणइं कइत्तकार।
—रत्न क० श्रावकाचार्य, १.२।

[२] जहिं वम्मीय वास सिरि हरिसहिं, कालियास पमुहहि कइ सरिसहिं।
वाण-मयूर-हलिय-गोइंदहिं, चउमुहु अवरु सयंभु कइंदहि।
पुप्फयंत भूवाल पहाणहिं, अवरेहिमि बहु सत्थ वियाणहिं॥
—सुलोचना चरित २-४-५।

[३] णिक्कलंकु अकलंकु चउम्मुहो, कालियास सिरि हरिसु कयसुहो।
वय विलासु कइ वासु असरिसो, दोणु वाणु ईसाणु सहरिसो।
पुप्फयंतु सुसयंभु मल्लऊ, वालम्मीउ समइं सुरसिल्लऊ।
इय कईउ भो मइ ण दिट्ठिया, फुरइ केम मुहु मइ वरिट्ठिया॥
—जिणदत्त चरित १-६।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

धनपाल के 'बाहुवलि चरित' (वि० सं० १४५४) में सेढ़ि कवि को पद्मचरितकार कहा गया है और चतुर्मुख, द्रोण, स्वयंभू, पुष्पदंत वीर आदि को मणियों के समान (ज्ञान का) प्रकाश करने वाला ।[१]

पन्द्रहवीं शताब्दी में महाकवि रइधू ने 'सम्मइ जिण चरिउ' (अप्रकाशित) में चतुर्मुख, द्रोण, स्वयंभू, पुष्पदंत वीर आदि कवियों का उल्लेख किया है। संयोगवश इस पुस्तक में इन कवियों से सम्बन्धित जो पक्तियाँ मिलती हैं, वे उसी काल के कवि धनपाल के 'बाहुवलि चरिउ' में भी अक्षरशः मिल जाती हैं।

चउमुहु दोणु सयंभुकइ, पुप्फयंतु पुणु वीर भणु ।
ते णाणा दुमणि उज्जोययरा हउं दीवोवमु हीण-गुणु[२] ।

इस तरह नवीं शताब्दी से १५वीं शताब्दी तक अपभ्रंश के समस्त प्रमुख कवियों के काव्यों की आद्य प्रशस्तियों में चतुर्मुख के उल्लेख मिलते हैं। सबने उन्हें वाल्मीकि, व्यास, कालिदास, द्रोण, स्वयंभू, पुष्पदंत आदि कवियों की पंक्ति में बैठाया है। ये सब संस्कृत तथा अपभ्रंश के सर्वश्रेष्ठ कवि हैं। अतः चतुर्मुख की महानता में संदेह के लिए कोई स्थान नहीं रह जाता। विभिन्न कवियों के उल्लेखों से स्पष्ट है कि उन्होंने 'पउमचरिउ', 'हरिवंश पुराण' और 'पंचमीचरिउ' नामक तीन महान् काव्यों की रचना की थी।

चतुर्मुख के आविर्भाव-काल का उल्लेख कहीं नहीं मिलता। स्वयंभू के उल्लेखों से स्पष्ट है कि वे उनके पूर्व किसी समय हुये होंगे। स्वयंभू को विद्वानों ने ९वीं शताब्दी का कवि सिद्ध किया है। उस समय तक चतुर्मुख पूर्ण ख्याति-लब्ध हो चुके थे। स्वयं स्वयंभू उनके पद्धड़िया-बद्ध प्रयोगों से प्रभावित थे। अपने छंदोग्रंथ में उन्होंने उनके अनेक छंदों को उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत किया है। अतः वे ७वीं-८वीं शताब्दी के कवि माने जा सकते हैं। दंडी (७वीं शताब्दी) ने अपने 'काव्यादर्श' में आसार-बद्ध अपभ्रंश काव्यों की चर्चा की है।[३] यों तो ७वीं-८वीं शताब्दी के अपभ्रंश के मुक्तक पद मिल जाते हैं, किन्तु अब तक उस काल की कोई प्रबंध रचना उपलब्ध नहीं हो सकी है। 'आसार-बद्ध' काव्य प्रबंध काव्य ही हो सकते हैं। स्वयंभू के पूर्व केवल चतुर्मुख का ही प्रबंधकार कवि के रूप में उल्लेख मिलता है। अतः सम्भव है कि दंडी ने चतुर्मुख की ही रचनाओं को देखा हो जिसके आधार पर उन्होंने 'आसार-बद्ध' काव्यों की चर्चा की है। किन्तु यह केवल अनुमान मात्र ही है। अपने काव्य के प्रकाश से समस्त परवर्ती कवियों को अभिभूत और चमत्कृत करने वाला यह महाकवि आज भी अज्ञात कुल शील ही है। सम्भव है कि भविष्य में किसी जैन भंडार में उनके काव्य कभी मिल जाँय।

---

[१] वर पउमचरिउ किउ सुकइ सेढि, इय अवर जाय धरवलय पीढ़ि ।
चउमुंहु दोणु सयंभु कइ, पुप्फयंतु पुणु वीर भणु ।
तेणाण दुमणि उज्जोय कर, हउ दीवो वमु हीणु गुणु ।।
—बाहुबलि चरित १-८ ।

[२] सम्मइ जिण चरिउ—आदि प्रशस्ति, ९ ।

[३] संस्कृत सर्गबद्धादि प्राकृतं स्कंधकादियत् ।
ओसरादि अपभ्रंशो, नाटकादि तु मिश्रकम् ।। —काव्यादर्श, १-३७ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अभिवादन

शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी

यह एक स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है कि मानव अपने से ज्येष्ठ व्यक्ति के प्रति अपनी शारीरिक चेष्टाओं के द्वारा आदर प्रकट करता है। संस्कृत में प्रणाम, नमस्कार, नमस्ते, उपस्थान, अर्चन, प्रणिपात, स्वागत इत्यादि अनेक शब्द भारतीयों के इस आचरण को प्रकट करने के लिए प्रयुक्त होते हैं। अनेक स्थानों में इन शब्दों के अधिकारियों और प्रयोग के विषय में भी व्यवस्था मिलती है कि किस श्रेणी के मनुष्यों के बीच किस शब्द का व्यवहार चलना चाहिए। प्रणाम शब्द प्रायः अपने से बड़े, पूज्य और महनीय व्यक्ति के लिए प्रयोग में लाया जाता है। प्रणिपात शब्द भी प्रायः उसी कोटि का है। नमस्कार का प्रयोग प्रायः समवयस्क या थोड़ा फर्क रखने वाले मनुष्यों के बीच होता है। अर्चन, पूजन, उपस्थान आदि कतिपय शब्द ऐसे हैं जो ईश्वरीय श्रद्धा में प्रयुक्त देखे जाते हैं। वैदिक साहित्य में उपस्थान शब्द का प्रयोग बाहुल्य से उपलब्ध है। सूर्योपस्थान सन्ध्योपासन का अनिवार्य अंग है। उसका अर्थ होता है सूर्य का अभिवादन।

विद्यार्थी को सर्वदा विनम्र और अभिवादनशील होना चाहिए। भारतीय आचार-शास्त्र के आदि निर्माता मनु कहते हैं—

> **"अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः।**
> **चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्॥"**
>
> —मनुस्मृति २ अध्याय

जो अभिवादनशील होता है और जो वृद्धों की सेवा-शुश्रूषा में तत्पर रहता है, उसे चार प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होते हैं—उसकी आयु बढ़ती रहती है, विद्या भी वृद्धि को प्राप्त होती रहती है, उसका यश भी फैलता है और उसमें शारीरिक शक्ति भी संचित होती रहती है।

गीता में कृष्ण भगवान् ने भी विद्या प्राप्ति के तीन साधन बतलाये हैं। बात यह है कि ज्ञान के धनी क्षुद्र द्रव्यादि उपायों के वश में तो आ नहीं सकते। जो निर्मल ज्ञान धारण किये हुए हैं, स्थितप्रज्ञ हैं, वही गुरु हैं, तत्त्ववेत्ता हैं। उनसे प्राप्त किया हुआ ज्ञान शिष्य को ओजस्वी और बलवान् बनाता है। परन्तु उस उच्चकोटि में अनुप्रविष्ट पुरुषों को किसी प्रलोभन में डाल कर तो ज्ञान प्राप्त किया नहीं जा सकता, उनके सामने तो विनीत होकर अपनी पात्रता सिद्ध करनी होती है। भगवान् कृष्ण कहते हैं—

> **"तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया**
> **उपदेक्ष्यन्ति ते ज्ञानं ज्ञानिनस्तत्वदर्शिनः"**

इस श्लोक में कहा गया है कि तत्त्वदर्शी और ज्ञानी गुरु से ज्ञान प्राप्त करने के तीन साधन हैं जिन्हें अपनाकर शिष्य ज्ञान ज्योति को प्राप्त कर सकता है। इनमें सर्वप्रथम है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

